चैत्र कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 27 मार्च 2024
वर्ष-2, अंक-229, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अलनीनो ने तेजी से बढ़ाया समुद्र का जलस्तर 18

...मां ने घर से निकाल देने की दी थी धमकी 17


# मोदी ने संदेशखालि पीड़ित प्रत्याशी से की बात, बताया शक्ति स्वरूपा

नई दिल्ली, एजेंसी



- रेखा पात्रा ने टीएमसी नेताओं के शोषण का मुद्दा उठाया था

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बशीरहाट लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रेखा पात्रा से बात की, जिन्होंने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन उत्पीडन का मुद्दा उठाया था। पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी।

टीएमसी नेता शाहजहां शेख के कथित अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाली पात्रा ने संदेशखालि की महिलाओं की पीड़ा सुनाई। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि टीएमसी समर्थकों ने शुरू में भाजपा से उनकी उम्मीदवारी का विरोध किया, लेकिन अब उनका समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह कुछ ऐसा करेंगी कि जिससे लोगों को यहीं रोजगार मिले। प्रधानमंत्री ने उन्हें 'शक्ति स्वरूपा' कहकर संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आपने संदेशखालि में लड़ाई लड़ी, आप 'शक्ति स्वरूपा' हैं...। उन्हें जनता तक यह संदेश ले जाना चाहिए कि टीएमसी सरकार राज्य के लोगों के खिलाफ कैसे काम कर रही है।

### पिछले चुनाव में यहां से टीएमसी को मिली थी जीत

बशीरहाट, पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीट में से एक है। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से तृणमूल कांग्रेस को जीत मिली थी। तृणमूल कांग्रेस से निलंबित शेख और उसके कुछ सहयोगियों को ईडी अधिकारियों पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है और वे सीबीआई की हिरासत में हैं।

## हिंदू हर मंगलवार को पूजा और मुसलमान शुक्रवार को वहां पढ़ सकते हैं नमाज

# एएसआई सर्वेक्षण के दौरान हिंदुओं ने भोजशाला में की पूजा

धार, एजेंसी

मध्य प्रदेश के धार जिले में विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर में मंगलवार को हिंदुओं ने पूजा-अर्चना की। साथ ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने कोर्ट की ओर से निर्देशित सर्वेक्षण भी जारी रखा।

सात अप्रैल 2003 के एएसआई के आदेश के अनुसार हिंदुओं को हर मंगलवार को भोजशाला परिसर के अंदर पूजा करने जबकि मुसलमानों को शुक्रवार को वहां पर नमाज अदा करने की अनुमति दी गई है। सर्वेक्षण शुरू होने से पहले सुबह करीब 7.15 बजे हिंदू श्रद्धालु ऐतिहासिक परिसर में पहुंचे। 11 मार्च को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने एएसआई को छह सप्ताह के भीतर भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था। मध्यकालीन युग के इस स्मारक को हिंदू, देवी वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं और मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला मस्जिद कहता है। अदालत के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एएसआई की टीम ने 22 मार्च को आदिवासी बहुल जिले में विवादित परिसर में अपना सर्वेक्षण शुरू किया। भोज उत्सव समिति के उपाध्यक्ष बलवीर सिंह ने कहा कि एएसआई सर्वे से विवाद का बेहतर समाधान निकलेगा। उन्होंने दावा किया कि यह मां सरस्वती का मंदिर है और उन्होंने इसे हिंदुओं को देने की मांग की। इससे पहले, प्रसिद्ध पुरातत्वविद् केके मुहम्मद ने दावा किया था कि विवादास्पद परिसर मंदिर था और बाद में इसे इस्लामी पूजा स्थल में बदल दिया गया। माना जाता है कि एक हिंदू राजा भोज ने 1034 ई. में भोजशाला में वाग्देवी की मूर्ति स्थापित की थी। हिंदू समूहों का कहना है कि अंग्रेज इस मूर्ति को 1875 में लंदन ले गए थे।



- 7 अप्रैल 2003 के एएसआई ने दिया था आदेश

### भोजशाला में एएसआई का सर्वेक्षण जारी

भोजशाला परिसर में एएसआई विभाग का दल सुरक्षा प्रबंधों के बीच पहुंचा। भोजशाला परिसर में हिंदू सरस्वती देवी का मंदिर मानकर पूजा-अर्चना करते हैं, जबकि मुस्लिम इसे इबादतस्थल मानते हैं। यह व्यवस्था 20 वर्ष पहले बनाई गई थी। हाल ही में राज्य उच्च न्यायालय ने एएसआई को भोजशाला का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया है। एएसआई की टीम ने पिछले सप्ताह से सर्वेक्षण की कार्रवाई प्रारंभ की। होली के अवकाश के बाद मंगलवार को फिर से टीम ने सर्वेक्षण शुरू कर दिया है।









## एक नजर

### सीआईएससीई की 12वीं मनोविज्ञान की परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) ने 12वीं कक्षा की मनोविज्ञान की परीक्षा स्थगित कर दी। परीक्षा से एक दिन पहले एक केंद्र से प्रश्नपत्र के पैकेट खो जाने के बाद ये परीक्षा स्थगित करने की मंगलवार को घोषणा की गई। सीआईएससीई ने बताया कि अब यह परीक्षा चार अप्रैल को अपराह्न दो बजे आयोजित की जाएगी। बोर्ड की उप सचिव संगीता भाटिया ने बताया कि एक परीक्षा केंद्र ने 12वीं कक्षा के मनोविज्ञान विषय के प्रश्नपत्र के खो जाने की सूचना दी है।

### भाजपा उम्मीदवारों की छठी सूची जारी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपनी छठी लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में राजस्थान और मणिपुर के उम्मीदवारों के नाम हैं। इससे पहले रविवार को भाजपा ने अपनी पांचवीं लिस्ट जारी की थी। इस सूची में यूपी-बिहार समेत तमाम अन्य राज्यों के उम्मीदवारों के नाम थे। पांचवी सूची में अभिनेत्री कंगना रनौत को बीजेपी ने हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से उम्मीदवार बनाया, जबकि यूपी की पीलीभीत सीट से वरुण गांधी का टिकट कट गया है। उनकी जगह जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा, कुरुक्षेत्र सीट से बीजेपी ज्वाइन करने वाले नवीन जिंदल को उतारा गया है।

# अकाली दल से नहीं बनी बात पंजाब में अकेले लड़ेगी भाजपा

## पंजाब भाजपा के अध्यक्ष ने सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की

नई दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी



- पंजाब के बेहतर भविष्य के लिए पार्टी ने लिया ये फैसला : जाखड़

पंजाब में भाजपा ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया। शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन न होने पर पार्टी ने यह फैसला लिया है। कई दिनों से ये माना जा रहा था कि दोनों दल साथ चुनाव लड़ेंगे, लेकिन अब पंजाब के बीजेपी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने साफ कर दिया है कि पंजाब की सभी सीटों पर पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। जाखड़ ने कहा कि पंजाब के बेहतर भविष्य के लिए पार्टी ने ये फैसला लिया है।

अकाली दल ने बीजेपी के सामने दो मुद्दे रखे थे, इनमें से पहला था किसानों को एमएसपी दिया जाना और दूसरा था बंदी सिखों पर फैसला लेने का। सजा पूरी होने के बावजूद बंदी सिखों की रिहाई की मांग अकाली दल लंबे समय से करता आ रहा है। करीब डेढ़ महीने से पंजाब हरियाणा बॉर्डर पर किसान एमएसपी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं और अकाली दल चाहता था कि इस मुद्दे का भी हल निकाला जाए। 2020 में कृषि कानूनों को लेकर किसान प्रदर्शन कर रहे थे तभी अकाली दल और बीजेपी अलग हो गए थे। 2020 में तीन कृषि कानून के खिलाफ किसानों का गुस्सा बढ़ता जा रहा था अकाली दल के खिलाफ भी किसान उतर आए थे। शिअद को नुकसान होता देख पार्टी ने बीजेपी से किनारा कर लिया था। 2022 के विधानसभा चुनाव दोनों पार्टियों ने अलग-अलग लड़े थे। लोकसभा चुनाव में दोनों के गठबंधन के कयास लगाए जा रहे थे।

### हमारे लिए संख्या बल नहीं, सिद्धांत महत्वपूर्ण : शिअद



भाजपा फैसले के बाद शिरोमणि अकाल दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि उनकी पार्टी के लिए संख्या बल से अधिक महत्वपूर्ण सिद्धांत हैं। उन्होंने वोट की राजनीति पर राष्ट्रीय पार्टियों को आड़े हाथ लिया। बादल ने कहा, शिअद कोई साधारण राजनीतिक दल नहीं है। 103 साल पुरानी शिरोमणि अकाली दल की जिम्मेदारी पंजाब एवं कौम की सुरक्षा, शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की है। अकाली दल का गठन सरकार बनाने के लिए नहीं हुआ था।

### भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू



**नई दिल्ली।** पंजाब से तीन बार कांग्रेस के सांसद रहे रवनीत सिंह बिट्टू मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। बिट्टू ने दावा किया कि लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को फिर से सत्ता में लाने का मन बना लिया है। बिट्टू पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं। बेअंत सिंह को राज्य में आतंकवाद विरोधी अभियान का नायक माना जाता है। पद पर रहते हुए आतंकवादी हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी। बिट्टू लोकसभा में लुधियाना का प्रतिनिधित्व करते हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य नेताओं की सराहना की।

# दिल्ली में सड़कों पर उतरी आप कई नेताओं को हिरासत में लिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत पार्टी के कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में
- आप नेताओं ने नारे लगाते हुए प्रधानमंत्री आवास की ओर कूच करने की कोशिश की

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी मंगलवार को यहां सड़कों पर उतरी और जब उसके कई नेताओं, कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पटेल चौक से लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री निवास की ओर कूच करने की कोशिश की तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

राष्ट्रीय राजधानी को किले में तब्दील किए जाने का दावा करते हुए आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस तरह केंद्र सरकार ने शहर में धारा 144 के तहत पाबंदियां लगाई हैं, उससे ऐसा लगता है कि दिल्ली 'पुलिस राज्य' बन गई है। पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास के आसपास के इलाके समेत राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में भी सुरक्षा कड़ी कर रखी है। पुलिस ने अपने कर्मियों के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों को तैनात किया है। लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन बंद कर दिया गया है जबकि पटेल चौक और केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशनों पर भी अगले आदेश तक प्रवेश एवं निकास संबंधी बंदिशें लगाई गई हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती, दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, और पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत पार्टी के कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। राय ने कहा कि पुलिस बल का प्रयोग करने से यह आंदोलन नहीं रुकेगा।

उन्होंने दावा किया कि पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं को घसीटा गया और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। आप कार्यकर्ता सुबह से ही समूह में पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचने लगे क्योंकि पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक कल्याण मार्ग स्थित आधिकारिक आवास को घेरने के लिए मार्च का आह्वान किया था। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि पटेल चौक क्षेत्र में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगी है, हम यहां किसी को इकट्ठा होने की इजाजत नहीं देंगे।

इस चेतावनी के बाद राय ने कहा कि इस देश में तानाशाही के खिलाफ लड़ाई उन लोगों का संघर्ष है जिन्हें लोकतंत्र एवं संविधान पसंद है। उन्होंने घोषणा की कि 31 मार्च को यहां रामलीला मैदान में होने वाली महारैली की तैयारी चल रही है। राय ने कहा कि इस रैली में लाखों लोग मौजूद रहेंगे तथा विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेता केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आवाज उठायेंगे। आप के वरिष्ठ नेता भारती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किए पोस्ट में कहा कि पुलिस ने उन्हें दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष एवं मंगोलपुरी से पार्टी की विधायक राखी बिड़लान के साथ हिरासत में ले लिया है। भारती ने कहा "यह देखकर हैरानी होती है कि दिल्ली पुलिस शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे 'आप' समर्थकों को गिरफ्तार कर रही है, जबकि भाजपा को रोकने के लिए कुछ नहीं कर रही है।

# राम मंदिर परिसर में एके 47 से चली गोली, पीएसी कमांडो की हालत गंभीर

अयोध्या कार्यालय

- गोली सीने से पार, घटना के बाद हलचल, छानबीन में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि परिसर में मंगलवार की शाम एक पीएसी कमांडो को एके-47 की गोली लग गई। गोली उसके बाई तरफ छाती से होते हुए पार हो गई। गंभीर हाल में कमांडो को श्रीराम अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर ले जाया गया। घायल कमांडो को लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

लखनऊ की 32 बटालियन पीएसी के जवानों की ड्यूटी राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में लगाई गई है। इसी बटालियन के ए दल के प्लाटून कमांडर रामप्रसाद (50) पुत्र अवसान कमांडो के रूप में तैनात थे। मंगलवार शाम लगभग 6 बजे कमांडो को परिसर स्थित पीएसी पोस्ट में ही संदिग्ध हाल में एक-47 की गोली लग गई। मौके पर मौजूद साथी जवान व परिसर की सुरक्षा में तैनात कर्मियों ने परिसर में फायरिंग की आवाज सुनी तो हलचल मच गई। आस-पास के लोग दौड़े और मामले की जानकारी अधिकारियों को दी। साथी जवानों ने घायल कमांडो को तत्काल श्रीराम अस्पताल पहुंचाया। श्री राम अस्पताल के इमरजेंसी ड्यूटी पर चिकित्सक ने कमांडो को तत्काल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर पहुंचने पर डाक्टरों ने परीक्षण और एक्सरे कराया तो पता चला की गोली आरपार हो गई है। हालत गंभीर देख कमांडो को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायल कमांडो मूल रूप से परिक्षेत्र के अमेठी जनपद स्थित जायस थाना क्षेत्र के अचलपुर गांव का निवासी है। लगभग 6 माह से यहां राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात था।

राम जन्मभूमि थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडे ने बताया कि पोस्ट में ही असलहा साफ करने के दौरान गोली चलने से कमांडो घायल हुआ है। एसपी सुरक्षा पंकज पांडेय ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# अमरोहा : भाजपा नेता अजीत चौधरी ने तमंचे से गोली मारकर की आत्महत्या



**अमरोहा।** पंडित दीनदयाल नगर कॉलोनी में किराये के मकान में रह रहे भाजपा नेता अजीत चौधरी ने तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तमंचा बरामद किया है। अजीत चौधरी मूल रूप से डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव वासीपुर गांव के रहने वाले थे। वह भाजपा में जोया मंडल के महामंत्री रहे। उन्होंने दो बार जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ा था। परिजनों ने बताया कि सोमवार को उन्होंने परिवार वालों के साथ होली मनाई। रात 10 बजे वह घर की छत पर गए। यहां उन्होंने पहले हवाई फायर किया। इसके बाद अपने सीने में तमंचा से गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर पत्नी सिंपल छत पर पहुंची तो अजीत को लहूलुहान हालत में देखकर होश उड़ गए। पत्नी के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों की भीड़ जमा हो गई। अजीत को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# मुख्तार अंसारी बीमार, इलाज कराकर वापस भेजा बांदा जेल

कार्यालय संवाददाता,बांदा



- सोमवार आधी रात के बाद आईसीयू में भर्ती कराया, कराई गईं एक दर्जन जांचें

**अमृत विचार :** बांदा जेल में बंद गैंगस्टर मुख्तार अंसारी को सोमवार आधी रात तबियत बिगड़ने पर जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। अंसारी को आईसीयू में रखकर एक दर्जन जांचें कराई गईं। मंगलवार देर शाम उसे जेल में भेज दिया गया।

मुख्तार अंसारी की सोमवार रात अचानक हालत बिगड़ी तो जिला जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर तत्काल कड़ी सुरक्षा के बीच नरैनी रोड स्थित रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने अंसारी को आईसीयू में रखकर तमाम जांचें कराईं। मेडिकल कॉलेज से जारी बुलेटिन के अनुसार पेट में दर्द होने पर मुख्तार को भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद मंगलवार देर शाम उसे वापस जेल भेज दिया गया। खबर मिलते ही भाई अफजाल अंसारी, बेटा उमर अंसारी मिलने के लिए सुबह बांदा आए। अंसारी का एक चचेरा भाई भी आया। प्रशासनिक अधिकारियों ने सिर्फ अफजाल अंसारी को ही उससे मिलने दिया। बेटे उमर का आरोप था कि वह 900 किलोमीटर की दूरी से पिता से मिलने आया, लेकिन प्रशासन ने पिता से नहीं मिलने दिया, वह सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा।

# पुजारी की धारदार हथियार से हत्या, मंदिर में मिला शव

कार्यालय, संवाददाता, सीतापुर

- चौरासी कोसी परिक्रमा से वापस आने पर हुई हत्या

**अमृत विचार:** रामकोट थाना इलाके में रामेश्वर धाम गंगासागर मंदिर पर सोमवार को पुजारी (सेवादार) की हत्या से सनसनी फैल गई। पुजारी का शव खून से लथपथ अवस्था में मंदिर परिसर में ग्रामीणों ने देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस और एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किया। शरीर पर धारदार हथियार से वारकर हत्या किये जाने के निशान मिले हैं।

कस्बा निवासी संकुल उर्फ हिमांशु मिश्रा उम्र (38) पुत्र मुलई मिश्रा कस्बे के तीर्थ पर स्थित मंदिर पर पिछले 5 सालों से पुजारी (सेवादार) का काम करते थे। ग्रामीणों ने बताया कि वह पिछले एक हफ्ते से मंदिर पर दिखाई नहीं दिए। पुजारी की माता राधा रानी ने बताया कि वह 84 कोसी परिक्रमा करने के लिए गए थे। वहां से रविवार की देर रात लगभग 1 बजे वापस आए थे। सोमवार सुबह जब पूजा करने के लिए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे तो हिमांशु का खून से लथपथ शव देखकर हालत खराब हो गई। पुजारी के गर्दन और चेहरे पर धारदार हथियार के निशान मिले हैं।

# के. कविता को तिहाड़ जेल ले जाया गया



**नई दिल्ली।** अदालत के आदेश के बाद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को तिहाड़ जेल ले जाया गया। अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर उन्हें नौ अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जिसमें संघीय जांच एजेंसी ने कहा था कि यदि अति प्रभावशाली के. कविता को रिहा किया गया तो उनके द्वारा गवाहों को प्रभावित करने के अलावा सबूतों से छेड़छाड़ किए जाने की आशंका है।

# होली के बाद आज से चुनाव अभियान में उतरेंगे मुख्यमंत्री

## पश्चिमी उप्र. के कई जिलों में योगी आदित्यनाथ करेंगे प्रबुद्ध सम्मेलन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 27 से 31 मार्च तक 5 दिनों में 15 जिलों में प्रबुद्ध जनों के साथ ही आम लोगों से भी होगा योगी का संवाद

**अमृत विचार :** गोरखपुर में रहकर होली मनाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार से लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में उतरने को तैयार हैं। दरअसल, लोकसभा आम चुनावों की घोषणा के बाद से ही शांत नजर आ रहे योगी अब नयी ऊर्जा के साथ चुनावी रैलियों में दिखने वाले हैं।

हालांकि रैलियों में शामिल होने से पहले से बुधवार से इस माह के अंत तक योगी उप्र. के अंदर प्रबुद्ध सम्मेलनों के जरिए अलग-अलग जिलों में प्रबुद्ध लोगों से वार्तालाप करेंगे। इस दौरान वह सरकार द्वारा किए गए कार्यों का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उप्र. से होने जा रही है, जहां पहले कुछ चरणों में चुनाव भी होने वाला है। 31 मार्च तक प्रस्तावित इन सम्मेलनों के माध्यम से मुख्यमंत्री यहां लोगों के साथ संवाद स्थापित कर वह चुनावों से पूर्व 'फिर एक बार मोदी सरकार' के संकल्प की चुनावी जमीन तैयार करेंगे।

योगी के इन सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उप्र. से हो रही है। पहले चरण यानी 19 अप्रैल को सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में चुनाव होना है तो वहीं दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में चुनाव होना है।

### पांच दिन में 15 सम्मेलनों में लेंगे हिस्सा

भाजपा, उप्र. से जारी कार्यक्रम के अनुसार, योगी 27 से 31 मार्च तक यानी पांच दिनों में 15 जिलों को कवर करेंगे। उनके सम्मेलनों की शुरुआत बुधवार 27 मार्च को मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद से होगी। अगले दिन 28 मार्च को मुख्यमंत्री का बिजनौर, मुरादाबाद और अमरोहा में कार्यक्रम है। योगी 29 मार्च को शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में, 30 मार्च को बागपत (मोदीनगर), बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर में व 31 मार्च को बरेली, रामपुर और पीलीभीत में वह प्रबुद्ध सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

### मेरठ में 30 को मोदी, साथ होंगे जयंत चौधरी

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री मोदी 30 मार्च को मेरठ में रैली करेंगे। उसी मंच पर मोदी के साथ रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी भी होंगे। हालांकि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की प्रदेश भाजपा द्वारा अधिकारिक घोषणा न होने की वजह से कार्यक्रम में संशय बना हुआ है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने के बाद रालोद मुखिया पहली बार पीएम मोदी के साथ नजर आएंगे। मेरठ में मोदी की रैली से बागपत, मेरठ, बिजनौर की सीटों पर सीधा असर पड़ेगा।

## एक नजर

### रंग खेलने के बाद गुप्तारघाट स्नान करने गया युवक डूबा, मौत

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के गुप्तारघाट पर स्नान के दौरान एक युवक सरयू के गहरे पानी में डूब गया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। वह सोमवार को रंग खेलने के बाद दोस्तों के साथ घाट पर स्नान करने गया था। सोमवार को होली खेलने के बाद नगर कोतवाली क्षेत्र के कुछ युवक स्नान के लिए कैंट थाना क्षेत्र के गुप्तार घाट गए थे। स्नान के दौरान नगर कोतवाली क्षेत्र के देवकाली का निवासी सरन उर्फ ऋषभ गुप्ता 24 वर्ष पुत्र राजेश गुप्ता सरयू के गहरे जल में चला गया और डूब गया। युवकों ने गुहार मचाई तो घाट पर मौजूद गोताखोरों ने मशक्कत कर युवक को बाहर निकाला। जिला अस्पताल पहुंचाए जाने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की हुई मौत

**गोसाईगंज, अयोध्या।** कस्बे के पश्चिमी रेलवे क्रासिंग पर सोमवार को होली की सुबह बन्द बैरियर के बाद भी रेल लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अम्बेडकरनगर के बेलबना गांव निवासी (65) श्रीकांत दूबे अपने साथी तिलकधारी सिंह के साथ साइकिल से सरयू स्नान के लिए श्रृंगीऋषि आश्रम पर जा रहे थे। दोनो ठंडी सड़क स्थित रेलवे क्रासिंग पर पहुंचे तो क्रासिंग बन्द मिला। श्रीकांत बन्द क्रासिंग को पार करने लगे कि तभी अयोध्या की तरफ से अकबरपुर की तरफ जा रही रनथ्रू ट्रेन मऊ अनन्तविहार एक्सप्रेस आ गई। जिसकी चपेट में आकर उनकी मौत हो गई।

### पांच गांवों में सांसद की चौपाल आज

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** सांसद लल्लू सिंह द्वारा बुधवार को पूरा मंडल के पांच गांवों में चौपाल के माध्यम से लोगों से संपर्क स्थापित करेंगे। चुनाव संयोजक शिवनरायन तिवारी ने बताया कि 3 बजे खुशहाल गंज में राम जियावन वर्मा के आवास पर तो 4 बजे दतौली दलित बस्ती में, शाम 5 बजे मड़ना में तो 6 लक्ष्मी दासपुर में सुरेश दूबे के आवास पर, और 7 बजे जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल के आवास पर आयोजित चौपाल में उपस्थित लोगों से मुलाकात करेंगे।


होली की धूम — पुलिस लाइन में होली खेलने के बाद पुलिस कर्मियों ने जमकर डांस किया।


चौक घंटाघर पर राहगीरों पर रंग डालते लोग।


रिकाबगंज हनुमानगढ़ी पर डीजे पर थिरकते युवा। अमृत विचार

# शहर से गांव तक रंगों की बौछार, लोग हुए सराबोर

## डीजे की धुन पर थिरकते रहे युवाओं के पांव, रंग के तालाब में उतरे अफसर, पुलिसकर्मियों ने भी मनाई होली

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** होली पर शहर से गांव तक रंगों की बौछार रही। डीजे की धुन पर युवाओं के पांव घंटों थिरकते रहे। अबीर-गुलाल उड़े। शहर के चौक-चौराहे से गांव की गलियों तक की सड़कें रंग-बिरंगी हो गई। अफसर रंग के तालाब में उतरे तो थाने चौकियों में मंगलवार को होली की धूम रही। रंगों से सराबोर पुलिसकर्मी विविध धुनों पर थिरकते रहे।


रविवार रात 11 बजे होलिका दहन के साथ होली का आगाज हो गया। सुबह होते ही छोटे-छोटे बच्चे छत पर जम गए। हाथ में गुब्बारे और पिचकारी थी। आने-जाने वालों पर ऊपर से ही रंगों की बौछार कर रह थे। युवाओं पर होली का रंग चढ़ गया था। गली-मोहल्लों में डीजे की धुन के बीच युवा फव्वारों के नीचे खड़े होकर होली खेल रह थे।

शहर के रिकाबगंज हनुमानगढ़ी पर कपड़ा फाड़ व मटकी फोड़ होली खेली गई। जिला प्रशासन के अधिकारी भी होली के रंगों में सराबोर नजर आए। डीएम आवास पर जिलाधिकारी नितीश कुमार ने एसएसपी राजकरन नैय्यर अन्य प्रशासनिक अधिकारियों सहित अन्य के साथ होली खेली। यहां रंगों का तालाब बनाया गया था। होली के दिन सुरक्षा में जुटे पुलिसकर्मियों ने मंगलवार को रंग खेला। कोतवाली थाने व महिला थाने समेत पुलिस लाइन में डीजे के बीच पुलिसकर्मियों ने जमकर होली खेली। नाका हनुमानगढ़ी, नाका चुंगी, फतेहगंज, चौक, देवकाली, नियावां चौराहा, फतेहगंज समेत अन्य चौराहे रंगों से गुलजार दिखे। रंगो की बारिश में भीगते युवा मस्ती में थे। बाइक सवार युवाओं की टोलियां मुखौटे लगाकर घूम रही थी। दोपहर एक बजे के बाद घर में चूल्हा-चौका निपटाकर महिलाएं भी फागनी रंग में सराबोर होने के लिए पास पड़ोस के घरों के लिए निकल पड़ीं। तीन बजे के बाद रंग थमा तो अबीर गुलाल का दौर शुरू हो गया। होली मिलने के साथ गुलाल मलकर आनंद चरम पर था।


रिकाबगंज हनुमानगढ़ी चौराहे पर होलिका दहन के दौरान मौजूद लोग।

### भोजपुरी गानों की मस्ती में डूबे रहे युवा

होलिका दहन के बाद डीजे की धुन तेज हुई। उत्तेजक होली गीत बजे तो युवाओं के मन और पैरों ने थिरकना शुरू कर दिया। अबीर गुलाल उड़ाते सोमवार देर रात तक यह शहर की सड़कों पर होली मिल रहे थे। भोजपुरी से लेकर हॉलीवुड, बॉलीवुड तक के गाने पर युवा थिरकते देखे गए। होली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।


रामलला पर पुष्प वर्षा करते पुजारी।

## एबीवीपी के होली मिलन में उड़े अबीर-गुलाल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर ने होली मिलन का आयोजन किया। एक दूसरे अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। कवियों ने अपनी रचनाओं से लोगों को मंत्रमुग्ध कर लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महानगर संघ चालक प्रोफेसर विक्रम प्रसाद पांडे, राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय सह संपर्क प्रमुख मनोज ने किया। कार्यक्रम में पूर्व व वर्तमान कार्यकर्ताओं को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई। कवि दुर्गेश पांडे दुर्लभ और लोक गायिका कीर्ति मिश्रा ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। संचालन अनुजेंद्र तिवारी ने किया। रंगोत्सव में अयोध्या के प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, भाजपा नेता नीरज श्रीवास्तव रिंकू, पवन तिवारी, अवधेश वर्मा, प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह, रंजीत दुबे मुन्ना, संगठन मंत्री अमन मिश्र, शिवम मिश्रा महानगर संगठन मंत्री अंकित दीक्षित, अंशुमान सिंह, रमन सिंह आशुतोष पांडे, यश अग्रवाल, सत्यम दुबे, सार्थक जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।


चौक घंटाघर पर राहगीरों पर डाला रंग।


होली मिलन समारोह में मंच पर मौजूद कवि।

## होली के दूसरे दिन बदली दिखी शहर की तस्वीर


जिला अस्पताल के नए भवन में भी सन्नाटा दिखा।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** होली के दूसरे दिन तस्वीर बदली दिखी। सड़कों पर सन्नाटा, कार्यालयों में कम उपस्थिति और दुकानों पर कम खरीदार दिखे। लोगों का कहना था कि त्योहार के दूसरे दिन अक्सर सन्नाटे का माहौल रहता है। सोमवार को होली थी। रंगों की बारिश हुई। तन से मन तक भीग गया। दिन भर हुड़दंग, शाम को होली मिलन। देर रात तक जागरण और थकान में नींद आई तो सुबह देर होना स्वाभाविक था। ऐसा लोगों का कहना था। अलसाई सुबह से ही सड़क की तस्वीर बदल गई। जल्दी थी केवल उन्हें जिन्हें ड्यूटी पर जाना था या फिर अन्यत्र जाना मजबूरी थी। मार्निंग वाक करने वाले बताते हैं कि मंगलवार की सुबह टहलने वालों में भी लोगों की संख्या कम थी। अममून टहलकर मौज मस्ती करने वाले सड़क पर नहीं दिखे। सुबह सड़कों पर यातायात बहुत कम रहा। दिन चढ़ने के साथ सड़क पर आने जाने वालों की संख्या बढ़ी, लेकिन रफ्तार में नहीं आ सकी। मंगलवार को सबसे ज्यादा व्यस्त रहने वाले चौराहे नाका बाईपास, रिकाबगंज, फतेहगंज आदि पर वाहन फर्राटा भर रहे थे। विकास भवन, कलेक्ट्रेट, लोक निर्माण विभाग, कृषि भवन जैसे कार्यालयों में कर्मचारी पहुंचे, लेकिन आम दिनों की तरह उपस्थिति नहीं देखी गई। होली के दूसरे दिन कार्यालय में अपने काम के सिलसिले में आने वाले भी इक्का दुक्का रहे। दुकानों पर ग्राहक कम थे। आम दिनों की अपेक्षा मंगलवार को भीड़ भाड़ कम रही। लोगों का कहना है कि बुधवार से फिर बाजार की भीड़ दिखने लगेगी। जिला अस्पताल में भी कम ही मरीज पहुंचे। दोपहर एक बजे तक मात्र 600 मरीजों की ही ओपीडी हुई थी।

### रामलला को लगाया कचनार के फूलों का रंग, सुनाया फगुआ

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या के मठ मंदिरों में दो दिन होली उत्सव मनाया गया। सोमवार की सुबह ब्रहम मुहूर्त में हनुमानगढ़ी मंदिर में विराजमान हनुमंत लला को अबीर-गुलाल अर्पित कर होली का आगाज हुआ। इसके बाद कनक भवन, मणिरामदास छावनी, राम हर्षण कुंज, जानकी महल, राम वल्लभाकुंज, लक्ष्मण किला, हनुमत निवास समेत अन्य मंदिरों में रंगों के त्योहार की धूम रही। राम मंदिर में दूसरे दिन मंगलवार को फूलों की होली का आयोजन हुआ। रामलला को कचनार के फूलों से बना अबीर-गुलाल लगाया गया। इस दौरान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी भी शामिल हुए। दोपहर में रामलला को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। इसके बाद उन पर पुष्प वर्षा हुई। दर्शनार्थियों पर पुजारियों ने अबीर-गुलाल व फूलों की बारिश की। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। पुजारियों व संगीतज्ञों ने रामलला को फगुआ सुनाया। मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि होली पर रामलला को रत्नजड़ित नवीन वस्त्र व सोने का मुकुट धारण कराया गया।

### मतगजेंद्र के मंदिर पर लगा आस्था का मेला

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** होली के बाद पड़ने वाले पहले मंगलवार को बुढ़वा मंगल पर्व मनाया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु विराजमान भगवान मतगजेंद्र की पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। सरयू स्नान के बाद दर्शन पूजन कर अपने परिवार के लिए मंगलकामनाएं की। रामकोट के उत्तर दिशा में स्थित विराजमान भगवान मतगजेंद्र अयोध्या के कोतवाल माने जाते हैं। इनका पूजन अर्चन कोतवाल के रूप में किया जाता है। पुराणों के अनुसार राम साकेत धाम जाने से पहले अयोध्या के राजा के रूप में हनुमान जी और सुरक्षा के लिए कोतवाल के रूप में विभीषण के पुत्र मतगजेंद्र को जिम्मेदारी सौंपी तभी से भगवान मतगजेंद्र को अयोध्या कोतवाल माना जाता है। उसी दिन से परंपरागत अनुसार भगवान मतगजेंद्र की पूजा-अर्चना प्रतिवर्ष की जाती है, जिसे बुढ़वा मंगल भी माना जाता है। माना जाता है कि भगवान मतगजेंद्र को हरे चने बहुत ही प्रिय थे। श्रद्धालुओं ने उन्हें हरे चने भी चढ़ाए। मेले में शामिल हुईं महिला भक्त सरिता अग्रवाल ने कहा कि भगवान मतगजेंद्र का दर्शन करने से विशेष लाभ मिलता है। इसलिए हम लोग परिवार के साथ दर्शन करने के लिए आए हैं।

# इबादत और तिलावत में रोजेदार मस्जिदों में गूंज रही तरावीह

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुबारक रमजान माह में रोजेदारों का ज्यादा वक्त इबादत और तिलावत में गुजर रहा है। रोजेदार बकायदे पांच वक्त का नमाज और तरावीह के साथ ही कुरआन पढ़ने में मशगूल दिख रहे हैं। घरों में महिलाएं जुहर नमाज बाद ही इफ्तारी बनाने की तैयारियां शुरू कर दे रही हैं। विभिन्न प्रकार की पकवान रोजा खोलने से पहले बन जा रहा है।

इसके बाद मुकर्रर वक्त पर बड़ों के साथ बच्चे भी रोजा खोलने बैठ रहे हैं। इसको लेकर रोजेदारों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। रोजा रखने को लेकर सबसे ज्यादा 12-13 साल के बच्चे उत्साहित दिख रहे हैं। वह रोजा रखने, नमाज पढ़ने और कुरान की तिलावट में बढ़चढ़कर भागीदारी निभा रहे हैं। मस्जिदों और घरों में कुरान की तिलावत सुनाई दे रही है। मस्जिदों में नमाज अदा करने अधिक से अधिक लोग पहुंच रहे हैं। रोजेदार अपनी इबादत की शुरुआत सेहरी खत्म होने के साथ कर रहे हैं। विभिन्न चीजों से सेहरी करने के बाद फजिर की नमाज अदा कर रहे हैं। उधर, घर में महिलाएं जुहर नमाज के बाद इफ्तार बनाने की तैयारी में जुट जा रही हैं। चना, पकौड़ी, चीप्स, पापड़ सहित तरह तरह की पकवान बना रही हैं। अस्र नमाज के बाद मुकर्रर वक्त से 10-15 मिनट पहले दस्तरखान पर इफ्तार लगा दी जा रही है। मगरीब की अजान होते ही दुआओं के साथ बड़े और बच्चे एक साथ बैठकर रोजा खोल रहे हैं। इफ्तार करने के बाद नमाज अदा कर रहे हैं। इसके बाद एशा और तरावीह शुरू हो जाती है। मौलाना जफर अब्बास कुम्मी ने बताया अब रमजान के अंतिम जुमे की तैयारी शुरू कर दी गई है।


जामा मस्जिद टाटशाह।

## मिल्कीपुर में तैनात कानूनगो की सड़क दुर्घटना में मौत

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** मिल्कीपुर तहसील में तैनात एक राजस्व निरीक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। सोमवार की रात मिल्कीपुर तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव शहर के कैंटोमेंट इलाके में घूमने निकले थे, जहां किसी वाहन ने उन्हें रौंद दिया। वह सड़क किनारे बेहोशी हालत में पड़े थे। किसी सिपाही ने उनके फोन से उनके बेटे हिमांशु का सम्पर्क नम्बर निकाल कर उसे फोन किया कि आपके पिता का एक्सीडेंट हो गया है, जिला अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया जा रहा है। जानकारी होते ही आनन-फानन में हिमांशु जिला अस्पताल पहुंचा। जहां डाक्टरों ने उसके पिता अशोक कुमार श्रीवास्तव को मृत घोषित कर दिया। एसडीएम मिल्कीपुर के स्टोनो ने अमित श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही मिल्कीपुर एसडीएम राजीव रत्न सिंह भी पहुंचे। अशोक कुमार श्रीवास्तव शहर के रिकाबगंज मोहल्ले में अलका टावर के बगल की गली में रहते थे। उनके एक बेटा और एक बेटी, दो संतानें हैं, दोनों अभी अविवाहित हैं। स्वर्गीय श्रीवास्तव मिल्कीपुर तहसील के डीह पूरे बीरबल सर्किल के कानूनगो थे। उनकी मौत की खबर से तहसील मिल्कीपुर में शोक छाया है।


अशोक (फाइल फोटो)

# होली के दिन युवक की तालाब में डूबने से मौत

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** इनायत नगर थाने के ग्राम अहिरौली सलोनी में सोमवार को होली के दिन दोस्तों के साथ नहाने गए युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई।

इनायत नगर थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरौली सलोनी निवासी राम प्रसाद कहार का बेटा अखिलेश उम्र 17 वर्ष होली खेलने के बाद दोस्तों के साथ गांव से थोड़ी दूर पर स्थित तालाब में नहाने गया था। जहां तालाब में पानी अधिक होने से वह डूबने लगा। साथी को डूबता देख उसके मित्रों ने गुहार लगायी। गुहार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तो किशोर तालाब में डूब रहा था। ग्रामीणों द्वारा उसे बचाने के प्रयास के साथ परिजनों तथा पुलिस को सूचना दी। इनायत नगर इंस्पेक्टर संदीप कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की टीम बुलाकर स्थानीय लोगों की मदद से पानी में डूब रहे अखिलेश को बाहर निकाला गया। इलाज के लिए सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**हादसा**

### परिवार चलाने में करता था पिता की मदद

अखिलेश अपने माता-पिता का अकेला बेटा था। माता-पिता मेहनत मजदूरी करके किसी तरह परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। वह बलदेव विद्या पीठ इंटर कालेज में कक्षा 12 में पढ़ता था। पढ़ाई के साथ साथ ई-रिक्शा बैटरी की रिपेयरिंग करके पिता की मदद करता था। पूरे परिवार में शोक का आलम है।

## सार-संक्षेप

### चेकिंग में तमंचे के साथ धरा गया युवक

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** महाराजगंज पुलिस ने मंगलवार को चेकिंग के दौरान एक युवक को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि मंगलवार दोपहर हैंसा मोड़ के पास चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान थाना क्षेत्र के ही मोहर्रमपुर अरती गांव निवासी कुलदीप सिंह को रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। जिसे गिरफ्तार कर धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया बताया कि आरोपी हिस्ट्रीशीटर है। जिसके ऊपर विभिन्न थाना क्षेत्र में दर्जनों केस दर्ज हैं।

### बच्चों और युवाओं ने खूब किया होली पर धमाल, उड़े गुलाल



होली पर धमाल कार्यक्रम में प्रस्तुति देते सिंधी समाज के बच्चे।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे, खयै के पान बनारस वाला, आई रे आई होली आयी रे आदि गीतों पर बच्चों और युवाओं ने धमाल कार्यक्रम में हिस्सा लिया। रामनगर कालोनी स्थित प्रभु झूलेलाल मंच पर भक्त प्रहलाद सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 125 बच्चों ने नृत्य करके धमाल किया। फूलों व गुलाल से जमकर होली खेली। संचालन समिति के महासचिव ओमप्रकाश ओमी व काम्या मध्यान ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षता अध्यक्ष कन्हैया लाल सागर ने की। शुरुआत समिति के संरक्षक मंडल ने नारियल फोड़कर की। धमाल में 17 कार्यक्रमों पर बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किए। जिसकी निर्देशक साक्षी वासवानी, ज्योति बतरा, नेहा माखेजा, कनक चैनानी, वर्षा सेहता, रितिक सावलानी रही। कार्यक्रम के बाद शुभ मुहूर्त अनुसार साई नितिन राम साहिब ने होलिका दहन किया। महासचिव ने बताया कि इस मौके पर भीमन दास माखेजा, राकेश तलरेजा, रमेश मोटवानी, राजकुमार मोटवानी, नारायण दास, तेजकुमार माखेजा, खेम चंद, सुरेश तलरेजा, कन्हैया माखेजा, कपिल हासानी, अर्जुन दास, जयराम दास, हरीश सावलानी, सागर आहूजा, शंकर केवलरामानी, सुरेश केवलरामानी, उमेश संगतानी, गोल्डन खत्री आदि मौजूद रहे।

### गाली-गलौच से मना करने पर कर दिया हमला, केस दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में गाली-गलौच से मना करने पर बवाल हो गया। घर पर चढ़कर पति-पत्नी समेत तीन की पिटाई की गई और धमकी दी गई। होली के दिन हुई इस घटना में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के रेवरी वंदनपुर निवासी दिलीप कुमार पाण्डेय पुत्र रमाकान्त पाण्डेय का कहना है कि सोमवार को रंग खेलने के बाद वह अपने घर के सामने बैठे थे। आरोप है कि इसी दौरान घर के सामने से ही गांव के अटल बिहारी सिंह गुजरे और रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने मना किया तो मारपीट पर आमादा हो गए और अपने परिवार के लोगों को भी बुला लिया। मौके पर पहुंचे उनके परिवार के लोगों ने हमला बोल पिटाई शुरू कर दी। बीच- बचाव के लिए पत्नी पूजा और भाई संदीप पहुंचे तो उनकी भी पिटाई की गई। मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए हमलावर चले गए। यह सब अटल बिहारी सिंह व उनके भाइयों श्याम बिहारी, कृष्ण बिहारी और परिवार के तेज बहादुर सिंह, आकाश सिंह, अनुराग सिंह, आदर्श सिंह व रीना सिंह पत्नी अवध बिहारी ने पुरानी रंजिश के चलते योजनाबद्ध तरीके से किया। थाने के प्रभारी निरीक्षक परशुराम ओझा ने बताया कि शिकायत पर सात के खिलाफ बलवा, मारपीट, गाली-गलौज और धमकी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। घायल लोगों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई कराई जा रही है।

# संवेदनशील मतदान केंद्रों के चिंह्नांकन की कार्रवाई शुरू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसे पुलिस और प्रशासन के लोग तय करते हैं। इन केंद्रों पर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए जाते हैं।

चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों की संवेदनशीलता बदलती रहती है। इसके कई मानक बनाए गए हैं। मतदाताओं को मतदान के लिए रोकने, पक्ष में मतदान कराने के लिए डराने धमकाने, अतीत में चुनाव के दौरान हुए विवाद के साथ ही तमाम अन्य कारण भी केंद्रों की संवेदनशीलता को बढ़ाते-घटाते हैं, लेकिन इनको चिह्नित किए जाने का काम पहले से ही शुरू कर दिया जाता है। बाद में इनमें परिवर्तन होते रहते हैं। लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी गई। शहर से देहात तक

**इन केंद्रों पर होते हैं सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम**

मतदाताओं में चुनाव को लेकर चर्चा शुरू हो गई। बूथों की संवेदनशीलता भी इसी के साथ घटने बढ़ने लगी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में अन्य बिषयों के साथ मतदान केंद्र और बूथों की संवेदनशीलता पर चर्चा की गई। जिले की सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में इनकी पहचान के लिए निर्देश दे दिए गए। अब प्रशासन और पुलिस के लोग इनकी संवेदनशीलता की पहचान करने में जुट गए हैं। निर्वाचन विभाग के मुताबिक संवेदनशील बूथों में क्रिटिकल और वर्ल्नेबल की श्रेणी में रखे जाते है। इसके बाद इनकीसूची तैयार की जाएगी। चुनाव के दौरान ऐसे बूथों पर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए जाते हैं।

**तैयारी** — परिषदीय विद्यालयों में 12 सप्ताह का लागू होगा विद्या प्रवेश कार्यक्रम

# बाल वाटिका में प्रशिक्षित होंगे कक्षा एक के बच्चे

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में एक अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र शुरू होगा। इसके तहत बाल वाटिका व कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले बच्चों की पढ़ाई शुरू करने से पहले उन्हें स्कूल के लिए तैयार किया जाएगा। इसके लिए 12 सप्ताह का विद्या प्रवेश/स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम चलाया जाएगा। विभाग ने स्कूलों को इसका कैलेंडर व मैनुअल भेजा है। इससे यहां 1792 परिषदीय विद्यालयों के बच्चे लाभान्वित होंगे। आगामी सत्र में साढ़े तीन लाख बच्चों के प्रवेश का लक्ष्य रखा गया है।


राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने की कवायद तेजी से चल रही है। इसे परिषदीय विद्यालयों में भी प्रभावी बनाने के प्रयास हो रहे हैं। इसी के तहत 12 सप्ताह का अतिरिक्त कार्यक्रम तैयार किया गया है। इसमें पांच से छह साल के बच्चे बाल वाटिका में गतिविधि आधारित भाषा व अंक दक्षता के बारे में जानकारी लेंगे। इसे बाल वाटिका व कक्षा एक में प्रभावी किया जाएगा। विद्यालयों को भेजे गए कार्यक्रम में यह बताया गया है कि सप्ताह में हर दिन क्या-क्या गतिविधि होगी। इसे 15 अप्रैल से अगस्त तक चलाया जाएगा। शिक्षक इसके बारे अभिभावकों को बताएंगे और बच्चों से विद्यालय में सीखी गतिविधि के बारे में पूछेंगे। अगस्त के अंत व सितंबर के पहले सप्ताह में अभिभावकों के साथ बैठक कर उन्हें बच्चों की प्रगति की जानकारी दी जाएगी। साथ ही अभिभावकों की बैठक में बच्चों द्वारा सीखी गई चीजों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।


पूराबाजार का प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर। अमृत विचार

### खेलकूद व कविता पाठ समेत होंगी विभिन्न गतिविधियां

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने निर्देश दिया है कि स्कूल में बच्चों को खेलकूद, कविता पाठ, कलात्मक गतिविधियों, कहानी आदि के माध्यम से पढ़ाई के प्रति जोर दिया जाए। विद्यालय में लैब एरिया चिह्नित करते हुए वहां गतिविधियां की जाए। बिगबुक से बच्चों को फल, शब्द, जानवर, नंबर आदि का ज्ञान कराया जाएगा। बच्चों को स्वास्थ्य परक खाने की जानकारी दी जाएगी। नंबर कार्ड जोड़ने, नंबर को याद कराया जाएगा। सभी बीएसए विद्या प्रवेश कार्यक्रम को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लागू कराना सुनिश्चित करेंगे।

> आगामी सत्र से योजना प्रभावी कर दी जाएगी। इससे बच्चों की प्रतिभा में गुणात्मक सुधार आएगा। – **संतोष कुमार राय, बेसिक शिक्षा अधिकारी**

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था) (छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य


Email-id: gicfaizabad@gmail.com | सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.36 बजे
इफ्तार : 06.30 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.32 बजे
इफ्तार : 06.17 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**एक नजर**

### चुनाव को लेकर आयकर विभाग ने बनाया कंट्रोल रूम

अयोध्या। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आयकर विभाग ने कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसका ट्रोल फ्री नम्बर 1800-180-7540 और व्हाट्सएप नंबर 6388736373 है। इन नंबरों पर निर्वाचन को प्रभावित करने के उद्देश्य से प्रयुक्त नकदी और काले धन संबंधी शिकायत की जा सकती है। डीएम नितीश कुमार के मुताबिक इसके अलावा फैक्स नम्बर-0522-2233306 पर भी शिकायत और सूचना दी जा सकती है।

# अधेड़ का मिला शव, हत्या की आशंका

## घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मार्ग पर लगाया जाम, जांच में जुटी पुलिस

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के मोइयाकपूरपुर गांव के पास मंगलवार को सनसनीखेज घटना सामने आई है। दोपहर में लहुलुहान हालत में एक अधेड़ का शव पाया गया। इसे लेकर परिजन और ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए करीब एक घंटे तक मार्ग जाम रखा। परिजनों की ओर से दावा किया जा रहा है कि मौत से पहले अधेड़ ने डायल 120 पर काल कर जान का खतरा बताया था। हालांकि पुलिस डायल 120 के सीडीआर की जांच की बात कह रही है।

अधेड़ की शिनाख्त भिखारीपुर निवासी दलित युवक सुनील कुमार (40 वर्ष) पुत्र संतराम के रूप में हुई। मंगलवार को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे के आसपास मिले इस शव को लेकर कोहराम मच गया। परिजनों ने इसे हत्या बताकर ग्रामीणों संग सुचित्तागंज मसौधा मार्ग घंटा भर से ज्यादा जाम रखा। पुलिस क्षेत्राधिकारी के मान मनौवल और जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई करने के आश्वासन के बाद घर वालों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को सौंपा। तब जाकर जाम खत्म हुआ।

गंभीर बात यह है कि दिन दहाड़े हुई इस घटना स्थल के आसपास करीब आधा दर्जन घर है लेकिन किसी ने नही देखा कि घटना हुई कैसे। इसे लेकर असमंजस की स्थित बनी हुई है। घटनास्थल से लगे घर बाबू लाल निषाद, राम प्रसाद आदि ने बताया सभी खेतों में काम करने गए थे। 8 वर्ष की निधि पुत्री पिंटू ने सबसे पहले युवक को देखा और चिल्लाना शुरू किया तो तो लोग दौड़े।


घटना के बाद रोते बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

- अधेड़ ने मौत से पहले जान का खतरा बता डायल 112 को थी काल
- सीडीआर में मिला रेकार्ड तो सच हो सकती है परिजनों की आशंका

> डायल 112 पर फोन हुआ होगा तो सीडीआर में दर्ज होगा। हत्या या दुर्घटना पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगा। फोरेंसिक टीम ने भी परीक्षण मौके का किया है। हर पहलू से पड़ताल की जा रही है। जिम्मेदार बचेंगे नहीं। -संजीव कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर

### भाई ने कहा- हुई है हत्या, तीन थानों की फोर्स मौके पर पहुंची

युवक के भाई बृजेश कुमार व कुच्ची ने आरोप लगाया है कि हत्या कर हत्यारे भाग गए। बताया सड़क पर कहीं दुर्घटना के निशान नहीं दिखाई पड़ते हैं। आरोप लगाया है कि पुलिस अपने बचाव में इसे दुर्घटना बताने में जुटी है। आशंका है कि किसी रॉड या लोहे के हथियार से वार किया गया है। घटना के बाद रौनाही, पूरा कलंदर, कैंट तीन थाना क्षेत्रों के प्रभारियों को जांच पड़ताल में लगा दिया गया है। थाना प्रभारी पूरा कलंदर रतन शर्मा, रौनाही पंकज सिंह, सीओ सदर संजीव कुमार सिंह, उपजिला अधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी ने घटनास्थल का जायजा लिया। इस बीच भीड़ के बीच यह बात भी उठी कि अधेड़ ने 112 पर फोन कर सहायता मांगी थी। आरोप है कि डायल 120 की पुलिस पहुंच कर एक तरफ खड़ी जायजा लेती रही।

### सपा नेता ने की जांच और मुआवजे की मांग

थाना पूराकलंदर अन्तर्गत ग्राम सभा भिखारीपुर निवासी सुनील कुमार के मामले में सपा जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले का अतिशीघ्र खुलासा कर दोषियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार से हमारी मांग है कि पीड़ित परिवार के भरण पोषण के लिए कम से कम एक करोड़ रुपए सरकारी राहत कोष के रूप में दे।

# दर्शन कराने के नाम पर वसूली की जांच करे पुलिस : चंपत राय

अयोध्या कार्यालय

- ट्रस्ट महासचिव की श्रद्धालुओं अपील, किसी के भी बहकावे में न आएं

**अमृत विचार :** राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट संवेदनशील है। वीआईपी दर्शन के नाम पर हो रही धन उगाही से नाराज भी है। इसे लेकर ट्रस्ट ने एक बार फिर से वीडियो जारी कर श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे किसी के भी बहकावे में न आएं। दर्शन के नाम पर किसी भी व्यक्ति को पैसा देकर समाज में बुराई पैदा ना करें। पुलिस पैसे लेकर वीआईपी दर्शन कराने वालों की जांच करेंगी। ट्रस्ट का कहना है कि पुलिस और खुफिया विभाग के द्वारा कार्रवाई करने पर इस मामले को उजागर किया जा सकता है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने एक बार फिर श्रद्धालुओं से अपील का वीडियो जारी कर सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दर्शन के नाम पर किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जा रहा है। अगर कोई रामलला के दर्शन के नाम पर पैसा ले रहा है तो आपके साथ धोखाधड़ी कर रहा है। यहां हर दिन रामलला का दर्शन बहुत ही सहज रूप से होता है। सामान्य दर्शन में लगभग 10 मिनट का समय लगता है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन 14 घंटे राम भक्तों को रामलला का दर्शन कराया जा रहा है, लेकिन राम भक्तों के साथ दुर्घटनाएं हुई हैं। सच्चाई का पता तभी लगेगा जब पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां ऐसे लोगों पर कार्रवाई करेगी। कतार में लगने से 150 मीटर की दूरी से ही रामलला का दर्शन प्राप्त होने लगता है।


ट्रस्ट महासचिव चंपत राय।

### पैसा देना है तो गरीबों को दें

चंपतराय ने कहा कि राम मंदिर में पैदल आने-जाने में मात्र एक से सवा किलोमीटर तक की दूरी को ही तय करना पड़ता है। इसके बावजूद श्रद्धालु किसी तरह का पैसा दर्शन के नाम पर देना ही चाहते हैं तो पैसा गरीबों को देकर उनके भोजन की व्यवस्था करें, लेकिन दर्शन के नाम पर पैसा देकर समाज में बुराई पैदा ना करें।

# मरीज को दिया धक्का तो होमगार्ड से भिड़ गई महिला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मंगलवार को एक महिला तीमारदार ने हंगामा खड़ा कर दिया। होमगार्ड और महिला तीमारदार के बीच आधे घंटे तक जमकर नोक-झोंक हुई। मामला इतना तूल पकड़ गया कि नौबत मारपीट की आ गई। हंगामे के दौरान मजमा लग गया। आस-पास के लोगों ने बीच बचाव किया। सुरक्षा कर्मी आगे आए और दोनों पक्षों को शांत कराया। इसके बाद महिला तीमारदार अपने मरीज को एंबुलेंस से लेकर चली गईं।

इनायतनगर थाना क्षेत्र के शाहगंज की जयश्री मिश्रा ने बताया कि उनके भतीजे प्रेम कुमार की तबीयत खराब थी। इमरजेंसी के चिकित्सकों ने प्रेम कुमार को दर्शननगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वह एंबुलेंस लेने के लिए बाहर आ गईं। इस दौरान उनका भतीजा बाहर आकर इमरजेंसी की सीढ़ियों पर बैठ गया। जयश्री मिश्रा का आरोप है कि इतने में एक होमगार्ड आकर उनके भतीजे को धक्के मारकर भगाने लगा। वह मौके पर पहुंची और विरोध करने लगीं। होमगार्ड ने उनके साथ बदतमीजी करनी शुरू कर दी। बताया कि उनके मरीज को चक्कर आ रहा था इसलिए वह सीढ़ियों पर आकर बैठा था। फिलहाल काफी देर तक हलचल के बाद मामला शांत हुआ।


इमरजेंसी के सामने होमगार्ड को हाथ दिखाती महिला तीमारदार। अमृत विचार

> मामला संज्ञान में नहीं है। अगर किसी भी तरह की शिकायत आई तो कार्रवाई की जाएगी। - डॉ. अरुण प्रकाश, सीएमएस

# यलो जोन में भूमि विवाद में बुजुर्ग महिला की हत्या, केस

अयोध्या कार्यालय

- बदरंग हुईं होली की खुशियां, पोस्टमार्टम को भेजा गया शव

**अमृत विचार :** रामनगरी के यलो जोन स्थित कंधरपुर मोहल्ले में जमीन के एक छोटे से हिस्से को लेकर चल रहे विवाद में बुजुर्ग महिला की ईंट से प्रहार कर हत्या कर दी गई। हमले में परिवार के अन्य सदस्यों को भी चोट आई है। मृतक के परिवार ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया है। होली के दौरान हुई इस वारदात को लेकर क्षेत्र में हलचल और तनाव है। होली की खुशिया बदरंग हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज तीन हमलवारों को हिरासत में लिया है।

राम जन्मभूमि थाना के कटरा पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित कंधरपुर मोहल्ले में एक जमीन को लेकर मुखिया राम उजागिर निषाद और पड़ोसी बाल गोविंद पक्षों के बीच विवाद है। नजूल की इस जमीन पर बाल गोविंद की ओर से शौचालय बनवाया जा रहा था, जिसकी शिकायत राम उजागिर पक्ष ने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से की थी। चर्चा है कि इसी विवाद को लेकर सोमवार की भोर राम उजागिर पक्ष ने विपक्षी के दरवाजे की कुंडी बंद कर दी और अर्द्धनिर्मित शौचालय को ध्वस्त करने लगे। इस दौरान बाल गोविंद पक्ष के लोगों ने अपने छत से ईंट गुम्मा फेंकना शुरू कर दिया। हमले में मीरा 52 पत्नी राम उजागिर की मौत हो गई। बहू बबलू की पत्नी का आरोप है कि चौकी पुलिस ने रुपया लेकर निर्माण कराया और विपक्षी को शह देते रहे। थाना प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने बताया कि तीन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट लिखी गई है। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है।

**सार-संक्षेप**

### अध्यापक के मकान में घुसा ट्रक, बाल-बाल बचा परिवार


ट्रक घुसने से मकान का बाहरी हिस्सा क्षतिग्रसत हो गया।

**रामपुर भगन, अयोध्या। अमृत विचार :** बीकापुर सर्किल के ग्राम पंचायत मीतनपुर में सोमवार देर शाम एक घर में ट्रक घुस गया। हालांकि लोग बाल-बाल बच गए, लेकिन बाहरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। शिक्षक चंद्रपाल सिंह का मकान रामपुर भगन बाजार के पश्चिमी छोर पर सड़क के किनारे बना है। होली के दिन शाम को घर के अंदर सभी बरामदे में बैठे थे कि पिपरी जलालपुर की तरफ से आ रहा अनियंत्रित ट्रक अचानक घर की तरफ आने लगा, जिसे देख बाहर भाग जान बचाई। परिवार के अन्य सदस्य घर के अंदर कमरे में थे। उन्होंने बताया कि ट्रक के अंदर घुसने से मकान की छत टूट गई तथा पूरे घर में दरार आ गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को अपनी अपनी अभिरक्षा लिया है।

### शैक्षिक भ्रमण में विद्यालयों के बच्चों ने की खूब मस्ती


मसौधा चीनी मिल का भ्रमण करते बच्चे।

**रामपुर भगन, अयोध्या। अमृत विचार :** बीकापुर ब्लॉक के परिषदीय जूनियर हाईस्कूल स्तर के विद्यालय के बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी बीकापुर अमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक्सपोज़र विजिट के तहत लगभग 100 छात्र छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामपुर भगन, करौंदी सरेसर धानापारा कुशा मऊ कुढ़ा शेरपुर पारा मोहम्मदपुर जूनियर हाई स्कूल के छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय आविष्कार कार्यक्रम के अंतर्गत मोती नगर चीनी मिल का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने गन्ने से चीनी का निर्माण और पैकिंग होते देखा। नीलम मिश्रा, जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, अनिल कुमार सिंह, अशोक सोनी, रमाशंकर ने बताया कि ब्लॉक के 100 बच्चों को शुगर मिल, गुप्तार घाट एवं कंपनी गार्डन घुमाया गया। एआरपी राम नारायन वर्मा प्रधानाध्यापक योगेंद्र नाथ पांडे, के के सिंह विजय यादव, पुष्पा वर्मा, राहुल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### परिषदीय शिक्षकों को तीन दिन में तैयार करना है परीक्षाफल

**अयोध्या कार्यालय।** बेसिक शिक्षा परिषद के संचालित स्कूलों में 27 मार्च को आखिरी परीक्षा होगी। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को तीन दिन में परीक्षाफल तैयार करना है। परिषदीय विद्यालयों में एक अप्रैल से नया सत्र प्रारंभ हो रहा है। विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। 20 मार्च से परीक्षाएं शुरू हुई थीं, जो कि 27 मार्च तक चलेंगी। होली के चलते अवकाश भी रहा। इस हिसाब से परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के पास परीक्षाफल तैयार करने के लिए सिर्फ तीन दिन ही हैं। वहीं मूल्यांकन कार्य भी परीक्षा के साथ ही चल रहा है। इस बार रिपोर्ट कार्ड के लिए भी शासन द्वारा बजट जारी किया गया है। साथ ही रिपोर्ट कार्ड का प्रारूप भी जारी किया गया है।

### हवन-पूजन के साथ हुआ पुस्तक का विमोचन


पुस्तक का विमोचन करते साहित्यकार।

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली की काली माता मंदिर के लाल कुआं परिसर में मंगलवार को पारंपरिक सष्येष्टि हवन पूजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ साहित्यकार देवेन्द्र चरन खरे 'आलोक' द्वारा घनाक्षरी छन्दों में रचित पुस्तक 'अमृतकाल - हमारी विरासथ का' का विमोचन गया शंकर द्विवेदी पूर्व प्रधानाचार्य एवं विनय प्रकाश मिश्र और ज्ञान प्रकाश मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रचयिता ने बताया कि अमृतकाल हमारी विरासत का पुस्तक में ऐतिहासिक गाथा, वीरशिरोमणि महाराणा प्रताप का जीवन वृत्त, स्वामी विवेकानन्द, तमिल राज्य और सेंगोल, युवा शहीद खुदीराम बोस का बलिदान शामिल किया गया है। इस मौके पर होली मिलन भी आयोजित किया गया।

# शिक्षकों और शिक्षणेतर कर्मियों की अब नहीं रुकेगी वेतन वृद्धि

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** स्थापित नियमों के अधीन औपचारिक आदेश जारी न होने तक किसी भी शिक्षक अथवा शिक्षणेतर कर्मचारी का वेतन अथवा वेतन वृद्धि नहीं रोकी जाएगी। स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने इस विषय में सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया है।

विभिन्न विभागीय कार्यक्रमों में अपेक्षित परिणाम प्राप्त न होने अथवा विभागीय आदेशों की अवहेलना के कारण शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मियों के विरुद्ध बीएसए के स्तर पर कार्रवाई की जाती है। कार्रवाई के नाम पर अक्सर शिक्षकों का वेतन अवरुद्ध कर दिया जाता है, जबकि उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक नियमावली 1999 और उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली 1973 में वेतन अवरुद्ध करना किसी भी प्रकार के दंड के रूप में उल्लिखित नहीं है। वेतन या वेतन वृद्धि रोकना अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया से शासित होता है। इसलिए जब तक स्थापित नियमों के अधीन औपचारिक आदेश जारी न हो, तब तक वेतन वृद्धि को नहीं रोका जाएगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नीलमणि ने कहा कि इस आदेश को तत्काल अमल में लाया जाए। महानिदेशक का निर्णय स्वागत योग्य है। बीएसए संतोष कुमार ने बताया कि आदेश का पालन कराया जाएगा।

# तीन जगह पर छापेमारी, 30 लाख के नकली नोट बरामद

मसौधा, अयोध्या

- बड़ी मात्रा में नकदी और लाखों की चरस भी पकड़ी, कई राज्यों में फैला है कारोबार

**अमृत विचार :** पूरा कलंदर पुलिस ने सोमवार शाम थाना क्षेत्र के मलिकपुर, भरतकुंड सहित तीन अलग-अलग स्थानों से नकली नोट छापने का गोरखधंधा करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर करीब तीस लाख के नकली नोट व लाखों की अवैध चरस बरामद की है।

इनके पास से कई मोबाइल फोन कुछ उपकरण व 100 और 50 रुपए की 120 नकली नोटों की गड्डियां भी बरामद की गई हैं, जिन्हें करीब तीस लाख रुपये बताया जा रहा है। पुलिस की मानें तो गिरफ्तार किए गए अंतर्जनपदीय गिरोह के इन सदस्यों के विरुद्ध थाना पूरा कलंदर समेत अन्य थानों में भी चूरन के नकली नोटों को असली नोट का झांसा देकर कई लोगों से लाखों की ठगी कर चुके हैं।

थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा का कहना है कि नकली नोटों का गोरखधंधा प्रदेश स्तर पर फैला हुआ है। यह शातिर लोगों को नकली नोट की गड्डियों के ऊपर असली नोट लगाते हैं और फिर नोट छाप कर देने तथा साथ में बाजार में जाकर नोट चलवाने की गारंटी देकर भोले भाले लोगों को झांसा देकर लाखों की ठगी करते हैं। पुलिस इन ठगों की तलाश पहले से कर रही थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर सोमवार शाम क्षेत्रीय उप निरीक्षक अमित कुमार हमराही सिपाहियों के साथ निकले और मलिकपुर गांव के निकट से विजय कुमार 33 वर्ष पुत्र हरेंद्र कुमार राय निवासी बिहार मुजरूक थाना पट्टेहरवा जिला कुशीनगर नामक ठग को गिरफ्तार किया। उसकी निशा देही पर भरतकुंड के पास से राजेश गौड़ 30 वर्ष पुत्र रामसुंदर गौड़ निवासी रूम नं 26 नेपाली चाल बगार फाटा थाना बसई जिला पुणे महाराष्ट्र को हिरासत में ले लिया। फिर प्रदीप गुप्ता 25 वर्ष पुत्र बैजनाथ साहू निवासी बघौल थाना चांद जिला कैमूर भभुआ बिहार को गिरफ्तार किया गया।


हिरासत में ठगी के आरोपी।

### 15 लाख कीमत की चरस भी बरामद की गई

इन तीनों ठगों के पास से 3 किलो 400 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई है, जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपए बताई जा रही है। इनके पास से कई मोबाइल फोन सहित सैकड़ों रुपये नकद भी बरामद हुए हैं। इनके विरुद्ध पूरा कलंदर सहित कई थानों में धारा 420 सहित ठगी के कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार ठगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज चालान कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सघन जांच की जा रही है।

**तैयारी** हफ्ते भर में चालू हो जाएंगे 292 .41 लाख की लागत से बने पब्लिक हेल्थ एटीएम

# अब नगर में 24 घंटे 18 जगहों पर होगी नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अब स्वास्थ्य की जांच कराने के लिए लोगों को पैसे देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्मार्ट सिटी के तहत नगर क्षेत्र में 18 जगहों पर निशुल्क जांच की सुविधा शुरू हो जा रही है। इसके लिए हेल्थ एटीएम लगाए गए हैं। इन हेल्थ एटीएम में हृदय और ईसीजी लिपिड प्रोफाइल, मधुमेह व हीमोग्लेबिन समेत अन्य तरह की जांच की सुविधाएं मिलेंगी। इनके शुरू होते ही नगर क्षेत्र में गली-गली खुले निजी पैथोलॉजी सेंटरों में चल रही लूट-खसोट पर लगाम लग जाएगा।

हेल्थ एटीएम की सुविधा अभी तक जिले के कुछ सीएचसी व पीएचसी पर थी। हेल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मनोज तिवारी ने बताया कि अयोध्या नगर निगम पहली बार यह सेवा देने जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक यह सुविधा नगर निगम द्वारा लखनऊ, अलीगढ़ समेत अन्य शहरों में दी जा रही थी। नगर निगम में निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह ने बताया कि राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत नगर निगम की तरफ से 18 स्थानों पर हेल्थ एटीएम स्थापित किया गया है। इन्हें लगाने में 292.41 लाख रुपये का खर्च आया है।



सिविल लाइन्स स्थित वेंडिंग जोन के पास बना हेल्थ एटीएम। अमृत विचार

### इन जांचों की रहेगी सुविधा

हेल्थ एटीएम पर चिकित्सक परामर्श सुविधा, डिजिटल हेल्थ, सामान्य एवं विशेष त्वरित जांच, सामान्य शारीरिक जांच (16 पैरामीटर्स), हृदय और ईसीजी लिपिड प्रोफाइल, मधुमेह, हीमोग्लेबिन, गर्भावस्था परीक्षण, मूत्र जांच (10 पैरामीटर्स), टाइफाइड, डेंगू, त्वचा परीक्षण, कान की जांच, यूरिक एसिड परीक्षण, फीटल हार्ट रेट समेत अन्य कई प्रकार की जांचें की जाएंगी।

### यहां-यहां लगे हैं हेल्थ एटीएम

हेल्थ एटीएम विकास भवन कैम्पस, वेंडिंग जोन (कृष्ण पैलेस के पास), रोडवेज बस स्टैंड कैंण्ट, नगर निगम ऑफिस कैंपस, डाभा सेमर स्टेडियम, जलकल अमानीगंज, बारात घर (जनौरा पक्का तालाब के पास), जोनल आफिस कौशलपुरी, जलकल कैम्पस अयोध्या, जोनल आफिस कैम्पस अयोध्या, जयसिंहपुर कुंड, सूर्य कुण्ड, दर्शन नगर, जमथरा रोड, पठान टोलिया, सदर तहसील, फैजाबाद, रीडगंज चौराहा, डीएम आफिस कैम्पस, मल्टीलेवल पार्किंग अयोध्या में स्थापित किए गए हैं।

### स्वास्थ्य विभाग के कर्मी रहेंगे तैनात

नगर निगम के निर्माण विभाग के अवर अभियंता अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि हेल्थ एटीएम में बिजली का कार्य भी पूरा हो गया है। इसे 24 घंटे चालू रखा जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मी तैनात होंगे। स्वास्थ्य विभाग से एमओयू होने के बाद इन्हें चालू कर दिया जाएगा।

# आंदोलित किसानों ने अब शुरू किया गुरिल्ला युद्ध

## एयरो सिटी योजना को लेकर विरोध का मामला, पांच गांवों के किसान गुपचुप ढंग से बना रहे बड़े आंदोलन की रणनीति

पूरा बाजार,अयोध्या

**अमृत विचार :** एयरो सिटी को लेकर विरोध कर रहे पांच गांवों के किसानों ने अब पुलिस और प्रशासन से गुरिल्ला युद्ध शुरू कर दिया है। रविवार को पंचायत रोके जाने के बाद आंदोलित किसान अब गुपचुप ढंग से रणनीति बनाने में जुटे हैं। प्रभावित होने वाले किसानों से अलग ढंग से संपर्क साधा जा रहा है। बताया जा रहा है कि किसान किसी भी दशा में एक इंच भी भूमि देने के लिए तैयार नहीं हैं।

बता दें कि रविवार को आंदोलित किसानों की ओर से गठित मातृ भूमि मुक्ति मोर्चा संघर्ष समिति द्वारा सरेठी पंचायत भवन में पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत शुरू होने से पहले पुलिस पहुंच गई और होली व आचार संहिता का हवाला देकर रोक दिया। विवाद तूल न पकड़े इसलिए किसान मान गए, लेकिन उसी के बाद सीधे घर-घर संपर्क शुरू कर दिया। इसके बाद अब रामदत्तपुर अटरावां, बैसिंह, कुशमाहा और ददेरा में गोपनीय बैठकों का दौर शुरू कर दिया गया है। मातृ भूमि मुक्ति मोर्चा संघर्ष समिति के अध्यक्ष सूर्यभान वर्मा ने सोमवार को बताया कि अब किसानों पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि

शनिवार रात में ही पुलिस रामदत्तपुर अटरावां के प्रधान प्रतिनिधि उदल यादव के घर पहुंच कर प्रधान को पूछ रही थी। पुलिस पहुंचने की जानकारी किसानों को हो गई। रात में धीरे-धीरे बड़ी संख्या में किसान उनके घर पहुंच गए। भीड़ देखकर पुलिस वाले बैरंग वापस हो गए। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन के रवैया को देखते हुए मातृभूमि बचाओ संघर्ष समिति ने कार्यक्रम में आंशिक परिवर्तन किया और अब पंचायत भवन सरेठी के साथ ही सभी ग्राम पंचायत में बैठकों का दौर चल रहा है। अशोक कुमार गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि पुलिस प्रशासन के लोगों ने पंचायत भवन को अपने कब्जे में ले लिया था और सरेठी के प्रधान रक्षा राम यादव को अभिसूचना इकाई वालों ने पंचायत भवन पर बैठा लिया। इसके बाद किसानों की मीटिंग शुरू कर दी गई। रामदत्तपुर अटरावां, बैसिह, सरेठी,अवध बिहारी का पुरवा, परसपुर गांव में किसानों की बैठक हुई। उन्होंने बताया कि प्रशासन से हम डरने वाले नहीं जमीन किसी हालत में नहीं देंगे।


सरेठी पंचायत भवन में रविवार को पहुंची पुलिस। अमृत विचार

> विकास प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा पांचों गांवों के 100 से 125 बड़े किसानों को टारगेट पर रखा है। विकास प्राधिकरण की रणनीति के अनुरूप हम लोग भी बड़े किसानों द्वारा हाई कोर्ट में याचिका दायर करेंगे। – **सूर्यभान वर्मा, अध्यक्ष, मातृ भूमि बचाओ मुक्ति मोर्चा संघर्ष समिति**

# अब मौके पर ही मिलेगा किसानों को अनुदान

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **गोदामों से बीज खरीदने पर नहीं चुकाना होगा पूरा मूल्य**

**अमृत विचार :** किसानों के लिए अच्छी खबर है। अब बीज खरीदने पर उन्हें अनुदान के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा। मौके पर ही उन्हें अनुदान का सीधा लाभ दिया जाएगा। राजकीय बीज गोदामों से बीज खरीदने के लिए पूरा मूल्य नहीं चुकाना होगा।

जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्र ने बताया कि पीओएस (प्वाइंट आफ सेल) मशीन पर अंगूठा लगाकर किसान अनुदान पर बीज ले सकेंगे। धान के सीजन से यह योजना लागू हो जाएगी। किसानों को राजकीय बीज गोदामों से अनुदान पर धान, मक्का, अरहर, ढैचा, गेहूं, चना, मटर, सरसों, जौ सहित अन्य बीज अनुदान पर उपलब्ध कराए जाते हैं। उन्होंने कहा कि बीज की कालाबाजारी रोकने के लिए शासन ने 2015 में नई व्यस्था लागू की थी। इसके तहत किसानों को बीज का पूरा मूल्य चुकाना होता था। अनुदान की राशि किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है। डीबीटी के लिए किसानों को लंबा इंतजार करना होता है। अब शासन ने किसानों की यह परेशानी दूर कर दी है। उन्हें अनुदान पर सीधे बीज उपलब्ध हो जाएगा। बीज का पूरा मूल्य नहीं चुकाना होगा। इससे जनपद के करीब आठ लाख किसानों को सीधा लाभ होगा। कृषि विभाग ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है।

# अम्बेडकरनगर के उमेश को सर्वोत्तम पुरस्कार

▸▸ **अंत: कक्षीय परीक्षा में समरजीत प्रथम, प्रांतीय रक्षक दल के जवानों के प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन**

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** अमानीगंज ब्लॉक के कंदईकला में स्थित ग्रामीण मिनी स्टेडियम में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा पीआरडी स्वयंसेवकों के मण्डल स्तरीय 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। आयोजन मण्डलीय प्रशिक्षण केंद्र द्वारा किया गया।

क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मनोहर उपाध्याय ने बताया कि ग्रामीण मिनी स्टेडियम कंदईकला में अयोध्या मण्डल के जनपदों के पीआरडी जवान प्रशिक्षु के रूप में शामिल रहे। समापन के अवसर पर पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। जिसकी सलामी मुख्य अतिथि ऋषि पाल सिंह, जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय विकास दल अधिकारी अयोध्या ने ली। इस अवसर पर प्रशिक्षु जवानों को विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया गया। सर्वांग सर्वोत्तम का पुरस्कार अम्बेडकर नगर जिले के पीआरडी स्वयंसेवक उमेश कुमार ने प्राप्त किया। समर जीत यादव ने अंतः कक्षीय परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मनोहर उपाध्याय, अमन वर्मा, अरविन्द बाजपेई, ललित कुमार तिवारी व्यायाम प्रशिक्षक, अंकिता श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।


पासिंग आाउट परेड में शामिल प्रांतीय रक्षक दल की महिला विंग।

## बाइक से गिरकर महिला की मौत

**अमेठी।** रविवार की सुबह झाड़ फूंक कराकर वापस लौट रही महिला की विशेश्वरगंज बाजार के पास बाइक से गिरने पर एक निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के नैनहा बरतली निवासी सुमन पत्नी अनिल कुमार (30) रविवार की सुबह अपने देवर के साथ बाइक पर बैठकर विशेश्वरगंज बाजार के आगे झाड़-फूंक के लिए गई थी। उसके साथ एक छोटा बच्चा और उसकी ननद भी बाइक पर बैठी थी। झाड़-फूंक कराकर वापस लौट रही थी तो विशेश्वरगंज बाजार के पास ब्रेकर के चलते बाइक अनियंत्रित होने पर महिला बच्चे सहित सड़क पर गिर गई। जिससे महिला के सिर पर गंभीर छोटी आयी और गोद में लिया बच्चा भी घायल हो गया। बाइक चला रहे देवर द्वारा तुरंत ही महिला को निजी क्लीनिक ले जाया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।



**परंपरा स्वरूप रामलला का दर्शन करने पहुंचे भट्टा मजदूर**

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद होली पर्व पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। सरयू नदी में स्नान करने के बाद हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में कतारबद्ध होकर दर्शन पूजन किया। इसमें अधिकतर छत्तीसगढ़ के भट्ठा मजदूर शामिल रहे। प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद दुनिया भर से लोग दर्शन करने के लिए अयोध्या आ रहे हैं। हर वर्ग और संप्रदाय के लोग अयोध्या की परंपरा से जुड़ रहे हैं। रामलला के ननिहाल छत्तीसगढ़ के भट्ठा मजदूरों की भी एक अलग परंपरा 20 वर्षों से जुड़ गई है। होली के दूसरे दिन मंगलवार को बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़िया भट्ठा मजदूर अयोध्या पहुंचे। भट्ठा मजदूर रामलाल पाल ने बताया कि होली के दूसरे दिन हम लोगों की छुट्टी होती है। ऐसे में यहां सभी भट्ठा मालिक मजदूरों को अयोध्या घूमने के लिए भेजते हैं। बस व अन्य माध्यम से पूरे परिवार के साथ अयोध्या पहुंचे छत्तीसगढ़िया मजदूरों की संख्या बहुत बड़ी है। अलग-अलग क्षेत्र और अलग-अलग भट्ठों से लोग यहां आए हैं और मंदिर में दर्शन किया है। भट्ठा मजदूर शिवरतन यादव ने बताया कि होली के दूसरे दिन हम लोग अपने परिवार के साथ अयोध्या आए हैं और साथ में फूल अभी गुलाल भी लाए हैं। भगवान के साथ होली खेलेंगे।

# धमकी देने का वीडियो वायरल, चार पर केस

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के बेवाना थाना क्षेत्र के अशरफाबाद गांव में मामूली कहासुनी में एक दबंग ने अपने दर्जनों साथियों संग राइफल लेकर खुलेआम एक परिवार को जान से मारने की धमकी दी। दबंगों की करतूत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो बसपा के पूर्व सांसद घनश्याम चन्द्र खरवार के बेटे और उसके रिश्तेदार का है, जिसमें आचार संहिता की धज्जियां उड़ाते हुए खुलेआम राइफल लेकर पीड़ित परिवार को धमका रहे हैं। पीड़ित ने बेवाना थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं मामले में सक्रिय हुई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीड़ित को मेडिकल के लिए भेज दिया है। बता दें कि बेवाना थानरा क्षेत्र के असरफाबाद डढ़िया निवासी राजन पाठक ने थाना में दी तहरीर में बताया कि बीते 25 मार्च को होली के दिन वह और उनके साथ के लोग साउंड ट्रैक्टर पर लगाकर गांव में घूम कर होली खेल रहे थे। तभी उसी गांव में मंजीत रास्ते से जा रहे थे, जिनका कुछ लड़कों ने बनियान फाड़ दिया था, जिस पर कहासुनी के बाद समझौता हो गया था। लेकिन कुछ ही समय बाद विपक्षी राधेश्याम पुत्र भागी्र लक्ष्मीकांत खरवार पुत्र घनश्याम चन्द्र खरवार, लक्ष्मीचंद पुत्र सरजू, आस नारायण पुत्र चंद्रभान ने उसके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज की। जिसके बाद राइफल लेकर जान से मारने की धमकी देने लगे। थानाध्यक्ष शशांक शुक्ल ने बताया कि मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अन्य कार्रवाई प्रचलित है।

# वोट के समय मतदाता फोटो पहचान पत्र जरूरी

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने के दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है उन्हें अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर सकते है।

उन्होने 12 वैकल्पिक दस्तावेजो के सम्बन्ध में बताया है कि आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंको, डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पास बुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अर्न्तगत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र, राज्य सरकार,लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान, सांसदो, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार है। उन्होने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदाता पर्ची बी.एल.ओ. के माध्यम से मतदान तिथि से कम से कम 5 दिन पूर्व वितरित करने के निर्देश दिये गये है। मतदाता सूची पर्ची पर मतदेय स्थल, मतदान का दिनांक व समय आदि का उल्लेख रहता है। मतदाता पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जायेगा। मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये मतदाता पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक साथ लाना अनिवार्य होगा।

## बाबा अब्दुल समद शाह का मनाया गया 58वां उर्स

**अमेठी।** तहसील क्षेत्र के सिंहपुर विकास क्षेत्र अंतर्गत भीखीपुर गांव में स्थित बाबा अब्दुल समद शाह का 58वां उर्स बहुत ही शान ए शौकत के साथ संपन्न हुआ। रमजान माह की 14 व 15 तारीख को लगने वाले दो दिवसीय उर्स 25, 26 मार्च को भीखीपुर गांव में बाबा के आस्ताने पर मनाया गया। गौरतलाब रहे कि बाबा समद शाह के आस्ताने पर साल में दो बार उर्स मनाया जाता है। पहला उर्स समद शाह के पीर बाबा ताजुद्दीन नागपुरी की याद गार में मोहर्रम की 26 व 27 तारीख को प्रत्येक वर्ष होता है। उपरोक्त उर्स को समद शाह बाबा ने अपने जीवन काल से ही लगाना शुरू कर दिया था। इसके अलावा दूसरा उर्स बाबा समद शाह की यादगार में रमजान के 14 व 15 तारीख को भीखीपुर गांव में ही लगता है। दोनों उर्स में बाबा के मुरीदीन, भक्त, श्रद्धालु दूर दराज क्षेत्र से आते हैं और चादरपोशी, फ़ातिहा, मन्नते करते हैं। उर्स में कई जनपदों से लोग शिरकत करते हैं और हिंदू मुस्लिम सभी एक साथ बाबा की मजार पर शीश नवाते हैं।

## सार-संक्षेप


आकाशवाणी केन्द्र में कार्यक्रम प्रस्तुत करने पहुंचे बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों ने कविता-कहानियों से मन मोहा

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** आकाशवाणी अयोध्या से रविवार को पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मुमताज नगर के बच्चों द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम बाल जगत में कविता कहानी बाल गीत पहेलियां आदि की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं शिवा, अभय अभिजीत, आरुषि, शिफा, शोएब, शुभम, तन्वी और सिद्धार्थ ने बाल जगत कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के शिक्षक सदक ए हुसैन द्वारा इन बच्चों को कार्यक्रम के पश्चात कंपनी गार्डन और सरयू घाट का भ्रमण कराते हुए एक फ्रूट पार्टी दी गई। इस अवसर पर पूरे विद्यालय परिवार सहित प्रधानाध्यापिका अख्तर बानों, खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई और आशीर्वाद दिया। बच्चों के कार्यक्रम की प्रशंसा आकाशवाणी के कार्यक्रम अधिशासी जयंत पटेल और कार्यक्रम प्रमुख संजयधर द्विवेदी ने भी की।

### क्षेत्र के निवासी देवेंद्र पाठक बने दरोगा

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज बाजार के व्यवसायी विनोद पाठक के भतीजे देवेंद्र पाठक का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में दरोगा के पद पर हुआ है। उन्होंने मुरादाबाद ट्रेनिंग केंद्र से प्रशिक्षित होकर दरोगा का पदभार ग्रहण किया। मुख्य रूप से ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले होनहार के पदभार ग्रहण करने से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। पिता कमलेश कुमार पाठक एक व्यवसायी हैं। जबकि देवेंद्र पाठक के भाई दीपक कुमार पाठक इंडियन एयर फोर्स में इंजीनियर के पद पर पहले से ही कार्यरत हैं।

### राम नवमी मेले की तैयारी बैठक कल

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में चैत्र रामनवमी मेला की तैयारी बैठक 28 मार्च को चार बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। इससे जुड़े सभी अधिकारियों को मेले से संबंधित सभी तैयारियों/सूचनाओं के साथ बैठक में बुलाया गया है। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल ने दी।

### जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन कल

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश व जिला विज्ञान क्लब अंबेडकरनगर के तत्वाधान में तृणमूल स्तर के नवप्रवर्तकों के लिए जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी 28 मार्च को साकेत एकेडमी सूरापुर में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक निरंजन लाल ने बताया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को नवप्रवर्तन के प्रति जागरूक करना है। जिससे अधिक से अधिक लोग नवप्रवर्तन गतिविधियों का महत्व जान सकें। इस प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों के साथ, किसान, शिल्पकार, कारीगर, मिस्त्री, एमएसएमई और ऐसे लोग जो संगठित क्षेत्रों से नहीं जुड़े हों प्रतिभाग कर सकते हैं। नवप्रवर्तन के क्षेत्र-संयंत्र, मशीने, परिवहन के साधन, घरेलू उपयोग के सामान, जैव विविधता के सृजनात्मक उपयोग पौधों की प्रजातियों, पशुओं व मानव के लिए हर्बल औषधि या जड़ी बूटी, ऊर्जा उत्पादन विचार जिनको व्यवहार में लाया जाना सम्भव हो। इस प्रदर्शनी में इस उत्कृष्ट नवप्रवर्तकों को प्रथम पुरस्कार आठ हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार पांच हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार तीन हजार रुपए व 2000 के पांच सांत्वना पुरस्कार के साथ सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस संबन्ध में जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने विद्यालयों को निर्देशित किया है।

### अनियंत्रित कार की टक्कर से युवक गंभीर

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** अनियंत्रित कार की टक्कर में युवक घायल हो गया। हादसे में युवक की बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। इलाज के लिए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहांगीरगंज ले जाया गया जहां से उसे डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। जिला अस्पताल में भी स्थिति में सुधार नहीं होने के बाद परिजनों द्वारा उसे आजमगढ़ जनपद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी कार चालक को वाहन समेत हिरासत में ले लिया है। पीड़ित पिता ने मामले की लिखित तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में स्थित यूनियन बैंक की शाखा के निकट का है। बता दें कि धानिकपुर गांव निवासी शशि कुमार पुत्र रामआधार अपनी बाइक से सोमवार को होली के दिन जहांगीरगंज बाजार आया था, घर लौटने के दौरान बाजार में स्थित यूनियन बैंक की शाखा के निकट पहुंचने पर सामने से आ रही अनियंत्रित कार की टक्कर में शशि कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। मंगलवार की सुबह थाने पहुंचे पीड़ित के पिता राम आधार ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले में कार्रवाई की जाएगी।



**हे राम! राम पथ पर यह हाल**

अयोध्या में रामपथ पर सीवर लाइन का डक्ट टूट गया, यहां आने वाले श्रद्धालुओं को इससे बच कर जाना पड़ रहा है। यह हाल तब है जब विकास की निगरानी के लिए एक नहीं कई विभागों की फौज लगी हुई है। जिम्मेदारों ने इतनी जरुर जिम्मेदारी निभाई कि क्षतिग्रस्त डक्ट के अगल-बगल ईटें रख दीं। बचाव का यह तरीका देख श्रद्धालु भी आश्चर्यचकित हो रहे हैं। ● छाया : अमृत विचार

# प्रबंध समिति अध्यक्ष को भी करें प्रशिक्षित : एडी बेसिक

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **अध्यक्ष व प्रधानाध्यापकों के लिए प्रशिक्षण आवश्यक : बीएसए**

▸▸ **ब्लाकों पर ट्रेनिंग देने के लिए प्रशिक्षित किए गए 48 शिक्षक**

**अमृत विचार :** शैक्षिक सत्र 2023-24 में जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों की प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षित किये जाने के लिए मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किए जाने के लिए जनपदस्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) सभागार में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का प्रारंभ एडी बेसिक रामसागर पति त्रिपाठी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार राय ने किया। संचालन जिला समन्वयक सामुदायिक शिक्षार नमन राज ने किया। प्रबंध समिति के सदस्यों व उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों, सामुदायिक एवं अभिभावकों की सहभागिता एवं पॉजिटिव पैरेंटिंग आदि की जानकारी दी। जिले स्तर पर 48 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षक सदक ए हुसैन रहे। एडी बेसिक रामसागर त्रिपाठी ने कहा कि निपुण भारत मिशन के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए माता-पिता समुदाय और अभिभावकों को कार्यक्रम तथा योजनाओं से जोड़ने एवं जागरूक करने की जरूरत है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने कहा कि ब्लॉकों के प्रशिक्षण में विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष और प्रधानाध्यापकों को प्रबंध समिति के कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाए।

दिनेश पांडेय ,मुकेश प्रताप सिंह भारती पाठक ,रविंद्र गौतम, राधेश्याम अंबेश, रमाशंकर, प्रदीप शर्मा आशुतोष यदुवंशी ,गौरव रावत आशीष त्रिपाठी,गीता,दिव्या कुमारी, अर्चना सिंह ,शालू सिंह शामिल रहे।

**लापरवाही** एआरएम ने रिपोर्ट के लिए सीओ को लिखा पत्र, रोडवेज बस चालक से मारपीट का मामला

# सड़क पर दिख रही डग्गामार वाहनों की भरमार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सड़क पर डग्गामार वाहनों की भरमार है। रोडवेज बसों के संचालन में इससे दिक्कत हो रही है। रोडवेज बस चालक के साथ मारपीट की गई। मामले में एआरएम ने रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई के लिए क्षेत्राधिकारी पुलिस को पत्र लिखा है।

बता दें कि 20 मार्च को रोडवेज की बस संख्या यूपी-42 एटी-8391 के चालक को खजुरहट में मारा पीटा गया था। उसने इसकी शिकायत एआरएम रोडवेज से की थी। इसके बाद उन्होंने मल्कीपुर के क्षेत्राधिकारी को पत्र लिखा। पत्र में कहा गया कि रोडवेज की बस अयोध्या-मिल्कीपुर, खजुरहट होते हुए अमानीगंज चलाई जाती है। 20 मार्च को डग्गामार वाहन यूपी-44-एटी-2626 के चालक ने रोडवेज बस के चालक को मारापीटा। कहा कि इस रोड पर बस लेकर मत आना नहीं तो फिर मारूंगा। कहा है कि अक्सर रोडवेज बस चालकों के साथ मारपीट और गाली गलौच की जाती है। ऐसी स्थिति में निगम के बस के संचालन करा पाने में कठिनाई हो रही है। यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस डग्गामार वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के लिए कहा है। जिससे बसों का संचालन सुचारू हो सके। राजस्व की हानि और यात्रियों को होने वाली असुविधा से बचा जा सके। फिलहाल पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है।




### डग्गामार वाहनों से बढ़ी समस्या

अयोध्या से जाने वाले विभिन्न मार्गों पर डग्गामार वाहनों की भरमार है। आए दिन ऐसी घटनाएं होती है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया गया था। इस दौरान बड़ी संख्या में छोटे बड़े डग्गामार वाहन पकड़े गए थे। लेकिन अभियान समाप्त होने के साथ ही यह वाहन फिर सड़कों पर आ गए। समस्या बढ़ने लगी है।

# महिला को पीटने और जहर खिलाने का आरोप

जलालपुर, अबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** भाई ने बहन के ससुराली जनों पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर और विषाक्त पदार्थ खिलाकर मौत के घाट उतारने की तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। बता दें कि मृतका के भाई निरंजन गौड़ निवासी रतना थाना कटका ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया की मेरी बहन लीलावती उम्र करीब 48 साल का विवाह थानाक्षेत्र के डीह भियांव (कोइरीपूरा) गांव निवासी पल्टू के साथ हुई थी, जिनके पांच बच्चे हैं। जिसके साथ विपक्षी पल्टू, सोहन व सोहन की पत्नी सोनम दुर्व्यहार करते थे। जिसको 25 मार्च रात 8 बजे गाली-गलौज देते हुए मारे पीटे जिसके कारण उसे गंभीर चोट आयी। इसके बाद विषाक्त पदार्थ खिला दिए जिससे वह अचेत हो गई। इस मामले की जानकारी फोन द्वारा दी गई। सूचना पर कुछ लोगों के साथ पहुंचा जिसको इलाज के लिए निजी अस्पताल बसखारी ले गया। जहां से हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान होश में आने के बाद उसने आप बीती बतायी। लेकिन यहां से भी इलाज के लिए पीजीआई टांडा के लिए भेज दिया गया। जहां इलाज के दौरान बहन लीलावती ने बीती रात दम तोड़ दिया। भाई ने इन सभी के खिलाफ कटका थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध मे जब कटका थानाध्यक्ष से जानकारी लेने के लिए फोन मिलाया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।



**16वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.34 बजे
इफ्तार : 06.26 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04. 31 बजे
इफ्तार : 06.18 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# चहुंओर बिखरे होली के रंग, हर्षोल्लास के साथ मना त्योहार

## डीजे की धुन पर जमकर थिरके युवाओं ने खेली होली, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट रहा प्रशासन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक हर्षोल्लास और उमंग के साथ होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। सुबह जहां विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं ने कपड़ा-फाड़ होली खेली तो वहीं दोपहर के बाद अबीर व गुलाल लगाने का दौर शुरू हुआ। लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर गले मिलकर होली के त्योहार की बधाई दी।

वहीं, इससे पहले रविवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में विधि विधान के साथ होलिका दहन किया गया। होली पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जनपद की पुलिस सक्रिय रही। अकबरपुर नगर के शहजादपुर आदि क्षेत्रों में जमकर कपड़ा फाड़ होली खेली गई। दोपहर तक यह सिलसिला विभिन्न क्षेत्रों में चलता रहा। दोपहर बाद युवाओं की टोली ने डीजे के धुनों पर थिरकते हुए होली का जश्न मनाया। आलापुर, जलालपुर, भीटी, महरुआ व कटेहरी आदि क्षेत्रों में होली पर्व धूमधाम से मना। छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग व महिलाएं एक दूसरे को रंग लगाकर गले मिलकर होली की बधाई दिया। युवाओं की टोलियां डीजे के धुन पर थिरकते नजर आए। जिला मुख्यालय अकबरपुर सहित टांडा, हंसवर, इलिफातगंज में जुलूस निकाला गया। इस दौरान प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही।



ग्रामीण क्षेत्र में कपड़ा फाड़ होली खेलते युवा।



एक-दूसरे को रंग लगाने के बाद सेल्फी लेते युवक।

### सुरक्षा व्यवस्था रही चुस्त-दुरुस्त

पुलिस प्रशासन होली पर्व को लेकर काफी चौकन्ना रहा। पुलिस की चौकसी के कारण जनपद में होली का त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटा। रविवार को जहां पुलिसकर्मियों ने निगरानी के बीच होलिका दहन का कार्यक्रम संपन्न कराया। वहीं, सोमवार को होली के दिन भी पुलिस की सतर्कता के चलते कहीं पर किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और एएसपी विशाल पांडेय संबंधित सीओ और थानाध्यक्षों से लगातार आवश्यक फीडबैक लेते रहे।



महामूर्ख सम्मेलन में मौजूद लोग। अमृत विचार

### महामूर्ख सम्मेलन का हुआ आयोजन

सायं काल टांडा नगर क्षेत्र चौक स्थित राम लीला रंग मंच पुराना रामलीला मैदान में होली मिलन समारोह के दौरान महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक ईश्वर दयाल जायसवाल ने महामूर्ख, मूर्खाधिराज, महाघाघ पदों के लिए बागवान फाउंडेशन के अध्यक्ष विश सलूजा को महामूर्ख, नगर के प्रमुख व्यसायी संजीव जायसवाल को मूर्खाधिराज व एडवोकेट जयप्रकाश तिवारी को माहाघाघ पद पर आसीन कराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह का संचालन अनिरुद्ध अग्रवाल ने किया। समारोह के दौरान भाजपा नेता रामसूरत मौर्य, पूर्व विधायक प्रतिनिधि श्याम बाबू गुप्ता, एडवोकेट अजय प्रताप श्रीवास्तव, पंडित राकेश कुमार मिश्रा, प्रदीप मांझी ने कविता, चुटकुला, व्यंग विनोद के माध्यम से अपनी बात को रख। इस दौरान मौजूद सैकड़ों लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। समारोह के अंत में गुदगुदी पत्रिका का विमोचन भी किया गया।

## एक नजर

### एक किलो गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** थाना मालीपुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान रसूलपुर बाकरगंज से एक अभियुक्त को 1 किलो 127 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम बिरेन्द्र कुमार यादव उर्फ विरेन्द्र दास त्यागी पुत्र भरतलाल यादव निवासी ग्राम रसूलपुर बाकरगंज थाना मालीपुर बताया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 1 किलो 127 ग्राम अवैध गांजा भी बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ थाना स्थानीय पर मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक विनोद कुमार पांडेय, हेड कांस्टेबल विनोद प्रचेता, हेड कांस्टेबल मनोज यादव, कांस्टेबल कुलदीप, कांस्टेबल हिमांशु सोलियान शामिल रहे।

### अवैध शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** कटका थाने के उप निरीक्षक विनीत कुमार सिंह अपने हमराही व आबकारी सिपाही के साथ क्षेत्र की देखभाल के लिए रफीगंज बाजार में मौजूद थे। तभी मुखबिर ने सूचना दिया कि निमटिनी मोड़ के पुलिया के पास एक युवक मौजूद है। जो अवैध कच्ची शराब की एक पिपिया लिया हुआ है। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर तलाशी लिया तो उसके पास से कच्ची शराब बरामद हुई है। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सूरज निवासी दुल्हुपुर सिघहोरिया थाना कटका बताया है। जबकि मालीपुर पुलिस ने दूरभाष की सूचना पर नेमपुर में उड़न दस्ता द्वारा चेकिंग के दौरान एक बाइक की तलाशी ली गई तो डिग्गी में 25 पाउच देशी शराब बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम बृजेश निषाद निवासी महेशपुर थाना मालीपुर बताया। इसमें मोटरसाइकिल को सीज करते हुए आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# सरयू नदी में नहाने गए तीन दोस्त डूबे, दो के शव बरामद

▸▸ एसडीएम व सीओ समेत स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का लिया जायजा

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के सरयू नदी के तट पर होली के दिन तीन दोस्त नहाने पहुंचे गए। नदी में नहाते समय तीनों दोस्त अचानक डूबने लगे। स्थानीय लोगों ने बचाने का प्रयास किया। लेकिन एक युवक की डूबने से मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक का शव मंगलवार को बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, तीसरे युवक को रविवार को बचा लिया गया था जिसकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहांगीरगंज में कार्यरत तीन दोस्त पुष्पेंद्र, देवेंद्र, हिमांशु ने होली का आनंद लेते हुए कम्हरिया घाट सरयू नदी के तट पर पहुंच गए। जहां पर तीनों दोस्तों ने होली खेलने के उपरांत नदी में नहाने लगे। नहाते समय तीनों दोस्त पुष्पेंद्र, देवेंद्र, हिमांशु अचानक डूबने लगे। डूबते देख स्थानीय लोगों ने बचाने का प्रयास किया। लेकिन पुष्पेंद्र की नदी में डूबने से रविवार को ही मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक देवेंद्र को बचा लिया है लेकिन उसकी भी हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि तीसरे युवक हिमांशु का शव गोताखोरों की मदद से मंगलवार को बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष विजय तिवारी ने बताया कि नदी में तीन युवक डूबे थे। जिसमें से दो युवकों के शव को बरामद कर लिया गया है। वहीं एक युवक को डूबने से बचा लिया गया है। मौके पर थानाध्यक्ष राजेसुल्तानपुर, थानाध्यक्ष जहांगीरगंज, क्षेत्राधिकारी आलापुर आरबी सिंह, गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम मौजूद रही। उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज ने बताया कि तीनों युवक पुष्पेंद्र राजस्थान, देवेंद्र मैनपुरी और हिमांशु मथुरा के रहने वाले हैं। स्थानीय लोगों की मदद से नदी में डूबने से देवेंद्र को बचा लिया गया और पुष्पेंद्र और हिमांशु की नदी में डूबने से मौत हो गई है। गोताखोरों की मदद से शव को बरामद कर लिया गया है।



घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

### पुलिस ने महिला समेत तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना सम्मनपुर क्षेत्र में पुलिस ने विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सम्मनपुर पर सूचना प्राप्त हुई की ग्राम मेवड़िया में अमित पुत्र स्व. राम मूरत निवासी थाना जलालपुर उम्र लगभग 29 वर्ष घायल अवस्था में पड़े हुए है। स्थानीय पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों से तहरीर पर थाना स्थानीय पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना सम्मनपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमों से सम्बन्धित के अभियुक्त संदीप पुत्र गुरू प्रसाद, शीला पत्नी गुरु प्रसाद, लालती उर्फ प्रियंका पुत्री गुरु प्रसाद निवासी ग्राम मेवड़िया थाना सम्मनपुर को मुखबिर की सूचना पर उनके घर ग्राम मेवड़िया से गिरफ्तार किया है।

# बसपा जिलाध्यक्ष व पार्टी नेता पर आचार संहिता उल्लंघन पर केस

▸▸ अकबरपुर कोतवाली और बसखारी थाने में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह के दिए गए निर्देश के तहत आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर बसपा के सम्भावित लोकसभा उम्मीदवार कलाम शाह और बसपा जिलाध्यक्ष सुनील सावंत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। बता दें कि बसपा के सम्भावित लोकसभा उम्मीदवार कलाम शाह अपने समर्थकों के साथ लगभग 20 कार और 50 मोटर साइकिल जिस पर लगभग 200 अज्ञात लोग सवार थे। जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए अकबरपुर की ओर जा रहे थे। उनके खिलाफ थाना बसखारी में धारा 171 एच और 188 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं बसपा जिलाध्यक्ष सुनील सावंत निवासी मो. फटूपट्टी थाना कोतवाली टांडा अपने 150 समर्थकों के साथ वाहनों पर बसपा का झंडा लगाकर बसखारी-अकबरपुर मार्ग को वाधित करते हुए वाहनों को सड़क पर रोककर नारा लगा रहे थे। जिसके कारण आम जन मानस को आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए अकबरपुर कोतवाली में बसपा जिलाध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस प्रकार आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। जिससे आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष पारदर्शी सम्पन्न कराया जा सके।

# सी विजिल एप पर करें आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा के उपरांत आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के शिकायत के लिए सी विजिल एप (आदर्श आचार संहिता का प्रहरी) उपलब्ध है।

जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने आमजन से अपील किया है कि अब से लेकर चुनाव तक के दौरान प्रलोभन भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों को इस एप के माध्यम से किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से केवल मौके की फोटो और वीडियो लगाई जा सकती है। इस प्रकार अगर कोई लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 का प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो कोई भी व्यक्ति इस ऐप के माध्यम से शिकायत कर सकता है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और यदि शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद वासियों से अपील किया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायत सी विजिल एप पर अवश्य दर्ज कराए। जिससे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न कराया जा सके।



अविनाश सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं मधुर कुमार शुक्ला से अपना नाम बदलकर मधुर शुक्ला रख रहा हूँ। आज से मुझे मधुर शुक्ला के नाम से जाना व पहचाना जाये। **निवासी -पावर हाउस के पीछे, आशा नगर, हरदोई।**

**सूचना**

मैने अपना नाम शोभा सिंह SHOBHA SINGH से बदलकर सोभा सिंह SOBHA SINGH कर लिया है उक्त दोनों नाम एक ही महिला के हैं समस्त दस्तावेजों में मुझे सोभा सिंह SOBHA SINGH नाम से पहचाना जाए। **सोभा सिंह पत्नी राकेश कुमार सिंह 109/344 आर के नगर कानपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र मो0 जुबैर पुत्र मोहम्मद फारूक निवासी ग्राम पोस्ट मदनपुर थाना कोतवाली फतेहपुर को गलत चाल चलन के कारण बेदखल करती हूं अब मेरा अपने पुत्र मोहम्मद जुबेर से किसी भी प्रकार का कोई वास्ता सरोकार भविष्य में नहीं रहेगा **तैय्यबा खातून पत्नी मोहम्मद फारूक निवासी ग्राम और पोस्ट मदनपुर थाना कोतवाली फतेहपुर जनपद बाराबंकी**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री अंजली वर्मा के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के अंकपत्र सह प्रमाण पत्र में मेरा नाम महेश प्रसाद वर्मा त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में सही नाम महेश प्रसाद है। अतः मेरी पुत्री के शैक्षिक अभिलेखों में मेरा सही नाम महेश प्रसाद अंकित किया जाये। **महेश प्रसाद पुत्र स्व0 नन्दलाल निवासी ग्राम रमुवापुर, पो0 माधौगंज, तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई, वर्तमान पता लक्ष्मी बिहार कालोनी, निकट गल्लामण्डी सरकुलर रोड, हरदोई।**






















अमृत विचार www.amritvichar.com

## एक नजर

### बच्चों के विवाद में हुई मारपीट में छह महिलाएं घायल

परसपुर, अमृत विचार : बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिससे आधा दर्जन महिलाएं घायल हो गईं। सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों पर केस दर्ज किया गया है। पूरे अंगद निवासी शिवसहाय यादव ने बताया कि उनके गांव निवासी रमेश निषाद, रामकुमार निषाद तथा शत्रोहन निषाद रविवार की शाम बच्चों के विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारने लगे हल्ला सुनकर भाई व भतीजे बचाने आये तो उनकी भी पिटाई कर दिये जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। दूसरे पक्ष के रामकुमार निषाद ने बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर शिव सहाय यादव, संतोष यादव, जगतराम यादव तथा बृजलाल आदि ने हमला बोल दिया।

# खाद्यान्न वितरण: गरीबों के निवाले पर सर्वर फेर रहा पानी

## नयी ई-पास मशीन से नहीं हो पा रहा राशन वितरण, घंटों लाइन लगाने के बाद घर लौट जाते हैं ज्यादातर कार्डधारक

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** सर्वर की समस्या ने गरीबों के निवाले पर संकट खड़ा कर दिया है। इस गर्मी में जब राशन कार्ड धारक खाद्यान्न लेने जाता है तो मशीन में नेटवर्क ना होने के बात सामने आ रही है।

खाद्यान्न वितरण शुरू हुए नौ दिन हो गए, लेकिन किसी दुकान पर शायद ही 50 राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरित किया गया हो। मार्च माह से नई मशीनों से खाद्यान्न वितरण का आदेश था जिसको लेकर पूरे प्रदेश सहित जनपद में लिंक बेल कंपनी की मशीन आ गई। कंपनी के प्रतिनिधियों ने इलेक्ट्रॉनिक वेइंग व ई-पास मशीन को लेकर प्रशिक्षण भी दिया। जब कोटेदारों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था तो कोटेदारों ने मशीन में वोडा व बीएसएनएल की सिम लगी होने की बात कहते हुए नेटवर्क न होने की समस्या को रूबरू कराया था। मांग भी किया गया था कि नई मशीन में एयरटेल या जिओ कंपनी का सिम लगाया जाए।

अधिकांश मशीनों में जिओ व एयरटेल का सिम लगाया गया लेकिन नेटवर्क सही नहीं आ रहा है। लाभार्थी दुकान पर जाकर घंटों अंगूठा लगाने के लिए खड़े रहते हैं और जब अंगूठा नहीं लगता है तो घर आ जाते हैं। काफी ऐसे लाभार्थी है जो दैनिक मजदूरी करते हैं उनके लिए है नेटवर्क अभिशाप बनता जा रहा है। और तो और अंत्योदय कार्ड धारकों को चीनी भी नहीं मिल सकेगी। नगर पालिका परिषद गोंडा के दयानंद नगर मोहल्ले में स्थित उचित दर विक्रेता ज्ञानमती सोनी के यहां काफी भीड़ रही। रूबी कहती हैं कि सुबह आई हूं। कई बार अंगूठा लगाना है ,लेकिन खाद्यान्न नहीं मिल सका। रमेश का कहना है कि दो बार आया हूं। गर्मी भी पड़ रही है। घंटों धूप में खड़ी रहा, नेटवर्क की बड़ी समस्या है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि नेटवर्क न होने से वितरण में असुविधा हो रही है। कोटेदारों को नई सिम दी गई है। कंपनी के प्रतिनिधियों से नेटवर्क की समस्या को लेकर वार्ता की जा रही है।

# गेहूं खरीद: 3250 किसानों ने कराया पंजीकरण

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मूल्य समर्थन योजना के तहत जिले में गेहूं खरीद को लेकर 98 क्रय केंद्र स्थापित कर दिये गये हैं। मंडी में विभिन्न एजेंसियों के 11 क्रय केंद्र किसानों के गेहूं को खरीदने के लिए स्थापित किए गए हैं।

● जिले में तैयार नहीं है गेहूं की फसल, करना होगा इंतजार

गेहूं क्रय नीति के अनुसार इस बार गेहूं खरीद 1 मार्च से शुरू हुई है। जिसको लेकर केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं। अभी तक 3250 किसानों ने अपनी उपज को बेचने के लिए पंजीकरण कराया है। जिले में अभी गेहूं की फसल तैयार भी नहीं है। पहले खरीद की शुरुआत अप्रैल माह में होती थी। लेकिन इस बार खरीद सत्र 2024- 25 की शुरुआत 1 मार्च से करने को कहा गया। सरकार आदेश पर कांटे बांट रखकर क्रय केंद्र तो खोल दिए गए लेकिन गेहूं की आवक अप्रैल के पहले सप्ताह से ही शुरू हो सकेगी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने गल्ला मंडी पहुंचकर केंद्र का निरीक्षण करते हुए केंद्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस बार गेहूं खरीद के लिए 6 एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मूल्य समर्थन योजना के तहत इस बार किसानों से गेहूं 2275 रुपए प्रति कुंतल के भाव से खरीदा जाएगा। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि जनपद में अब तक गेहूं खरीदने के लिए 98 क्रय केंद्र का अनुमोदन किया गया। मंडी स्थल पर स्थापित क्रय केंद्र का निरीक्षण किया गया है। गेहूं बेचने के लिए 3250 किसानों ने पंजीकरण कराया है।

# आग लगने से छप्पर का मकान जलकर राख

**इटियाथोक, अमृत विचार:** सोमवार की रात छप्पर में आग लग गई जिसमें गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना थाने पर दी गई है। ग्राम खिरौरा शहबाज बेनीपुर बहुता के राम शंकर ने बताया कि रात में अज्ञात व्यक्ति ने उनके छप्पर में आग लगा दी। आग बुझाने के दौरान उसका हाथ झुलस गया। आग लगने से छप्पर के भीतर रखे गेहूं चावल बर्तन चारपाई कपड़े जलकर राख हो गये। काफी देर बाद लोगों ने हैंडपंप चला कर आग बुझाई। तब तक गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। आगजनी की सूचना थाने पर दी गई है।

# जिले में धूमधाम से मनी होली, खूब उड़ा गुलाल

## डीजे की धुन पर युवाओं ने मचाया धमाल, ढोलक की थाप और पारंपरिक चौताल ने जमाया रंग

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** रंगोत्सव का पर्व जिले में धूमधाम से मनाया गया। रविवार को विधि विधान से होलिका दहन किया गया और सोमवार को रंगोत्सव की धूम रही। अयोध्या में भगवान राम की पहली होली को लेकर होली खेलैं रघुवीरा अवध मा ..गीत लोगों की जुबान पर रहा और जगह जगह मंदिरों पर होली के दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहर में डीजे पर बजते रंग बरसे भीगे चुनर वाली जैसे फिल्मी गीतों पर युवाओं ने जमकर धमाल मचाया तो ग्रामीण क्षेत्र में ढोलक की थाप पर होरिहारों ने पारंपरिक चौताल गाकर होली का रंग जमाया।

पिछले वर्ष की तरह इस साल भी होली का त्योहार दो दिन मनाया गया। रविवार को पूर्णिमा तिथि पर रात 11.15 बजे के बाद होलिका दहन हुआ। पूरे विधि विधान से पहले होलिका की पूजा की गयी और फिर आग लगायी गयी। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक भक्त प्रहलाद के जयकारे लगाए गए। वहीं सोमवार को रंगोत्सव पर्व पर जमकर अबीर गुलाल उड़ाया गया। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल और रंग लगाकर होली खेली और गले मिलकर होली की बधाई दी। शहर में डीजे तो गांवों में ढोलक की थाप पर युवा बुजुर्ग और बच्चे थिरकते रहे। महिलाएं भी होली खेलने में पीछे नहीं रहीं। महिलाओं ने भी टोली बनाकर होली खेली और एक दूसरे के साथ मिलकर जमकर मस्ती की।

मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी अपने बाबागंज स्थित आवास पर सुबह से ही मौजूद रहे और पूरे दिन क्षेत्रीय जनता व समर्थकों के साथ होली खेलते रहे। ब्लाक परिसर में स्थानीय पत्रकारों की तरफ से होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। सोनबरसा स्थित बाबा खरखरदास आश्रम पर फूलों की होली खेली गयी। आश्रम के पीठाधीश्वर संत छोटे बाबा ने अपने अनुयायियों व स्थानीय लोगों के साथ होली खेली। यहां जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दूबे समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इटियाथोक क्षेत्र में होली बड़ी धूमधाम से मनाई गई। हनुमान मंदिर चौराहे पर फूलों की होली खेली गई। करनैलगंज क्षेत्र में होली धूमधाम से मनाई गई। सुबह आठ बजे से अपराह्न एक बजे तक होली का हुड़दंग चला। लोगों ने एक दूसरे को रंगों से सराबोर किया। होली के पर्व पर सकरौरा बड़ा शिवालय से परंपरागत रूप से राधा कृष्ण की झाँकी निकली जो नगर की प्रमुख मंदिरों से होते हुए चौक घंटाघर तक लाई गई। इस बीच लोगों ने फूलों से सजे रथ पर विराजमान राधा-कृष्ण के साथ अबीर-गुलाल और फूलों से होली खेली। विमान नगर के आदि शक्ति माता भवानी मंदिर चौक घंटाघर पर पहुंचने पर ग्रामीण व नगर क्षेत्र लोगों ने सामूहिक होली खेली। गली कूचों में झुंड बनाए बच्चे और युवा राहगीरों को रंग लगा रहे थे। नगर के बालूगंज, कसगंरान, गुड़ाही बाजार, कैलाश बाग रोड, हुजूरपुर रोड, रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप सहित विभिन्न स्थानों पर त्योहार का उत्साह देखने लायक था। रंग अबीर गुलाल के साथ कपड़ा फाड़ होली भी खेली गई। चौक घंटाघर, छतई पुरवा रेलवे क्रॉसिंग आदि स्थानों पर हुड़दंगियों ने होली खेलते समय एक-दूसरे के कपड़े फाड़ दिए। सुरक्षा में कोतवाल निर्भय सिंह, चौकी प्रभारी आशीष वर्मा समेत भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। मनकापुर में सोमवार को क्षेत्र के नगर व ग्रामीण अंचलों में होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस मौके प्रभारी निरीक्षक भारी फोर्स के साथ भम्रणशील रहे। सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने शुभकामनाएं दी। इस मौके पर हरीश पाण्डेय, दुर्गेश कुमार सोनी, वैभव सिह, प्रदीप कुमार गुप्ता, कुक्कू चोपड़ा आदि मौजूद रहे। मंगलवार को पुलिस कर्मियों ने कोतवाली परिसर में डीजे की धुन पर जमकर रंग-अबीर डालते हुए डांस किया।


करनैलगंज में होली खेलते लोग। अमृत विचार


होली खेलते युवा। अमृत विचार


शहर में होली का जश्न मनाते लोग। अमृत विचार


धानेपुर के जोतिया गांव में चौताल गाते ग्रामीण। अमृत विचार


शहर के जानकीनगर में होली खेलने के दौरान सेल्फी लेतीं महिलाएं। अमृत विचार


मनकापुर कस्बे में होली के दौरान गश्त करती पुलिस। अमृत विचार


वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को उपहार देते लोग। अमृत विचार

### वृद्धाश्रम में होली मिलन समारोह का आयोजन

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** पंतनगर स्थित वृद्धआश्रम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन अध्यक्ष अविनाश सिंह ने किया और कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अनिता मिश्रा ने किया। इस कार्यक्रम में होली पर भजन के साथ साथ बुजुर्गों व महिलाओं के साथ नाच कर होली खेली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ समीर गुप्ता, प्रोफेसर आरबी सिंह बघेल, डॉ घनश्याम गुप्ता, डॉ अतुल सिंह, जसपाल सिंह सलूजा और विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय प्रकाश सिंह, डॉ मधुसूदन सिंह, अमर यादव, गौरव पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अजेय विक्रम सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि इंकलाब फाउंडेशन द्वारा ऐसा कार्यक्रम हर वर्ष होता है जो सराहनीय है। मिठाई वितरण, फल वितरण, गुलाल अबीर वितरण करके सामूहिक रंगोत्सव मनाया गया। वृद्धजनों ने फाउंडेशन के सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस पर्व के मौके पर सभी आनंदित व खुश रहे हम सभी यही आशीर्वाद देते हैं। कार्यक्रम में केबी सिंह, डॉ अरुण सिंह, आयुष मिश्रा, आदेश मिश्रा, मोहित सिन्हा, अविनाश सिंह, कार्तिकय सिंह, दिव्यांश मौजूद रहे।

# व्यवस्था : अब बस अड्डे तक नहीं पहुंचेंगी अन्य डिपो की बसें

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** अब किसी भी डिपो की बसें गोंडा डिपो तक नहीं आएंगी। सभी बसें बाईपास से ही संचालित की जाएंगी। सभी रूटों से यहां अन्य डिपो की बसों के आवागमन के लिए नया रूट चार्ट जारी कर दिया गया है।

● जाम से निपटने के लिए लागू हुई नयी व्यवस्था

शहर को जाम से बचाने के लिए यह नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। परिवहन निगम देवीपाटन रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक अपराजित श्रीवास्तव ने बताया कि मंडलायुक्त से मिले निर्देशों के क्रम मे शहर को जाम से बचाने के लिए यह नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। अब किसी भी डिपो की बसें गोंडा डिपो तक नहीं आएंगी। अब तक शहर स्थित राजकीय बस अड्डा पहुंचने वाले अन्य डिपो की बसों के लिए नए रूट का डायवर्जन प्लान जारी किया गया है। इस नई व्यवस्था के अनुसार लखनऊ मार्ग से गोंडा आने वाली बसें अम्बेडकर चौराहे तक ही आएगी और वहीं से लौट जाएंगी। लखनऊ मार्ग से बलरामपुर की ओर जाने वाली बसें अंबेडकर चौराहे से डीजल डिपो होते हुए बड़गांव पुलिस चौकी चौराहे से घूमकर बलरामपुर की ओर जाएंगी। बहराइच से अयोध्या-प्रयाग जाने वाली बसें मिश्रौलिया ओवरब्रिज से बड़गांव चौकी, मुन्नन खां तिराहे से घूमकर आएंगी जाएंगी। प्रयागराज-अयोध्या से बहराइच जाने वाली बसें इसी वापसी रूट से वाया मिश्रौलिया ओवरब्रिज बहराइच की ओर जाएंगी। आरएम अपराजित श्रीवास्तव ने बताया कि मंडलायुक्त के निर्देश हैं कि पार्किंग में समस्या उत्पन्न करके बसें यहां वहां खड़ी पाए जाने पर चालान और वाहन सीज किए जाएंगे।

# फंदे से लटका मिला युवती का शव

**करनैलगंज, अमृत विचार:** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के पाल्हापुर गांव में एक युवती का शव उसके दुपट्टे के फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मंगलवार की सुबह पुलिस चौकी चचरी क्षेत्र अंतर्गत पाल्हापुर में 18 वर्षीय रजनी पुत्री शंकर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके दुपट्टे के सहारे कमरे में लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पंचनामा के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया युवती के खुदकुशी का मामला प्रतीत हो रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला साफ होगा।

# चुनाव से पूर्व जमा करने होंगे लाइसेंसी असलहे

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिला मजिस्ट्रेट नेहा शर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए जनपद के लाइसेंसी असलहों को जमा कराने के लिए स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है। स्क्रीनिंग कमेटी में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट एवं समस्त एसडीएम सदस्य के रूप में शामिल होंगे। डीएम ने आदेश दिए कि थाना प्रभारी पुलिस अधीक्षक के माध्यम से रिपोर्ट गठित स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। स्क्रीनिंग कमेटी आयुध अधिनियम 1959 तथा दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत आग्नेयास्त्र जमा करने का निर्णय लेगी। जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि स्क्रीनिंग कमेटी की रिपोर्ट प्राप्त होने पर लाइसेंसिंग अथॉरिटी द्वारा अधिसूचना जारी होने के पश्चात उम्मीदवारी वापस लेने के दिनांक से पहले लाइसेंसी को आग्नेयास्त्र जमा करने के लिए व्यक्तिगत नोटिस दी जाएगी। लाइसेंसी तत्काल और प्रत्येक दशा में नोटिस प्राप्ति के पास दिवस के भीतर आग्नेयास्त्र जमा करेगा। लाइसेंसी को उसकी रसीद प्रदान करेंगे।

# मेगा लकी ड्रा में पेट्रोल ग्राहक प्रदीप तिवारी को मिली बाइक

**करनैलगंज, अमृत विचार :** भारत पेट्रोलियम की ओर से आयोजित मेगा ड्रा स्कीम में पेट्रोल ग्राहक प्रदीप तिवारी को ईनाम में बाइक प्रदान की गई।

करनैलगंज-हुजूरपुर मार्ग पर स्थित आर.एन.एस. एनर्जी पेट्रोल पम्प पर रविवार को भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के तत्वावधान में मेगा ड्रा स्कीम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपेंद्र मिश्रा उर्फ पप्पू ने व संचालन धीरेन्द्र मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत पेट्रोलियम के सेल्स आफिसर शाकिब जमाल हाशमी रहे। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पेट्रोल पम्पों पर तेल भरवाने वाले ग्राहकों को प्रोत्साहित करने के लिए भारत पेट्रोलियम ने दिसंबर से मार्च तक 200 रुपये व उससे अधिक के पेट्रोल की खरीद करने वाले पांच पेट्रोल पम्पों के ग्राहकों का नाम लकी ड्रा व मेगा ड्रा स्कीम में शामिल किया गया था। इस स्कीम के तहत जिस ग्राहक के नाम की पर्ची हर पन्द्रह दिन में होने वाले ड्रा में निकली उसे वाटर कूलर, प्रेस व कूकर आदि उपहार देकर सम्मानित किया गया था एवं मेगा ड्रॉ में जिस ग्राहक की पर्ची निकलेगी उसे मोटर साइकिल देकर सम्मानित किया जाएगा। डीलर अनोखेलाल, जियाउल हक़, फरहान, आदित्य तिवारी व मनमोहन सिंह ने भी अपने विचार रखे। उसके बाद आरएनएस एनर्जी सैलुशन, श्री राम ऑटो मोबाईल व हिन्द फ्यूल, आरपी तिवारी फिलिंग व इंडोफलकान पेट्रोल पम्प के ग्राहकों के नाम की पर्ची एक साथ शामिल करके निकाली गई पर्ची में थाना कटरा बाजार क्षेत्र के ग्राम गौरवा निवासी प्रदीप तिवारी का नाम निकला जो आरएनएस एनर्जी सॉल्यूशन्स का ग्राहक था। उसे सेल्स ऑफिसर व डीलरों ने मोटरसाइकिल देकर सम्मानित किया।

# जब पूर्व मंत्री का महंगाई से हुआ सामना

## चाट की दुकान पर बैठकर पूर्व मंत्री ने पूछा सब्जी का भाव, बिना खरीदे ही चले गए

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार में समाज कल्याण मंत्री रहे वरिष्ठ भाजपा नेता व मनकापुर विधायक रमा पति शास्त्री की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें वह एक चाट की दुकान पर बैठकर सब्जी का भाव पूछते दिखाई दे रहे हैं। सब्जी विक्रेता ने जब दाम बताया तो पूर्व मंत्री बिना सब्जी लिए ही चले गए। इस दौरान उन्होंने आसपास के लोगों से उनका हाल चाल भी पूछा। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि सब्जियों के दाम सुनकर आज मंत्री जी को भी महंगाई का आभास हो गया होगा और वह बिना सब्जी खरीदे ही चले गए। इस बार चुनाव में विकास के साथ साथ महंगाई भी बड़ा मुद्दा है। डीजल पेट्रोल की बढ़ती कीमतों का सीधा असर खेती किसानी पर दिख रहा है। हालांकि चुनाव से ठीक पहले पेट्रोलियम कंपनियों ने डीजल और पेट्रोल के दामों में 2 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है लेकिन यह कटौती किसानों के लिए नाकाफी है। फसलों की लागत अधिक होने से सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। आम आदमी की सब्जी कहा जाने वाला आलू बाजार में 20 रुपये व प्याज 30 रुपये प्रति किलो पहुंच गया है। जबकि भिंडी व करैला 80 रुपये किलो बिक रहा है। टमाटर 40, मटर 60, लौकी 30 रुपये और कद्दू 40 रुपये किलो बिक रहा है। अदरक 160 प्रति किलो है। सब्जियों की बढ़ी कीमतों का असर आम आदमी के जेब पर पड़ रहा है लेकिन सत्ता पक्ष महंगाई के मुद्दे पर बोलने को तैयार नहीं है। रविवार को प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री को महंगाई का एहसास जरूर हो गया। दरअसल पूर्व मंत्री व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के एक कार्यकर्ता के घर आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।


अंधियारी में सब्जी की दुकान पर बैठे पूर्व मंत्री व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री।

# भाजपाजनों ने बैठक कर बनाई रणनीति

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने प्रतिभाग किया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप एवं संचालन जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी ने किया।

बैठक में जिला प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने कहा कि हमें शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रदत्त सभी अभियानों को पूर्ण मनोयोग के साथ करना होगा। मोदी का परिवार बड़ा परिवार है हम सभी को कार्यकर्ता भाव से निरंतर कार्य करते रहना है। सभी शक्ति केंद्र एवं बूथों पर होली मिलन समारोह कार्यक्रम 27- 28 तारीख में आयोजित किया जा रहा है। छह अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के कार्यक्रम को सभी बूथों पर करना है। 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करना है। इसकी विस्तृत योजना अभी से बनानी होगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चा की अलग-अलग समीक्षा की। साथ ही पार्टी के चल रहे पन्ना प्रमुख, बूथ सत्यापन, नमो ऐप, सरल एप्प, नई ज्वाइनिंग एवं ग्राम सम्पर्क महाभियान सहित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संदीप पाण्डेय, अंजू सिंह खरवार, अनुपम प्रकाश मिश्रा, दीपक अग्रवाल, राजेश राय चंदानी, अर्जुन प्रसाद तिवारी, नीरज मौर्य, मनीष सिंह, दीपक अग्रवाल, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, जसवंत लाल सोनकर, जिला मंत्री मधुबाला वर्मा, अजय सिंह, राम तीरथ वर्मा, सोनी सिंह, रणजीत श्रीवास्तव, संदीप सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, विनय शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक गुप्ता, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस चौरसिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष बीना राय राजभर, आईटी संयोजक शशांक मिश्रा, सोशल मीडिया संयोजक अविनाश जायसवाल, अनुसूचित मोर्चा संयोजक नन्द किशोर नंदू, हरीश शुक्ला, श्रवण शुक्ला आदि रहे।



बैठक करते भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक। अमृत विचार

## एक नजर

### चार घरों में लगी आग हजारों का नुकसान

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के हरिवंश पुर गांव के मजरे रमई पुरवा में चूल्हे की चिंगारी से भड़की आग ने देखते ही देखते चार घरों को जलाकर राख कर दिया। घनश्याम के मड़हे में महिलाओं के खाना बनाते समय आग लग गई। जब तक लोग आग पर काबू में कर पाते तब तक रामानंद, श्यामलाल और श्याम बिहारी के खर फूस के बने घर और पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। सूचना पर अग्नि शमन की गाड़ी भी मौके पहुंची। राजस्व निरीक्षण परशुराम मिश्रा ने बताया कि क्षति का आकलन कर पीड़ितों की मदद के लिए तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेज दी गई है।

### नाली निर्माण न होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बिछूड़ी से गोंडा बहराइच मार्ग तक जाने वाली सड़क पर गांव में जल निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं कराया गया है। ग्राम प्रधान अनिल कुमार पांडेय ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से उक्त मार्ग के किनारे जल निकासी के लिए नाली का निर्माण कराये जाने की मांग की है।

### धारदार हथियार से युवक पर किया हमला

**रुपईडीह, अमृत विचार :** नाली निर्माण को लेकर कौड़िया के बसभरिया गांव के रहने वाले ननके दुबे (32) को कुछ लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। उपचार के लिए उन्हें स्वजनों द्वारा लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जख्मी ननके दुबे के पिता दुर्गा प्रसाद ने गांव के ही रहने वाले विनय कुमार सहित तीन लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि मामले में नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार ताबिश दी जा रही है।

### दुकान के सामने खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**इटियाथोक, अमृत विचार :** इटियाथोक कस्बे में बिसुहीपुल के पास एक दुकान के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। जब सुबह प्रतिष्ठान के मलिक राजू खान ने दुकान खोली तो मोटरसाइकिल गायब थी। आसपास काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। सूचना इटियाथोक थाने पर दी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### रंजिश में युवक को पीटकर किया घायल, बाइक तोड़ी

**इटियाथोक, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश लेकर मारपीट कर युवक को घायल कर दिया। आरोपियों ने जाते समय बाइक तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दी। घटना की सूचना थाने पर दी गई है। ग्राम जहंदरिया के गिरवर दयाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के ही सुरेश कुमार अपने पुत्र छोटू व बेंदुली गांव के चार अन्य लोगों के साथ घर आकर देर रात करीब 11:00 बजे रंजिश के चलते गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियों ने लाठी डंडे से मारा पीटा। जिससे बाएं हाथ व पैर में काफी चोटें आईं।

# सड़क हादसों में किशोर समेत चार की मौत, एक गंभीर

## मातम में बदलीं होली की खुशियां, परिजनों में मचा कोहराम, नवाबगंज, परसपुर व नगर कोतवाली क्षेत्र में हुईं घटनाएं





करनैलगंज सीएचसी में भर्ती मरीज।


छपिया में हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** होली के दिन जिले के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में बाइक सवार युवक समेत चार लोगों की मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसों की सूचना से मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया और होली की खुशियां मातम में बदल गयी। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले में मृतकों के परिजनों की तरफ से वाहन चालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। पुलिस घटनाओं की जांच में जुटी है।

**अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत: नवाबगंज:** थाना क्षेत्र के परसापुर हाता गांव निवासी रामबाबू यादव( 35) रविवार की रात करीब बारह बजे अपने मामा की दुकान से घर जा रहा था कि गोंडा-अयोध्या हाईवे पर मुन्नालाल के आरा मशीन के पास पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। वाहन की ठोकर से रामबाबू सड़क पर बाइक समेत गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास के लोगों की मदद से कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि मृतक रामबाबू के पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।

**कार की ठोकर से साइकिल सवार किशोर की मौत: गोंडा कार्यालय:** नगर कोतवाली क्षेत्र के चौपाल सागर के पास एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को दो लोगों को रौंद दिया। इस घटना में एक 13 साल के किशोर की मौत हो गयी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इटियाथोक थाना क्षेत्र के भवनियापुर कला गांव के रहने वाले गंगाराम का 13 वर्षीय पुत्र इंद्रसेन नगर कोतवाली क्षेत्र के बुधई पुरवा स्थित अपने ननिहाल गया था। ननिहाल से वह गांव के ही उमेश पुत्र संतोष के साथ साइकिल से सवार होकर कहीं जा रहा था इसी दौरान चौपाल सागर के पास तेज रफ्तार कार ने पीछे से उनकी साइकिल में ठोकर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना होते ही आसपास के लोग दौड़ पड़े। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने 13 वर्षीय इंद्रसेन को मृत घोषित कर दिया। वही उमेश की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में मृतक के नाना की तरफ से नगर कोतवाली में अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और कार चालक ती तलाश में जुटी है।

**होली के हुड़दंग में 12 घायल, आठ रेफर:करनैलगंज, अमृत विचार:** होली के हुड़दंग के चलते करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में हुए अलग-अलग हादसों में दर्जन भर लोग घायल हो गए। मामूली रूप से घायल चार लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी जबकि 8 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर इमरान मोईद व फार्मासिस्ट परवेज खान ने बताया कि होली के दिन सुबह से लेकर रात तक करीब एक दर्जन लोग दुर्घटना के शिकार हुए। ज्यादातर हादसे नशे के कारण हुए। मामूली रूप से घायल चार लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे गई गई। जबकि गंभीर रूप से घायल सकरौरा ग्रामीण के छतई पुरवा निवासी शिव नाथ (50), बिक्की (28), धौरहरा कटरा घाट निवासी पवन कुमार (30), जरवल रोड निवासी अजय (35), कुंवरपुर अमरहा निवासी नकछेद (65) समेत आठ मरीजों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

**सांड़ से टकराकर बाइक सवार घायल: गोंडा कार्यालय:** होली खेलने जा रहा एक बाइक सवार युवक सड़क पर बैठे सांड से टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए निजी असपताल मे भर्ती कराया है। हालत गम्भीर बताई जा रही है। नगर कोतवाली अंतर्गत गोंडा - बलरामपुर रोड पर स्थित बलवंत पुरवा गांव के सामने होली के दिन सोमवार को भटवलिया गांव के मजरे फुटही के रहने वाला प्रदीप मिश्रा (26) रानी बाजार से घर वापस जा रहे था। रास्ते में सड़क पर बैठे सांड़ से टकरा गया।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**परसपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम बिहुरी बसन्तपुर निवासी भगौती गौतम पुत्र मेवालाल गौतम तहरीर देते हुए बताया कि कि उनके चचेरे चाचा राजित राम पुत्र हरीराम गौतम (36) सोमवार को सुबह घर से निकला था। परसपुर करनैलगज मार्ग पर बिहुरी मोड पर अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और रौंदते हुए निकल गया। इस घटना में हरी राम की मौके पर ही मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि घटना की सूचना पर उपनिरीक्षक दिनेश सिंह मय पुलिस फोर्स पहुंच कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को रौंदा

**मसकनवा, अमृत विचार :** छपिया थाना क्षेत्र के सिंगार घाट पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार कार ने एक बाइक सवार को रौंद डाला। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गयी। सोमवार को रामचंद्र पुत्र राममिलन निवासी बोहिया केशव नगर पश्चिमी थाना खोड़ारे अपने दोस्तों से मिलने गाय घाट गया था। वापस लौटते समय सिंगारघाट पेट्रोल पंप के सामने से एक तेज रफ्तार कार से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में रामचंद्र गंभीर से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुकनापुर बभनजोत ले जाया गया। जहां युवक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करके जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि अस्पताल ले जाते समय घायल रामचंद्र की रास्ते में मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मार दी जिससे एक युवक की मौके पर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इटियाथोक थाना क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर वृंदावन के रहने वाले विकास व रामजग भंडारे में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में ठोकर मार दिया। हादसे में विकास की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल रामजग को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची इटियाथोक पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शर्मनाक: 300 रुपये लेने के बाद शुरू किया इलाज

## दो सौ रुपये लेकर दिया टूटा स्ट्रेचर, अस्पताल में मौजूद लोगों से सहयोग लेकर मां को जांच के लिए ले गया बेटा

**गोंडा कार्यालय**


टूटे स्ट्रेचर पर मरीज को ले जाता तीमारदार।


स्ट्रेचर न मिलने पर मरीज को गोद में ले जाते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सरकारी अस्पताल में बीमार मां का इलाज करने गए बेटे को स्ट्रेचर तक नहीं मिल सका। बेटे ने बूढी मां के लिए स्ट्रेचर मांगा तो उससे 200 रुपये मांग की गयी। रुपये देने के बाद उसे टूटा स्ट्रेचर दे दिया। जब उसने कर्मचारियों से स्ट्रेचर पकड़ने में मदद मांगी तो वह कन्नी काट गए। बेटे की ला जारी देख अस्पताल में मौजूद दो शख्स उसकी मदद के लिए आगे आए और स्ट्रेचर पकड़कर मरीज को अस्पताल के भीतर पहुंचाया। डाक्टर के पास पहुंचकर भी बेटे की मुश्किलें कम नहीं हुई। यहां भी इलाज के नाम पर उससे तीन सौ रुपये मांगे गए। रुपये देने के बाद ही बुजुर्ग महिला का इलाज शुरू हो सका। यह शर्मनाक तस्वीर जिले के महाराजा देवी बक्श सिंह स्वशासी मेडिकल कालेज की है। पीड़ित ने सीएमएस को शिकायती पत्र देकर लापरवाह और रिश्वतखोर स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला नवीगंज के ध्रुव कुमार गुप्ता अपनी 67 वर्षीय मां शिवपता को गंभीर हालत में लेकर गोंडा मेडिकल कॉलेज गए थे। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने शिवपता की जांच की तो उनका बीपी डाउन था और शुगर लेवल बढ़ा हुआ था। डॉक्टर ने बाहर ले जाकर दवा कराने की सलाह दी तो पीड़ित ने बाहर ले जाकर दावा करने में असमर्थता जताई। इसके बाद इमरजेंसी में तैनात कर्मचारियों ने पीड़ित बेटे से 300 सौ रूपये रिश्वत की मांग की। जब ध्रुव कुमार गुप्ता ने कर्मचारियों को 300 रुपए दे दिए तब जाकर उसकी मां का इलाज शुरू हुआ। डॉक्टर ने जांच कराने के लिए कहा तो मरीज ले जाने के लिए उसे स्ट्रेचर नहीं मिला। ध्रुव गुप्ता का कहना है कि जब उन्होंने कर्मियों से स्ट्रेचर मांगा तो फिर से 200 रुपये की मांग की गयी। उसने दो सौ रुपये दे दिए तो उसे टूटा हुआ स्ट्रेचर दे दिया गया। इसके बाद पीड़ित बेटे ने अस्पताल में मौजूद लोगों से मदद की गुहार लगाई तो अस्पताल में मौजूद दो लोगों ने पीड़ित की मदद की तब जाकर की पीड़ित बेटा टूटा हुए स्ट्रेचर पर अपनी बीमार मां को ले जाकर उनकी जांच करायी। टूटे हुए स्ट्रेचर पर मरीज को ले जाने का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### गोद में उठाकर इमरजेंसी तक ले गए परिजन

जिले के स्वशाषी राजकीय मेडिकल कालेज में कर्मचारियों की लापरवाही से एक मरीज को स्ट्रेचर नहीं मिल सका जिससे परिजनों को अपना मरीज गोद में उठाकर इमरजेंसी तक ले जाना पड़ा। मरीज को गोद में उठाए परिजनों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने मामले की जांच के आदेश दिये हैं। सीएमएस ने कहा कि मामले की जांच करायी जा रही है। कर्मियों की लापरवाही मिली तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। दरअसल 50 वर्षीय रामदीन शनिवार को हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों का कहना है कि मरीज को ले जाने के लिए स्ट्रेचर नहीं मिला।

> ध्रुव कुमार गुप्ता ने शिकायती पत्र देकर रिश्वत लिए जाने और टूटा हुआ स्ट्रेचर देने का आरोप लगाया है। साथ ही अस्पताल में तैनात कर्मचारियों द्वारा बदतमीजी किए जाने का भी आरोप लगाया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी निकाल कर आएगा, कार्रवाई की जाएगी। मेडिकल कॉलेज में सारी सुविधा निशुल्क है। किसी को कोई शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है।
>
> -डॉ. अनिल तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

# टेम्पो चालक को धारदार हथियार से किया लहूलुहान

**कौड़िया बाजार, अमृत विचार:** कौड़िया थाना क्षेत्र के कस्बा रामापुर में रविवार की शाम टेम्पो खड़ा करने को लेकर तीन लोगों ने टेंपो चालक की जमकर पिटाई कर दी और धारदार हथियार से मारकर उसे लहूलुहान कर दिया।

कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनगांव के मजरा कटहवा गांव निवासी नवल किशोर पांडेय पुत्र चिन्ताराम पांडेय ने बताया कि उसका भाई मदन किशोर पांडेय ने रविवार की शाम कस्बा रामापुर चौराहे पर टेम्पो खड़ा कर रखा था। दुकानदार धर्मू पुत्र शिवमूर्ति ने उसे टेंपो हटाने को लेकर गाली गलौज दी। जब उसने विरोध किया तो धर्मू ने अपने साथी अरविंद व गिल्ले निवासी ग्राम रामापुर के साथ टेंपो चालक मदन पर लाठी डंडे से हमला कर दिया और उसे जमकर पीटा तथा धारदार हथियार से मारकर लहूलुहान कर दिया। गंभीर रूप से घायल चालक मदन को सीएचसी कटरा बाजार ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन घायल

**मसकनवा, अमृत विचार :** छपिया थाना क्षेत्र के मसकनवा बभनान मार्ग पर दीननगर रेलवे क्रासिंग के पास के पास आमने सामने मोटर साइकिल के भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपिया पहुंचाया गया। जहा पर राम धनी पुत्र बुधराम (19) निवासी दुबौली थाना छपिया व संदीप पुत्र राम सुंदर (22) निवासी बनकट राउत थाना छपिया की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया और गणेशी पुत्र काशीराम (65) निवासी बनकट राउत का प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दिया गया है।

# जीवन को सुगम बनाती है यथार्थ गीता

**गोंडा कार्यालय**


यथार्थ गीता के बारे में जानकारी देते सोहम महाराज। अमृत विचार

**अमृत विचार:** वजीरगंज के स्वामी अड़गड़ानंद के अनन्य शिष्य सोहम महाराज के नेतृत्व में कस्बा स्थित आश्रम सहित अन्य स्थानों पर 5सौ से अधिक यथार्थ गीता का निःशुल्क वितरण किया गया। फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर कस्बे के स्वामी अड़गड़ानंद आश्रम पर आयोजित कार्यक्रम में स्वामी जी के शिष्य सोहम महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि यथार्थ गीता जीवन की सभी चुनौतियों के शमन का मार्ग प्रशस्त कर प्राणीमात्र को शांति के साथ मुक्ति का मार्ग सुगम करती है।उन्होंने यथार्थ गीता का अध्ययन करने के साथ इसे आत्मसात करने पर बल दिया। इसके पहले अखंड गीता का पाठ किया गया। 24 घंटे चले यथार्थ गीता पाठ को दयाशंकर द्विवेदी, अशोक कुमार, ओम, शिवकुमार, अंजनी शुक्ल, आशीष द्विवेदी, रामसिंह मौर्य आदि ने वचन किया। समापन पर भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान यथार्थ गीता का निःशुल्क वितरण किया गया। वहीं बालेश्वरगंज, जमुनहा मझरेती में भी निःशुल्क गीता बांटी गई।सोहम महाराज ने बताया कि आश्रम के वाहन से अयोध्या में अब तक यथार्थ गीता डेढ़ करोड़ प्रति का निःशुल्क वितरण किया।

### दो लाख की नकदी पर साफ किया हाथ

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** चोरों ने शराब की दुकान का ताला तोड़ लगभग दो लाख की नकदी, शराब की बोतले व अन्य जरूरी कागजात चुरा ले गये। सुबह ठेले पर चना बेचने वाले ने देशी शराब की दुकान का शटर उठा देखा तो उसने इस बात की सूचना गौतोना निवासी सेल्समैन नरसिंह बहादुर को फोन के जरिये दी। मामला हैदरगढ़-बिटिया मार्ग पर मुख्य चौराहे से महज दो सौ मीटर की दूरी पर देशी शराब की दुकान है। शराब ठेके का ताला तोड़कर चोरों ने लगभग दो लाख रूपये नकदी व शराब की बोतले सीसीटीवी का जीपीएस व एक लाख 97 हजार 290 रुपये नकद व कागजात चुरा ले गए।

# बाराबंकी में पेड़ से लटकते मिले दो युवकों के शव, मचा कोहराम

**सूरतगंज, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर संदिग्ध हालात में दो युवकों के शव पेड़ में फांसी के फंदे से लटकते मिले। सूचना पर पहुँची पुलिस ने दोनों शवों की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसे लेकर मृतक के परिवार में कोहराम मचा रहा।

पहली घटना रविवार को थाना क्षेत्र के मुड़िया कसौंजा गांव की है। यहाँ के निवासी दीपू रावत 25 वर्ष का शव गांव के बाहर आम के बाग में पेड़ पर दुपट्टे के सहारे लटकता मिला।ग्रामीणों ने शव लटकने की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मौत की वजह प्रेम प्रसंग बता रही है। जबकि परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। दूसरी घटना सोमवार को ग्राम पंचायत बतनेरा के बासुपुर गांव की है। यहां जामुन के पेड़ में एक युवक का शव लटकता पाया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर आसपास शिनाख्त करवाई। कई घण्टों की मशक्कत के बाद मृतक की पहचान हो सकी। मृतक इलाके के लालपुर करौता निवासी मुकेश उर्फ पेरु 28 वर्ष है। जो मानसिक रूप विक्षिप्त बताया जा रहा है।

**पेड़ से लटका मिला किशोर का शव: त्रिवेदीगंज, बाराबंकी:** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के रामगंज मजरे शिवनाम गांव में रविवार शाम करीब तीन बजे युवक का शव पेड़ से रस्सी से लटका मिला। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अन्तिम संस्कार कर दिया। लोनी कटरा पुलिस का कहना है कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। गांव निवासी राजू के सोलह वर्षीय पुत्र शिवम का शव रविवार को रस्सी के सहारे बबूल के पेड़ से लटकता मिला।

### मारपीट में सात लोग हुए घायल

**मसकनवा, अमृत विचार:** छपिया थाना क्षेत्र के जालेपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्ष के सात लोगों को चोटें आई हैं। जालेपुर गांव के सुग्रीम भारती ने छपिया थाने में तहरीर दी है की सोमवार को सुबह 11 बजे गांव के श्रीराम यादव, बालकराम यादव, राहुल व रोहित ने घर पर आकर लाठी डंडों से हमला कर उसे मारापीटा। सुग्रीम भारती का आरोप है उसे बचाने आई उसकी पत्नी मीरा देवी, लड़का धर्मेंद्र व बहू रीमा को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष के रोहित यादव ने धर्मेंद्र, सुग्रीव, रीमा, मीरा पर मारने पीटने का आरोप लगाया है।

### भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट, केस

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार:** भाजपा प्रत्याशी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत के विरुद्ध सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट की गयी है। भाजपा कार्यकर्ता ने मैसेज को राजनीतिक षड्यंत्र बताया है। कार्यकर्ता की ओर से तहरीर मिलने पर सतरिख पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

सतरिख थाने के सेठमऊ मजरे करोरा निवासी भाजपा कार्यकर्ता रोहित ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत की फोटो लगाकर उनके विरुद्ध सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली गई है। राजनीतिक षड्यंत्र के तहत उनकी छवि धूमल करने के लिए पोस्ट की गई है। आरोप है कि इस पोस्ट को दूसरे के मोबाइल नंबर से एक पूर्व सांसद ने प्रसारित किया है। रोहित की तहरीर पर पुलिस ने संजय सिंह रावत पर केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया है कि मुकदमा दर्ज कर इस मामले की जांच की जा रही है। बताते चलें कि इससे पहले सांसद उपेंद्र सिंह रावत का टिकट घोषित होने के दूसरे ही दिन उनका कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

# अमर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

बहराइच

**अमृत विचार :** क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को याद कर तथा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करके अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ने राम जानकी मन्दिर हमजापुरा बहराइच में शहीद दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद् के अध्यक्ष राधाकृष्ण पाठक और संचालन महामंत्री रमेश चन्द्र तिवारी ने की।

कार्यक्रम में राधाकृष्ण पथिक मुख्य अतिथि और कृष्ण कुमार अवस्थी विशिष्ट अतिथि रहे। बड़ी संख्या में कवि, लेखक, साहित्यकार सहित श्रोता, श्रद्धालु शामिल हुए। सुभाषित कवि गुलाब चन्द्र जायसवाल ने पढ़ा सन सैंतालीस में गांधी नेहरू का अतिवाद नहीं रहता, बलिदान



शहर के मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी। अमृत विचार

दिवस की तिथि इनके कारण ही याद नहीं रहता। पुण्डरीक पांडेय ने पढ़ा भगत सिंह सुखदेव अरु राजगुरु से लाल, घर-घर में जन्में तभी हम सब करें धमाल। साहित्यकार रमेश तिवारी ने होली गीत पढ़ा 'कोई कहे यदि रंग लगाऊं तो आज बुरा नहिं मानव गोरी, शर्म को दूरि धरव हमसे औ रंग लगाय कहव है होरी।' । विमलेश जायसवाल 'विमल' ने आक्रोश भरी पंक्ति पढ़ी "तिरंगे को जलाये, संविधान का अपमान करे, ये सरजमीं नहीं किसी वदचलन के लिए। राधाकृष्ण पाठक ने प्रस्तुत किया आओ नमन करें हम उनको, आओ नमन करें जो शहीद हो गए देश हित, उनको नमन करें। अशोक पांडेय गुलशन ने गजल गया 'नकाब रूख से हटाओ कि होली आई है, गुलाब लब पे खिलाओ कि होली आई है। इसके अलावा श्रीवास्तव 'अकिंचन', शिव कुमार सिंह रैकवार, विनोद कुमार पांडेय, अयोध्या प्रसाद शर्मा, श्रवण कुमार द्विवेदी, राकेश रस्तोगी 'विवेकी', आशुतोष पांडेय, बैजनाथ सिंह, छोटे लाल गुप्ता, प्रेम जालान, अनुष्का 'अनघ', राजेश आत्मज्ञानी, आर पंडित मशीरिकी ने भी रचनाएं पढ़ी। इस मौके पर विक्रम जायसवाल, जीत लाल पांडेय, मंजुला पाठक, जिला प्रचारक अजय, जिला कार्यवाह भूपेंद्र सिंह, अतुल द्विवेदी, शिव प्रसाद, अनिल शर्मा, मनोज शर्मा, बुद्धि सागर पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस-एसएसबी के जवानों ने किया मार्च

बाबागंज, बहराइच

**अमृत विचार:** भारत नेपाल सीमा के निकट मंगलवार शाम को पुलिस के साथ सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। पुलिस ने लोगों को लोक सभा चुनाव के दौरान शांति बनाए रखने और बिना विवाद के मतदान करने की बात कही।

रूपईडीहा थाना क्षेत्र के भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के बाबागंज में मंगलवार को लोक सभा चुनाव के लिए पुलिस ने एसएसबी जवानों के साथ मार्च निकाला। सड़क पर उतरे जवानों के साथ पुलिस ने कहा कि लोकसभा चुनाव अप्रैल में होना है। क्षेत्र में किसी प्रकार की घटना ना हो इसलिए एसएसबी एवं आदर्श थाना रुपईडीहा से जितेश सिंह द्वारा बाबागंज में फ्लैग मार्च किया गया।



अंतरराष्ट्रीय राजमार्ग पर फ्लैग मार्च करते पुलिस व एसएसबी के जवान।

कंपनी कमांडर परमात्मा सिंह ने बताया कि हम लोग चप्पा चप्पा पर पहली नजर रखे हुए हैं। कहीं भी अपराधी अगर नजर में आता है तो उसे कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर कंपनी कमांडर परमात्मा सिंह, सहायक उपनिरीक्षक संजय कुमार, हवलदार लाल सिंह, हवलदार कैलाश चौहान, सिपाही सत्येंद्र यादव, सतीश चंद्र समेत काफी संख्या में जवानमौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम उत्तमापुर निवासी लवकुश की पत्नी पूनम की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर मौत हो गई। पूनम के पिता रंगीले के तरफ से ससुराली जनों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। उन्होंने बताया कि पूनम का विवाह करीब 5 वर्ष पहले लवकुश पुत्र चन्टू के साथ हुआ था।

ससुराली जन अक्सर उसे प्रताड़ित करते थे। मंगलवार सुबह करीब सात बजे तक जब वह कमरे से बाहर नही निकली तो लोगों ने कमरे में झांककर देखा कि उसका शव छत के कुंडे से लटक रहा है। लोगों की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, हत्या की आशंका

## परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बहराइच

**अमृत विचार:** जिले के ग्राम पंचायत जलालपुर गांव निवासी संदिग्ध परिस्थितियों में एक मंदबुद्धि युवक की मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक युवक के भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नवाबगंज थाने के जलालपुर के मजरे बंवहरिया गांव में मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों मे 30 वर्षीय युवक सुरेश पुत्र बिहारी लाल तिवारी की मौत हो गई । जिसकी सूचना उसके भाई शिव कुमार ने थाने पर दी। शिव कुमार का कहना



युवक की मौत के बाद गमगीन परिवार के लोग। अमृत विचार

कि सुरेश की मारपीट कर हत्या कर दी गई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय ने पुलिस बल के साथ पहुंच कर तहकीकात कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक आरके पांडेय ने बताया कि सुरेश मंदबुद्धि का था। काफी दिनों से बीमार रहता था। सोमवार को उसकी काफी तबीयत बिगड़ने पर भाइयों ने उसका इलाज कराया था। मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह का पता चल सकेगा।

# 45 वर्ष पुराने मामले में तत्कालीन रजिस्ट्रार कानूनगो समेत 6 पर केस

नानपारा, बहराइच

**अमृत विचार:** कोतवाली नानपारा पुलिस में कोर्ट के आदेश पर तत्कालीन रजिस्ट्रार कानूनगो, लेखपाल और वर्तमान लेखपाल समेत छह लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने लगभग 45 वर्ष पुराने मामले में केस दर्ज किया है।

नानपारा तहसील के ग्राम पंचायत परगहवा निवासी कुंवारे पुत्र पुत्ती की जमीन को गांव के कुछ लोगों कूट रचित दस्तावेज के द्वारा बैनामा करवा लिया। वर्ष 1979 में हुए बैनामा में गांव के लोगों का तत्कालीन रजिस्ट्रार कानूनगो, लेखपाल ने भी सहयोग किया था। पीड़ित ग्रामीण कुंवारे ने पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज करने की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया था। इस पर पीड़ित कुंवारे ने कोर्ट का सहारा लिया। लगभग 45 वर्ष चले कानूनी दांवपेंच के बाद अब कोर्ट ने केस दर्ज करने का आदेश दिया है। पुलिस ने 18 अक्टूबर 1979 की तहरीर के आधार पर कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह ने बताया कि तत्कालीन रजिस्ट्रार कानूनगो, लेखपाल, वर्तमान लेखपाल राकेश कुमार, रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम परगहवा गांव निवासी बादशाह हुसैन पुत्र मोहम्मा अली, अली हुसैन पुत्र मोहम्मद अली और गांव निवासी इस्माइल पुत्र मोहम्मद अली के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मारपीट में गर्भवती समेत 3 घायल

बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के तेजवापुर गांव में डीजे पर हो रहे नृत्य में एक लड़की के साथ कुछ लोगों ने डांस करना शुरू किया इसका विरोध करने पर सभी ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में गर्भवती महिला समेत तीन घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली देहात क्षेत्र के तेजवापुर गांव में सोमवार से होली के मौके पर डीजे का कार्यक्रम चल रहा था। डीजे पर नाचने को लेकर विवाद हो गया। मारपीट में शुरू हो गई। गांव निवासी रोहित का कहना है कि उनकी बहने घर के बाहर डीजे पर नाच रही थी। तभी ही पड़ोस के गांव के कुछ लोग आकर नाचने लगे और बहनों से





उपचार के लिए जिला अस्पताल लायी गयी घायल गर्भवती। अमृत विचार

बदतमीजी करने लगे। घर वालों ने इस बात का विरोध किया और उन्हें वहां से भगा दिया। जब इस बात की शिकायत लेकर घरवाले उन युवकों के घर पहुंचे तो उनके परिवार वालों ने शिकायतकर्ताओं पर ही हमला कर दिया। जिसमें तीन माह की गर्भवती मालती देवी (35) रोहित समेत तीन घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए बहराइच मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। घायलों का डॉक्टर ने इलाज शुरू किया।पुलिस ने इस मामले में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले में विवेचनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई। कोतवाल बीके मिश्रा ने बताया कि जांच के बाद गिरफ्तारी की जाएगी।

# सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सदस्य नामित हुए कामरान



प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बने कामरान व साथ में कार्यकर्ता। अमृत विचार

बहराइच

**अमृत विचार :** नगर के समाज सेवी कामरान पठान को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष/पूर्व राज्यमंत्री मोहम्मद शकील नदवी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संतुष्टि से कामरान मुबारक पुत्र मुबारक अली निवासी मोहल्ला चांदपुरा को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सदस्य नामित किया है।

पार्टी ने आशा व्यक्त की है कि कामरान मुबारक समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को और अधिक बल एवं गतिशीलता प्रदान करेंगे। उनके मनोनयन से लोगों में खुशी है।

## कम खाद्यान्न देने का लगाया आरोप ग्रामीणों का प्रदर्शन

**रिसिया, बहराइच।** रिसिया विकास खंड के ग्राम पंचायत परसा खरगमन गांव की महिलाएं व पुरुषों ने कोटेदार पर कम खाद्यान्न देने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। कहा कि होली के अवसर पर भी कोटेदार ने कम खाद्यान्न दिया है ग्राम पंचायत के कार्ड धारकों ने कहा कि गांव का कोटेदार पहले ही ई पास मशीन में अंगूठा लगवा लेता है। इसके बाद प्रति यूनिट एक किलो कम खाद्यान्न देता है। जब इसका महिलाएं और ग्रामीण विरोध करते हैं तो कोटेदार अपशब्दों का प्रयोग करता है। ऐसे में ग्रामीणों को कम खाद्यान्न के साथ अपशब्दों का सहन करना पड़ता है। पूर्ति निरीक्षक शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। इससे नाराज होकर सभी ने कोटेदार के विरुद्ध नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस मामले में ग्रामीणों ने कोटेदार व सप्लाई इंस्पेक्टर की मिली भगत का आरोप लगाया है। रिसिया ब्लॉक क्षेत्र के कई ग्राम पंचायत में राशन कटौती का मामला जारी है। सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रहे रिसिया ब्लॉक क्षेत्र के कोटेदार। सभी ने कोटे की जांच करकर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी को फोन लगाया गया तो उनके मोबाइल पर घंटी बजती रही। उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# धूमधाम से मना होली का त्योहार, खूब उड़े अबीर-गुलाल



होली पर्व पर ढोल-मंजीरे की थाप पर नाचते होरियारे। अमृत विचार



डीजे की धुन पर थिरकती होरियारो की टोली। अमृत विचार

श्रावस्ती

**अमृत विचार:** रंगों का पर्व होली सोमवार को उत्साह के साथ जिले भर में मनाया गया। जनपद में छिटपुट विवादों को छोड़कर माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। कहीं डीजे तो कहीं ढोल मंजीरे के थाप के साथ भव्य रंगोत्सव का जुलूस निकला।

फगुआ गीतों व डीजे की धुनों, पर तो कहीं ढोल मंजीरे पर नाचते-गाते होरियारों ने दिनभर जमकर मस्ती की। भिनगा नगर के रामलीला मैदान से होरियारों का भव्य जुलूस निकला। अशोक तिराहा, चकड़ मार्केट, छावनी तिराहा, भरत मिलाप



रंग-अबीर से सराबोर डीजे पर झूमते होरियारे। अमृत विचार

चौराहा, अस्पताल चौराहा होते हुए जुलूस राजर्षि काली मंदिर पहुंचा। यहां होरियारे होली गीतों पर जमकर झूमें। पूरे नगर में अबीर गुलाल की धूम मची रही। नगर में कई स्थानों पर होरियारों ने मटकी फोड़ कर होली मनाई। डीजे की धुनों पर बज रहे होली गीतों पर युवा,व बच्चों ने जमकर ठुमके लगाए। गांव देहात में भी होरियारो द्वारा गजब होली मनाई गई पूरा दिन होलियारे रंगों में भिगें दिखे।

दिनभर लोग एक-दूसरे के घर जाकर होली की बधाई और शुभकामनाओ के साथ मिष्ठान खिलाकर रंग अबीर लगाते रहे।शाम को ठाकुरद्वारा परिसर में होली मिलन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि राजकुमार मारीघ्य मणि कांत सिंह मौजूद रहे। समिति के संरक्षक जीपी मिश्रा, अध्यक्ष अरविंद त्रिपाठी, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश मिश्रा, कोषाध्यक्ष रामकिशोर गुप्ता, घनश्याम रस्तोगी, दिलीप तिवारी, पूर्व चेयरमैन अजय आर्य, राम निवास गुप्ता मौजूद रहे। भिनगा कोतवाल महिमानाथ उपाध्याय, कस्बा इंचार्ज वीरपाल सिंह तोमर पुलिस व पीएसी बल के साथ मुस्तैद रहे।

## बैरिकेडिंग से टकराई स्कूटी, एक की मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** नवीन मार्डन थाना श्रावस्ती क्षेत्र के कटरा हवाई अड्डा के सामने एक स्कूटी बैरिकेडिंग से टकरा गई। जिससे घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार की बीती रात गिलौला थाना क्षेत्र के रेडगवा निवासी संतोष कुमार मलपुरवा गांव में ससुराल आये थे। संतोष कटरा बजार के लिए निकले थे रास्ते मे कटरा हवाई अड्डा के सामने पहुंचते ही स्कूट्री अनियंत्रित होकर बैरिकेडिंग से टकरा गयी। जिससे संतोष पुत्र श्याम घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से इकौना के सीएचसी मे भर्ती कराया गया। जहाँ पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। वही मौत की खबर सुनते ही पुरे परिवार मे कोहराम मच गया।

## जिला अस्पताल परिसर में मिला अज्ञात शव

**श्रावस्ती:** सयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा के परिसर में मगलवार को रैन बसेरा के सामने एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। शव को देखते ही लोगों के हाथ पांव फूलने लगे। आनन फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया और पचनामा भरवाया गया। आसपास मौजूद लोगों से पुलिस ने शव के बारे में पूछताछ की लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। ऐसे में शव को मर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है। शव की शिनाख्त होने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## नहर पुलिया से चोरी की बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

**बहराइच, अमृत विचार।** हुजुरपुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक आशुतोष कुमार राय ने पुलिस बल के साथ भग्गड़वा से मथुरा बाजार मार्ग के नहर पुलिया पर दबिश दी। दो युवकों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। यह बाइक लखनऊ के गोमती नगर खाटू श्याम मैरिज हाल से 11 दिसम्बर 2023 को चोरी हुई थी।

## मवेशी भगाने पर बांका से हमला

**बहराइच, अमृत विचार :** हुजुरपुर थाने के नेवासी के बैशनपुरवा में सोमवार दोपहर में गन्ना, गेहूं व सरसो के खेत में फसल नुकसान कर रहे मवेशियों को हांकने पर हमलावरों ने अधेड़ विशवनाथ सिंह उर्फ झल्ला सिंह पर लाठियां बरसाई। बांका से सिर पर हमला किया। जिसके चलते सिर मे चोट आ गई। सोमवार दोपहर से चोटहिल को थाने में पुलिस बिठाए है। एसएचओ ने बताया कि दोनो पक्षों को चोटे आई है।

## पेड़ से टकराई बाइक, किशोर की मौत

**बहराइच, अमृत विचार।** जनपद के हुजूरपुर थाना क्षेत्र के धनपारा गांव निवासी 17 वर्षीय अभिषेक पुत्र पतिराम सोमवार शाम कैसरगंज से बाइक से अपने घर आ रहा था। हुजूरपुर थाने के कैसरगंज- हुजूरपुर मार्ग पर पुरैनी चौराहे के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे पेड़ से टकराई।

जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पंहुची एंबुलेंस ने घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बैठक — स्टैटिक सर्विलांस टीमों का प्रशिक्षण आयोजित

# 50 हजार से अधिक की नकदी मिलने पर होगी जब्त : एडीएम

बहराइच

**अमृत विचार:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जनपद में विधानसभावार गठित किये गये स्टैटिक सर्विलांस टीमों का कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण हुआ। प्रशिक्षण सत्र को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि एसएसटी की जिम्मेदारी है कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अत्यधिक प्रचार खर्चो, घूस की वस्तुओं का नकद या वस्तु के रूप में वितरण, अवैध हथियारों, गोला बारूद,



बैठक को सम्बोधित करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

मदिरा या असामाजिक तत्वों आदि की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी मानक प्रचालन प्रक्रिया का अनुपालन करायेंगे।

डीएम ने कहा कि सभी एसएसटी टीमें व्यय संवेदनशील बस्तियों में चेक पोस्ट स्थापित कर अपने क्षेत्र में अवैध शराब, रिश्वत की वस्तुओं या भारी मात्रा में नकदी, हथियार एवं गोला-बारूद के लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर नजर रखेंगी। टीमों को निर्देश दिया गया है कि जांच के लिए की जाने वाली सम्पूर्ण प्रक्रिया की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी करते हुए उसका वीडियो तैयार करेंगी या सीसीटीवी में पूरी जॉच प्रक्रिया को रिकार्ड करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि जांच के दौरान यदि, अभ्यर्थी, उसके एजेंट, या पार्टी कार्यकर्ता को ले जाने वाले किसी वाहन में 50,000 रुपये से अधिक की नकदी पायी जाती है या वाहन में पोस्टर या निर्वाचन सामग्री या कोई ड्रग्स, शराब, हथियार अथवा 10,000 रूपये के मूल्य से अधिक की ऐसी उपहार वस्तुएं ले जाती हुई पायी जायेंगी, जिनका इस्तेमाल निर्वाचकों को प्रलोभन दिए जाने की संभावना हो या वाहन में कोई अन्य गैर-कानूनी वस्तुयें पायी जाती हैं तो वे जब्त किए जाने की शर्त के अधीन होंगी। जांच किये जाने और जब्ती के सम्पूर्ण घटनाक्रम को वीडियो/सीसीटीवी में दर्ज किया जाएगा जो रिटर्निंग अधिकारी को प्रतिदिन प्रस्तुत किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सीके वर्मा, डीआईओ एनआईसी योगेश यादव सहित अन्य विषय विशेषज्ञों द्वारा ईएसएमएस सहित अन्य तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई।

## दो बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

श्रावस्ती

**अमृत विचार :** सिरसिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कलकलवा मोड़ के पास दो बाईकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें सिरसिया निवासी बाइक चालक लक्ष्मण प्रसाद पुत्र केशव राम गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को सीएचसी सिरसिया पहुँचाया जहाँ से चिकित्सक ने भिनगा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। भिनगा में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि एक अन्य बाइक सवार की हालत गंभीर होने के कारण लखनऊ रेफर कर दिया गया, जहां घायल का इलाज चल रहा है।

## किसानों ने खेत में जला दीं गन्ने की पत्तियां

**बहराइच, अमृत विचार :** फखरपुर के रमवापुर गांव में मंगलवार शाम को किसानों ने खेत में गन्ने की पत्ती जला दी। इससे चारों तरफ धुंध छा गया। पर्यावरण भी बढ़ गया। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेडवा अल्पी मिश्र के मजरा रमवापुर में किसानों ने खेत में लगे गन्ने की फसल काटी है। जिसके चलते खेत में काफी मात्रा में पत्तियां जमी हुई है। किसान इन पत्तियों को एकत्रित करने के बजाय उसे खेत में ही जला रहे हैं। मंगलवार शाम को कुछ किसानों ने खेत में पत्तियां जला दी। जिसके चलते आसमान में धुंध छा गया। इतना ही नहीं पर्यावरण भी प्रभावित हुआ। इसकी कुछ लोगों ने शिकायत भी जिला कृषि अधिकारी से की है। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडे ने बताया कि इसकी जांच कराई जाएगी। इसके बाद कार्यवाई होगी।



**16वां रोजा**

शिया
सहरी : 04.29 बजे
इफ्तार : 06.30 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.42 बजे
इफ्तार : 06.18 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।



नगर पंचायत मिहीपुरवा में लोगों के साथ होली खेलते विधायक प्रतिनिधि। अमृत विचार



अग्रसेन चौक पर कपड़ा फाड़ होली में शामिल युवा। अमृत विचार



युवक को रंग लगाती युवती। अमृत विचार

# खुशियों के बीच उत्साह से मना रंगों का त्योहार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** जिले में होली पर्व शांतिपूर्ण माहौल में निपट गया। होली के मौके पर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग रंग व अबीर गुलाल से सराबोर दिखे। शाम को सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई दी।

होली का पर्व सोमवार को पूरे जिले में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। सोमवार रात मुहूर्त के अनुसार होलिका दहन हुई। इसके बाद सभी ने होलिका दहन स्थल पर डीजे की धुन पर नाच रात में ही शुरू कर दिया। इसके बाद सुबह छह बजे से ही रंगो का बौछार शुरू हो गया। सभी ने लोगों के घर और द्वारा तथा सड़क मार्ग से गुजरने वाले लोगों को रंग लगाकर होली मनाई। होली का पर्व पूरे जिले में दोपहर एक बजे से दो बजे तक चलता रहा। चलो रे सहेली, रंग बरसे भीगे चुनर वाली के अलावा अन्य गीतों के बीच सभी रंग और गुलाल अबीर लगाकर होली मनाया। पूरे जनपद में शांति पूर्ण माहौल में होली निपट गई। जिले के नानपारा, मिहीपुरवा, पयागपुर, कैसरगंज, उर्रा, जरवल, जरवल रोड, विशेश्वरगंज, मोतीपुर में भी होली खेला गया। होली को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को रही। हालांकि जिला और पुलिस प्रशासन की सगजता के चलते कहीं भी कोई विवाद नहीं हुआ।

### अग्रसेन चौक पर कपड़ा फाड़ होली ने जमाया रंग

शहर के मोहल्ला अग्रसेन चौक पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होली का पर्व मनाया गया। कपड़ा फाड़ होली के लिए हजारों की संख्या में युवक आए। सभी ने एक दूसरे को रंग लगाते हुए होली में कपड़े फाड़े। शहर के घंटाघर में भी जमकर होली खेली गई।



**दिखा उल्लास :** होली पर रंगों से सराबोर युवकों की टोली। अमृत विचार

## एक नजर

### भाजपा कार्यालय का उद्घाटन आज

**बहराइच :** बहराइच लोक सभा क्षेत्र के नगर पंचायत मिहीपुरवा में नवयुग रोड नवीन आवास श्रवण मदेशिया के निकट शिवरामशाह मंदिर के पास भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को होगा। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय एव सांसद अक्षयवर लाल गोंड तथा विशिष्ट अतिथि बलहा विधायक सरोज सोनकर एवम लोक सभा संयोजक जितेंद्र त्रिपाठी एवम ब्लाक प्रमुख सौरभ वर्मा रहेंगे। कार्यालय उद्घाटन में मंडल चफरिया के मंडल पदाधिकारीगण, समस्त मोर्चा के पदाधिकारीगण, सेक्टर संयोजकगण, बूथ अध्यक्ष तथा देवतुल्य कार्यकर्तागण आप सभी की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

### बाइक से बैट्री व पेट्रोल चोरी

**जरवलरोड, बहराइच :** जरवल रोड थाना अंतर्गत आईपीएल चीनी मिल मार्ग निकट ठाकुर भगवती सिंह किसान इंटर कॉलेज के पास सरकारी दूरभाष केंद्र की बिल्डिंग स्थापित है। जहां पर एक कर्मचारी की नियुक्ति है। एक सप्ताह पूर्व थानाध्यक्ष जरवल रोड को लिखित सूचना बाइक से पेट्रोल की चोरी बैटरी चोरी की दी गई थी। प्रार्थना पत्र में यह भी लिखा था इससे पूर्व कई बार चोरी की वारदात हुई है। बार-बार घटित हो रही घटनाओं को संज्ञान में लेकर दूरभाष केंद्र के कर्मचारी सुशील श्रीवास्तव ने लिखित सूचना थाने में दी है, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी चोरी की घटना को स्थानीय पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया है।

# हादसों से होली हुई बदरंग, 6 की मौत

## जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाएं, परिजनों में पसरा मातम

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले में होली का पर्व कुछ परिवारों के लिए बदरंग हो गया है। इन परिवारों के सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। जबकि मृतक लोगों के परिवार के सदस्यों समेत 10 लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल और सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सहनवाजपुर गांव निवासी सुरजीत कुमार निषाद पुत्र विष्णु दयाल होलियारो के साथ रंग खेलने गए थे। रंग खेलने के बाद दोपहर में बाइक से घर से जा रहे थे। अचानक बाइक स्लिप हो जाने के कारण उनकी गिरकर उनकी मौत हो गई। गोंडा जिले के करनैलगंज निवासी 30 वर्षीय संदीप जायसवाल पुत्र



लखनऊ -बहराइच मार्ग पर हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन। अमृत विचार

भगौती बहराइच के पयागपुर थाना क्षेत्र में गल्ला मंडी के निकट स्थित शराब की दुकान में मुनीम का कार्य करते थे। वह दुकान बंद करके दुकान में सो गए। होली मनाने के लिए सोमवार को सुबह वह बाइक से घर जा रहे थे। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के चिरैयाटांड़ के पास बाईकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार मुनीम गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में मुनीम की मौत हो गई। जबकि दूसरा बाइक सवार घायल हो गया। लेकिन हादसे के बाद घायल अवस्था में ही वह फरार हो गया। फखरपुर थाना क्षेत्र के माधवपुर गांव निवासी सगे भाई बाइक से जा रहे थे। लखनऊ-बहराइच मार्ग पर जैतापुर मोड़ के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक चला रहे शशांक की मौत हो गई और सामने वाले बाइक चला रहे सवार अन्नू पुत्र रमेश कुमार उम्र 18 कंदौली थाना फखरपुर क्षेत्र की मौत हो गई। जबकि शशांक सिंह पुत्र अविनाश सिंह के साथ पीछे बैठा उनका छोटा भाई प्रशांत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। हरदी थाना क्षेत्र के महसी में सड़क हादसे में घायल एक अज्ञात युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बहराइच मेडिकल कॉलेज में इलाज शुरू होने से पहले ही अज्ञात युवक की मौत हो गई। कोतवाली नानपारा के शंकरपुर चौराहे पर 80 वर्षीय मां के साथ 40 वर्षीय बेटा बाइक से जा रहे था। तभी उनकी बाइक स्लिप हो गई। इस हादसे में थाना खैरीघाट के पथारकला गांव निवासी 40 वर्षीय बहाउ अपनी 70 वर्षीय मां रामदेवी के साथ बाइक से जा रही थी। बाइक सवार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें बेटे की मौत हो गई। जबकि इस हादसे में 80 वर्ष की मां गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है। इसके साथ ही दर्जनों की संख्या में लोग घायल होकर के मेडिकल कॉलेज पहुंचे जिनके प्राथमिक उपचार देकर उन्हें वापस लौटा दिया गया।

# रंगों के पर्व पर खेली फूलों की होली

रूपईडीहा, बहराइच



फूलों की होली में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर पंचायत में होली के मौके पर फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई दी।

जिले में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। रंगो के पर्व होली में नगर पंचायत रूपईडीहा में फूलों की होली सोमवार को दोपहर बाद खेली गई। राधा और कृष्ण की मनमोहक झांकी के साथ लोगों ने फूलों की होली खेली। होली मिलन महोत्सव मंच रुपईडीहा की ओर से आयोजित कार्यक्रम का आयोजन बाल स्वरूप हनुमान मंदिर में आयोजित हुआ। भगवान श्रीकृष्ण और राधा की सजीव झांकी के बीच सभी ने एक दूसरे पर फूलों की होली खेली। इसके बाद सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। अबीर माथे पर लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान संरक्षक अंजनी मित्तल संयोजक कन्हैया वर्मा सहसंयोजक शेर सिंह कसौंधन, तेजप्रसाद वर्मा, केसरी सोनी, आरती वर्मा, ध्रुव वर्मा, अशोक यादव, राजेश कुमार, राजकुमार शर्मा, प्रीतम, मंगल वैश्य, अर्जुन सोनी, भीष्म त्रिपाठी, सूरज, बलराम शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया रंगों का पर्व

**बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार :** रुपईडीहा थाना क्षेत्र में होली का त्यौहार धूमधाम व सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मनाया गया। इस दौरान सभी बड़े-छोटे रंग विरंगे रंगों व गुलाल की मस्ती में सराबोर दिखे। क्षेत्रवासियों ने रंगो का त्यौहार होली को लेकर सोमवार कों धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। लोगों ने एक दूसरे कों रंग - ग़ुलाल लगाकर शुभकामनाएं देते हुए भाई चारे की भावनाओं को जागृत किया। जगह जगह सड़के रंगों से सराबोर दिखा। तथा डीजे में होली की गानों की धूनी पर देर शाम तक लोग नाचते- झूमते देखे गए। वही प्रशाशन त्यौहार के पहले दिन होलिका दहन से लेकर दूसरे दिन देर शाम तक चप्पे चप्पे पर मुस्तैद रही। थाना प्रभारी रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह, चौकी इंचार्ज बाबागंज राम गोविन्द वर्मा, डायल 112 दलबल के साथ पूरे दिन शांतिपूर्ण होली सम्पन्न कराने में जुटे रहे।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# पांच विकेट से जीती कुंवारों की टीम

पयागपुर, बहराइच



पयागपुर में क्रिकेट मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** होली के अवसर पर कांति स्पोर्ट्स क्लब के बैनर तले एक दिवसीय विवाहित और अविवाहित क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें कुंवारे क्रिकेटरों ने विवाहितों को पांच विकेट से पराजित कर विजेता ट्राफी पर कब्जा किया।

पयागपुर में स्थित खेल मैदान में शनिवार को आयोजित हुए क्रिकेट मैच का उद्घाटन समाजसेवी ओम प्रकाश मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व बल्ले से गेंद को खेलकर किया। विवाहित टीम के कप्तान रोहित शुक्ला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। विवाहितो की ओर से आशीष सिंह के शानदार 62रन ,कप्तान रोहित शुक्ला के 42रन और जीतू मिश्रा के 32रनो की बदौलत 20 ओवर में विवाहित टीम के लिए 223 रन का बनाया। 224रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए अविवाहित टीम ने 2 ओवर शेष रहते हुए मैच को आराम से 5विकेट शेष रहते जीत लिया । अविवाहितो की ओर से अमन मिश्रा ने 62 गोविंद शुक्ला ने 56 रमनदीप सिंह ने 37 और यस अरोरा ने 29 रन बनाए । मैन ऑफ मैच गोविंद शुक्ल रहे जिन्होंने शानदार 56 रन बनाएऔर 2 विकेट लिए । बेस्ट बैट्समैन आशीष सिंह बेस्ट बॉलर शिवम गुप्ता बेस्ट फील्डर जीतू मिश्रा रहे,जिन्हें समाजसेवी ओमप्रकाश मिश्र द्वारा विजेता ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर आयोजक आनंद मिश्रा, विनय मिश्रा, नीरज गुप्ता, विक्रम, अंशुमान मिश्रा सहित तमाम क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

# घर में घुसकर दंपति समेत छह को पीटकर किया घायल, केस

**बहराइच,अमृत विचार :** एक दर्जन से अधिक हमलावरों ने रात में दलित के घर में घुसकर दम्पत्ति, बेटो व बेटियों पर जमकर लाठी डंडे बरसाए। जिसके चलते परिवार के आधा दर्जन लोग चोटहिल हो गए। घायलों की चीख पुकार पर आस पड़ोस के लोग दौड़े। तो हमलावर जान माल की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर परयछह नामजद सहित 15 के विरूद्ध घर में घुसकर मारपीट बलवा, धमकी, गाली-गलौज व दलित उत्पीड़न अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है । विवेचना सीओ सिटी राजीव सिसौदिया कर रहे है।

देहात कोतवाली के ताज खोदाई गांव निवासी दलित काशीराम पुत्र सत्य नरायन के घर पर शनिवार रात लगभग दस बजे आधा दर्जन से अधिक लाठी, डंडे व बल्लम से लैस हमलावर धड़धड़ाते घर में घुस गए। घुसते ही हमलावरों ने कांशी राम, उसकी पत्नी, दो बेटो व बेटियों पर ताबड़तोड़ लाठी डंडे बरसाए। घायलों की चीख पुकार सुन लोग दौड़े। लोगों की आहट पाकर हमलावर जान माल की धमकी देकर फरार हो गए। घायलों को कोतवाली लाए जाने पर बलवा, घर में घुसकर मारपीट, धमकी व गाली गलौज, दलित उत्पीड़न अधिनियम की धाराओं में राजकुमार पाल, पुत्तन, विशाल, सत्या, राजा व नौ दस अन्य के विरूद्ध दर्ज कराया गया है। एससी एसटी एक्ट की जांच सीओ सिटी राजीव सिसोदिया द्वारा किया जा रहा है।

## बहनोई पर दर्ज कराया मारपीट का केस

**बहराइच, अमृत विचार :** बहन के साथ मारपीट की भनक लगने पर उसकी ससुराल आए मायके वालों की बहनोई ने धुनाई कर दी थी। यही नही एक को चाकू मारकर घायल कर दिया था। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने मेडिकल कराकर केस दर्ज किया है। गोंडा जिले के खरगूपुर थाने के फरेंदा शुक्ल निवासी रवि शंकर पांडेय पुत्र बृजराज की बहन ममता की शादी विशेश्वरगंज थाने के कटोरवा के मजरे आज्ञारापुरवा निवासी मनीश के साथ हुई है। मनीश आए दिन ममता को मारपीट कर उत्पीड़न करता है। 22 मार्च को बहन बहनोई के बीच झगड़ा होने की जानकारी पर रविशंकर व अन्य बहन की ससुराल आए। तो बहनोई मनीश ने इन पर डंडे से हमला कर ताबड़तोड़ मारपीट की। यही नही त्रिवेणी के हाथ पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। यही नही फिर पलटकर वहां आने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित थाने पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने घायलो का मेडिकल कराया था। इस मामले में पुलिस ने मनीश को नामजद कर मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है।

## भतीजे का विवाद सुलझाने गए पूर्व शासकीय अधिवक्ता को पीटा



**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला अकबरपुरा निवासी एक युवक को कुछ लोग पीट रहे थे। इसका विरोध उसके चाचा पूर्व शासकीय अधिवक्ता ने किया तो सभी ने सर पर वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली नगर के मोहल्ला अकबरपुरा निवासी इकबाल पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता हैं। इस समय वह दीवानी न्यायालय में वकालत करते हैं। जिला अस्पताल में भर्ती वकील का कहना है कि सोमवार डेढ़ बजे जब वह सोकर उठे तो भतीजे के शोर की आवाज आई। उन्होंने बताया कि मोहल्ले के ही सकलैन, अर्श और सहबाज ने भतीजे को मंदिर के सामने खींचकर पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद जब वह बीच बराव कराने पहुंचे तो दबंगों ने उनकी पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में गंभीर चोट आई है। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घायल वकील ने कोतवाली नगर में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडे ने बताया कि केस दर्ज किया जा रही है। जांच के बाद गिरफ्तारी होगी।

## वाहन की टक्कर से दो होमगार्ड घायल

**बहराइच :** बहराइच लखनऊ हाईवे के गोलवाघाट के पास रविवार रात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक मे टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक अनियंत्रित होकर पोल से टकराकर पलट गई । जिसके चलते बाइक सवार नवाबगंज चरदा कंपनी के दो होमगार्ड राम नरेश यादव व ओंकार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। होमगार्ड एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी रमाकांत श्रीवास्तव ने बताया कि यह दोनों होमगार्ड सीजेएम आवास से डयूटी खत्म होने पर अपने गांव जा रहे थे। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कार्रवाई — मदरसे के शिक्षक पर दर्ज हैं दुष्कर्म जैसे गंभीर मामले

# फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी कर रहा शिक्षक

बौंडी, बहराइच

**अमृत विचार:** बौंडी थाने के एक अपराधी ने फर्जी अंकपत्र और अलग अलग तिथियों के जन्म प्रमाण पत्र लगाकर मदरसा में नौकरी हासिल कर ली है। इसकी जानकारी होने पर क्षेत्र के एक ग्रामीण ने डीएम और अल्प संख्यक कल्याण मंत्री को शिकायती पत्र भेजकर जांच के बाद कार्रवाई की मांग की है।

शहर के मोहल्ला बक्शीपुरा में मदरसा जामिया गाजिया फैजुल उलूम का संचालन होता है। का मदरसे में सहायक अध्यापक मोहम्मद जहूर की शिक्षक के पद पर तैनाती है। वह बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भौंरी के निवासी है। गांव की इनकी जन्मतिथि एक जनवरी 1970 है। जबकि इसी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेतौरा सरसठ ग्राम पंचायत 20 अक्टूबर 1965 अंकित कराई गई है। भौंरी गांव निवासी कृष्ण मुरारी ने इसकी शिकायत डीएम मोनिका रानी से की है। उनका कहना है कि मदरसा शिक्षक के गांव में मतदाता क्रम संख्या भौंरी के 919 अंकित था, जिसे फर्जी तरीके से बदलवाकर फिर 984 पर अंकित कराया गया है। इनके द्वारा जन्म तिथि के संबंध में कूट रचित अभीलेख तैयार कर नौकरी हथियाने का आरोप है। जानकारी के लिए बता दें कि इसके विरुद्ध बौंडी थाने में घर में घुस कर मारपीट करने, दुष्कर्म करने, जान से मारने की धमकी देने का भी केस दर्ज है। लेकिन जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी और मदरसा प्रबंधक की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। कृष्ण मुरारी का कहना है कि घूस देकर वह नौकरी कर रहा है। ऐसे में डीएम और अल्प संख्यक कल्याण मंत्री जांच करवाकर शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई करें।

### पुनः हासिल की नौकरी

भौंरी गांव निवासी कृष्ण मुरारी ने बताया कि मोहम्मद जहूर फर्जी दस्तावेज के सहारे मदरसे में शिक्षण कार्य कर रहा था। जिसका वाद दायर होने पर उसने पुन : फर्जीवाड़ा किया। उर्दू का अंक पत्र हटाकर यूपी बोर्ड के हाईस्कूल की मार्कशीट लगाकर विद्यालय की साठ गांठघाट से फिर बहाल हो गए और आसानी से छात्रों को पढ़ाने के साथ वेतन उठा रहा है। उसने जांच के बाद वेतन रिकवरी की आवाज उठाई है।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

अलग-अलग तिथि का जन्म प्रमाण पत्र लगाना और उर्दू के स्थान पर हाई स्कूल का अंकपत्र लगाकर नौकरी करने की जानकारी नहीं थी। अब जानकारी हुई है। अगर ऐसा है तो जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। केस भी दर्ज करवाया जायेगा।

-संजय मिश्रा, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

## दबंगों के हमले में मां-बेटी समेत चार घायल

**बहराइच, अमृत विचार :** बच्चों के विवाद में गुरूवार रात हुई मारपीट को लोगों ने बीच बचाव कर शांत कर दिया। शनिवार रात फिर हमलावरों ने घर में घुसकर महिला, उसकी दो बेटियों व बेटे के साथ जमकर मारपीट की। जिसके चलते चार लोग घायल हो गए। घायलों को थाने लाऐ जाने पर पुलिस ने मेडिकल कालेज इलाज को भेज दिया गया है। रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सरायमेहराबाद में गुरूवार रात बच्चों ने इरशाद के घर के आगे घास फेंक गंदगी की। पीड़िता 14 वर्षीय सजिना पुत्री इरशाद ने विरोध किया। तो हमलावरों ने सजिना के साथ मारपीट की। बच्चों के विवाद से खुन्नस खाए लोगों ने शनिवार रात लाठी डंडों से लैस होकर घर में घुसकर 30 वर्षीय आयशा पत्नी इरशाद, उसकी दो बेटियों बौंड़ी थाने के भिरवां निवासनी करिश्मा पत्नी मेराज, रामगांव थाने के सरायमेहराबाद निवासनी सजिना, बेटे 11 वर्षीय इसाक अली के साथ मारपीट की। जिसके चलते यह चारों घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

राम शंकर पाडेय
अधीक्षक
समाज कल्याण विभाग

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

यज्ञो दानमध्ययनं तपश्च चत्वार्येतान्यन्वेतानि सणि।
दम: सत्यमार्जवमानृशंस्यं चत्वार्येतान्यनुयान्ति संत: ॥

यज्ञ, दान, अध्ययन तथा तपश्चर्या –ये चार गुण सज्जनों के साथ रहते हैं और इंद्रियदमन, सत्य, सरलता तथा कोमलता –इन चार गुणों का सज्जन पुरुष अनुसरण करते हैं।

## संपादकीय

# अशोभनीय बयानबाजी

भारतीय राजनीति में महिलाओं की सहज भागीदारी तमाम चुनौतियों के बीच अभी भी एक दुष्कर कार्य है। जेंडर संवेदनशीलता के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों का रवैया एक जैसा है। राजनीति से जुड़ी महिलाओं को अभद्र भाषा से लेकर अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है। प्रसिद्ध अभिनेत्री हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत के विरुद्ध कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और एचएस अहीर की अशोभनीय टिप्पणी पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ रहीं अभिनेत्री कंगना रनौत और उनके निर्वाचन क्षेत्र मंडी के खिलाफ कांग्रेस नेताओं की कथित अपमानजनक टिप्पणियों की कानूनी समीक्षा की जाएगी। हालांकि, सुप्रिया श्रीनेत के इंस्टा अकाउंट से कंगना रनौत के लिए लिखी गई पोस्ट पर सफाई दे दी है, लेकिन ऐसा व्यवहार असहनीय और महिलाओं की गरिमा के खिलाफ है। पोस्ट में पूछा गया कि मंडी में क्या भाव चल रहा है? विरोध के रास्तों पर हार मानकर एक ऐसी ओछी बात कह देना, जिससे औरत की अस्मिता और उसकी इज्जत पर प्रहार हो, यह राजनीति का गिरता स्तर ही बताता है।

गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनावों से पहले सपा नेता आजम खान ने भी अभिनेत्री जया प्रदा के लिए अमर्यादित टिप्पणी की थी। राजनीति ही नहीं सार्वजनिक जीवन में जितनी भी महिलाएं हैं, चाहे वो नेता हो, अभिनेत्री हों या खिलाड़ी, उनके चरित्र और व्यवहार का रिमोट लोग अपने हाथ में ही रखना चाहते हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल 2020 की रिपोर्ट बताती है कि 2019 के आम चुनाव के दौरान 95 भारतीय महिला राजनेताओं के ट्वीट का विश्लेषण करने पर पाया गया कि महिला राजनेताओं के बारे में सात में से एक ट्वीट अपमानजनक था। दुर्भाग्यपूर्ण है कि खुद एक महिला होने के बावजूद कांग्रेस प्रवक्ता ने एक अन्य महिला के खिलाफ ऐसी ओछी टिप्पणी की और यह कहकर पीछे हटने की कोशिश कर रही हैं कि किसी ने उनके दूसरे खाते का इस्तेमाल किया है। इसको समाप्त करने के लिए या कम करने के लिए राजनीतिक दलों के पास कोई दूरगामी योजना नहीं है। महिलाओं के विरुद्ध अश्लील और अपमानजनक टिप्पणी करने पर कार्यवाही करने का कोई नियम कायदा तक राजनीतिक दलों में नहीं है। भारतीय राजनीति किस तरह से जेंडर संवेदनशील हो सकती है? इसके लिए भी किसी राजनीतिक दलों के पास कोई आचार संहिता नहीं है। सच्चाई यही है कि राजनीति के लगातार गिरते स्तर ने हमें ऐसे विचारों का आदी बना दिया है।

# सत्ता की आकांक्षाओं और वास्तविकता के बीच टकराव मात्र है सुशासन



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

> देखने वाली बात यह है कि मुगल शासक क्या इब्ने सीना जैसे दार्शनिकों के बारे में जानते थे जिसने पॉलिटिकल गवर्नेंस और सुशासन के बारे में बहुत कुछ कहा। देखने की दूसरी बात यह कि क्या गुड गवर्नेंस के नियम और इनके पीछे का दर्शन, शासक और सत्ता वर्ग के साथ हमेशा ही 'कनफ्लिक्ट' में रहता है।

नेता लोग अक्सर 'गुड गवर्नेंस' या सुशासन की बात करते थकते नहीं हैं। प्रांतों और केंद्र सरकार का हर एक शासकीय प्रमुख यह दावा करता है कि उनके राज में ही गुड गवर्नेंस आई है। यह शब्द भाव कहां से आया? क्या भारत में कभी सुशासन रहा है। सुशासन आखिर है क्या? क्या रामराज्य, जिसे हममें से किसी ने नहीं देखा और बस सुना मात्र है, हमारे लिए सुशासन की कल्पना रही है। क्या गरीबी और इनइक्वलिटी, प्रताड़ना और दुःख राम राज्य में नहीं थे? उस वक्त 'स्टेट रिसोर्सेज' थे या नहीं और अगर थे तो इन्हें कौन, कैसे कंट्रोल करता था। क्या इक्वीटेबल डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ रिसोर्सेज हुआ करता?

राम का राज्य थोड़े से क्षेत्र में था जिसकी सीमाएं भी हमें मालूम नहीं। ज्ञात जानकारी के अनुसार यह सरयू क्षेत्र के होता था जिसका रकबा आजकल के एक जिले जितना ही रहा होगा। रामराज्य की समृद्धि का आकलन हम उससे नहीं लगा सकते जिस प्रकार से यह भारतीय हिंदी सिनेमा और टीवी सीरियल्स में अभिव्यक्त किया जाता रहा है। मेरे हिसाब से उस समय रेशम के बने हुए वैसे शानदार वस्त्र और आभूषण कभी नहीं थे, जैसा सागर प्रोडक्शन्स इंटरनेशनल द्वारा निर्मित रामायण सीरियल में अक्सर दिखाया गया। उस समय के स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन, फाइनेंसेस, पब्लिक फैसिलिटीज और गवर्नेंस के बारे में हमें कुछ नहीं मालूम, ऐसा मेरी अवधारणा है। हो सकता है श्रीराम के राजकाल के बारे में जो भी तत्कालीन साहित्यकारों ने लिखा वह सिर्फ गौरवगाथा है।

आधुनिक वक्तों में गुड गवर्नेंस के कांसेप्ट को ग्लोबल कॉन्टेक्स्ट में पहली बार दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति पर 28 मार्च सन् 1947 को यूनाइटेड नेशन्स इकनोमिक कमीशन फॉर एशिया एंड फार-ईस्ट की स्थापना के पांच महीना बाद जब इसका नाम बदलकर 'इकोनॉमिक एंड सोशल कमीशन फॉर एशिया एंड पेसिफिक' किया गया उस समय डिफाइन किया गया था। इसके उद्देश्यों में कहा गया कि 'सुशासन, अन्य बातों के अलावा, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह है। यह प्रभावी और न्यायसंगत भी है और यह कानून के शासन को बढ़ावा देता है। सुशासन यह सुनिश्चित

> भारत में गुड गवर्नेंस को लोकतंत्र के जरिये से स्थापित करने का प्रयास हुआ जिसमें आमजन की असरदार और सक्रिय भागीदारी को सिद्धांतत: स्वीकार किया गया, लेकिन संवैधानिक व्यवस्थाओं के बावजूद अभी तक गुड गवर्नेंस का असर पूरे तौर से दिखाई नहीं दिया है।

करता है कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्राथमिकताएं समाज में व्यापक सहमति पर आधारित हों और विकास संसाधनों के आवंटन पर निर्णय लेने में सबसे गरीब और सबसे कमजोर लोगों की आवाज सुनी जाए।' तब क्या सोशलिज्म को हम गुड गवर्नेंस कहेंगे? दुनिया के बड़े मुल्कों के पोलिटिकल गवर्नेंस के सिस्टम के अनुसार गुड गवर्नेंस के तौर-तरीके विकसित होते हैं और एक देश की गुड गवर्नेंस दूसरे देश के पॉलिटिकल सिस्टम के अनुसार ढाल ली जाती है। गुड गवर्नेंस के या सुशासन के सार्वभौम माने नहीं भी बदलें तो भी हर एक देश अपने सिस्टम के अनुसार गुड गवर्नेंस को डिफाइन तो करता ही है।

इस हिसाब से अगर देखें तो रामराज्य के वक्तों में पॉलिटिकल आइडियोलॉजी वही रही होगी जिसे राजा जनक और वशिष्ठ जैसे मुनियों ने तय किया होगा। आखिर राजगुरुओं ने ही उस समय सुशासन को तय किया होगा, लेकिन हमें प्राचीनतम भारत के पॉलिटिकल एडमिनिस्ट्रेशन या स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन के बारे में कुछ अधिक नहीं मालूम। कुछ लर्नेड जर्नल्स में छपे पर्चों को और किताबों में प्रकाशित जानकारी को देखा गया कि इसमें गवर्नेंस के 'दर्शन' के बारे में तो बहुत कुछ मालूम हुआ, लेकिन ऐसा कुछ नहीं दिखा जिन नुक्तों के बारे में हल्का सा जिक्र मैंने किया है। हर एक कानून और नियम का पीछे 'दर्शन' की एक दृष्टि काम करती है, लेकिन गवर्नेंस के बारे में सॉलिड प्रूफ और एविडेंस अगर नहीं है तो एडवांस्ड सिविल सोसाइटी इसे कैसे मान सकती है। इसका एविडेंस न हो तब भी हिन्दुओं के 'सेक्रेड टेक्स्ट्स' में इसकी झलक तो मिलती ही है और गुड गवर्नेंस के लिए उत्तरोत्तर प्रगतिशील समाज अपने प्राचीन दर्शन और शास्त्रों के अनुसार वर्तमान कानूनों के इसी अनुसार निर्मित और स्थापित करने के उपरांत इन्हें न्याय पूर्ण व्यवस्था के अनुसार लागू करता है जिसका अवलोकन न्यायालय की जिम्मेवारी होती है और वह भी तत्परता से। ऐसे में क्या हम राजा राव द्वारा रचित 'कन्थपुरा' उपन्यास से कुछ सूत्र ग्रहण कर सकते हैं जिसमें हम रामराज्य की झलक पा सकते हैं? इसके नैरेटिव में राव जी ने रामायण और पुराणों के अलावा मिथकों का प्रयोग किया है। ब्रिटिश राज के परिप्रेक्ष्य में राव जी ने इस उपन्यास के कथावस्तु में भारत के लोगों की संवेदनशीलता और आमजन के 'दर्शन' का ताना-बाना दक्षता से बुना है। इस मामले में उद्धरणों के तौर से हम मशहूर ब्रिटिश निबंध लेखक और चिंतक फ्रांसिस बेकन (1561-1626) को भी इस्तेमाल कर सकते हैं। बेकन का जीवन काल करीब वही है जिस समय भारत में अकबर और जहांगीर का शासन कायम था। इन मुगल सम्राटों की पॉलिटिकल गवर्नेंस की स्थिति पूरी तरह से तुर्क और इस्लामिक नहीं थी, बल्कि इसमें भारतीय दर्शन तत्व भी शामिल थे।

देखने वाली बात यह है कि मुगल शासक क्या इब्ने सीना जैसे दार्शनिकों के बारे में जानते थे जिसने पॉलिटिकल गवर्नेंस और सुशासन के बारे में बहुत कुछ कहा। देखने की दूसरी बात यह कि क्या गुड गवर्नेंस के नियम और इनके पीछे का दर्शन, शासक और सत्ता वर्ग के साथ हमेशा ही 'कनफ्लिक्ट' में रहता है अर्थात् क्या इनके बीच तनाव और टकराव का होना एक कुदरती जरूरत है? अगर हर एक शासक या सत्ताधारी सुशासन का दावा करता रहा है तो भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी और अन्याय से लोग दुखी क्यों रहते हैं, शिकायत बनी क्यों रहती हैं? इसकी वजहों पर बहुत विमर्श इस समय उपलब्ध है। दक्षिण भारत में राजा राव (सन् 1908-2006) बड़े माने हुए लेखक और चिंतक हुए हैं। गांधी जी द्वारा संचालित भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के सिद्धांतों और मूल्यों के अनुसार एक दक्षिण भारत के एक गांव कंथपुरा की स्वशासन को पृष्ठभूमि में रखकर राव जी ने इसी नाम से उपन्यास लिखा जिसका गजब का नैरेटिव है। कंथपुरा के नैरेटिव के भीतर हम स्वशासन के जरिए सुशासन की गंध सूंघ सकते हैं, लेकिन कितने सत्ताधारियों को 'कंथपुरा' के बारे में मालूम है। साहित्य और सुशासन के ऐसे अंतरंग संपर्क दूसरी किताबों में अनुपलब्ध हैं। संस्थानों और व्यक्तियों को भ्रष्ट करने की आवश्यकता क्या सत्ताधारियों के इरादों और दर्शन की श्रेष्ठता के बीच के 'कनफ्लिक्ट' का अध्ययन मात्र है या इससे न्यायपरकता पर लांछन लगाए जा सकने की एक एक्सरसाइज माना जाता रहा है जिसके पक्ष में जाहिर है, सत्ताधारी अधिकतम संख्या में रहते हैं?

भारत में गुड गवर्नेंस को लोकतंत्र के जरिए से स्थापित करने का प्रयास हुआ जिसमें आमजन की असरदार और सक्रिय भागीदारी को सिद्धांततः स्वीकार किया गया, लेकिन संवैधानिक व्यवस्थाओं के बावजूद अभी तक गुड गवर्नेंस का असर पूरे तौर से दिखाई नहीं दिया है। चाहे ग्राम्यांचल हैं या नगरांचलों की शासन व्यवस्था। भ्रष्टाचार और अराजकता, कानून के सामने बराबरी हर समय, हर स्थिति में, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, इनका हनन होता है ऐसे समाचारों से अखबार भरे रहते हैं। क्या इस सत्ताचारी शासक वर्ग को इस बात के लिए कभी प्रेरित नहीं करता कि गुड गवर्नेंस को आघात पहुंचने की अवस्थाएं मौजूद रहीं हैं और वे दूर हो ही नहीं पा रही हैं? 'हैंडबुक ऑफ गुड गवर्नेंस', 'इंटेलीजेंट गवर्नेंस इन द ट्वेंटीफर्स्ट सेंचुरी', 'गुड गवर्नेंस एंड डेवलपमेंट' और 'गुड गवर्नेंस, डेमोक्रेटिक सोसाइटीज एंड ग्लोबलायिजेशन' जैसी किताबें कुछ सोचने को तो मजबूर करती हैं, लेकिन विशाल और विविधताओं से भरपूर देश भारत में गुड गवर्नेंस के इम्प्लीमेंटेशन और संचालन एक चुनौती रहा है। देश के बड़े सत्ताधीशों की अच्छी सोच के बावजूद व्यावहारिक और सामान्य गुड गवर्नेंस लोकल स्तर पर भी हो जाए तो बहुत है। जाहिर है यह सत्ताधीशों से 'कनफ्लिक्ट' की नहीं, बल्कि उनसे त्याग की पहले मांग करता है, जो इनके लिए पॉलिटिकल गवर्नेंस की वर्तमान स्थिति के चलते हुए 'संभव' से परे की बात नजर आती है।

## प्रसंगवश

# महादेवी वर्मा और स्त्री विमर्श

महादेवी वर्मा की जयंती पर हिंदी भाषी लोग उतने मुखर नहीं होते जितने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर। स्त्रियां भी महादेवी के स्त्री चिंतन और सामाजिक सक्रियता के उदाहरणों पर मौन रह जाती हैं। महादेवी के साहित्य का एक स्त्री के छायावादी साहित्य के रूप में अध्ययन स्त्री और छायावाद दोनों को नए अर्थ से भर देता है। उन्होंने 'शृंखला की कड़ियां' लिखी थीं, फिर भी एक स्त्री विमर्शकार के रूप में उनके अवदान को स्त्रियां भी याद नहीं करतीं।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

निराला के 'झूम- झूम मृदु गरज-गरज घनघोर' के बादल और महादेवी की 'मैं नीर भरी दुख की बदली' के फर्क को देखा जा सकता है। आखिर स्त्रियां ही इतना क्यों रोती हैं, पढ़ी-लिखी स्त्रियां भी? पुरुष को क्यों ऐसा रोना नहीं आता? यह हार्मोन का मामला नहीं है, यह नियति नहीं है, बल्कि हजारों साल के आतंककारी पितृसत्तात्मक मानसिक दबाव का मामला है। हमारे समाज में धर्मांधता बढ़ी है तो पितृसत्ता भी मजबूत हुई है, भले कुछ महिलाओं को मंत्री बनाकर उदारवाद का मिथ्या प्रदर्शन किया जाए। महादेवी का अश्रु महज रोने-गाने का मामला नहीं है, वह एक नए संसार के लिए तड़प है, 'करें दृग आंसू का व्यापार, चाहिए एक नया संसार'। वर्तमान संसार असह्य है, इसलिए एक नया संसार चाहिए। वह बड़े सपनों, संघर्षों और बलिदान का जमाना था, जहां सपने हों पहरेदार, चाहिए एक नया संसार। वह सारा कुछ आजादी के लिए था, सिर्फ अंग्रेजी दासता से नहीं। हर दासता से मुक्ति के लिए, धार्मिक गुलामी से भी मुक्ति के लिए। आज इतने विस्तार से कल्पना करने की शक्ति समाज खोता जा रहा है। वह 'मैं-मैं' और 'मेरा अनुभववाद- तेरा अनुभववाद' में फंसा है। महादेवी मंदिर की आरती बेला के शंख और घड़ियाल के शोर के बीच कहती हैं, 'यह मंदिर का दीप, इसे नीरव जलने दो।' जब धर्म एक शोर होता है, वहां ईश्वर छोड़कर बाकी सबकुछ होता है।

आज बाजार उछल-उछल कर स्त्री की परिभाषा तय कर रहा है। धार्मिक अंधविश्वासों की तरह बाजारवाद हावी है। महादेवी का स्त्री विमर्श धार्मिक अंधविश्वास और बाजारवाद का विरोध करता है। आजकल का स्त्री विमर्श कितना करता है?

# कारपोरेट कंपनी बने दल, हाईजैक जनतंत्र

लोकतंत्र का वर्तमान स्वरूप कारपोरेट के अनुसार हो चुका है। अब दलों में जनभावना के अनुसार निर्णय नहीं होते हैं, बल्कि उच्च स्तर के आदेशों का पालन नीचे कराया जाता है। अब गांधी, लोहिया कोई नहीं बनना चाहता, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति तंत्र से जुड़ना चाहता है, क्योंकि तंत्र के माध्यम से वह सब कमाया जा सकता है, जो अपने पुरुषार्थ एवं मेहनत से प्राप्त नहीं हो सकता है।

तंत्र से सवाल पूछने वाले लोग भी तंत्र से जुड़ गए हैं और वह वहां स्थापित होकर गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। वह लोक की पीड़ा समझते हैं, किंतु स्वहितों के कारण तंत्र के आगे नतमस्तक हैं। संपूर्ण राजनीतिक तंत्र पिशाची प्रवृत्ति का हो गया है। चुनावों में राजनीतिक तंत्र के द्वारा लोक का मखौल बनाया जाने लगा है। लगभग सभी दलों में प्रत्याशी का चयन जनभावना के अनुरूप न होकर हाईकमान की सर परस्ती से होने लगा है, ऐसे में लोक का नेतृत्व करने वाले नेता अब नेपथ्य में चले गए हैं और हाईकमान की अनुकंपा वाले प्रसाद पाकर स्थापित होते जा रहे हैं। लोक का दुर्भाग्य है कि आज वह सिर्फ एक भीड़ बनकर रह गया है। इस भीड़ का एक भाग पक्ष में दिखता है और दूसरा विपक्ष में।

लोकतंत्र पहले लीग मैचों की तरह था जिसमें चार-पांच दल आपस में प्रतिद्वंद्विता रखते हुए विजय प्राप्त करते थे। एक उत्सव की तरह चुनाव होते थे और दो तीन महीने जनता इसका रसपान करती थी। अब सीधे दो पक्षों के बीच फाइनल होने लगा है। इस नई व्यवस्था का कारण स्पष्ट है कि भारत को अमेरिकी तर्ज पर ढाला जा चुका है। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

> लोक का दुर्भाग्य है कि आज वह सिर्फ एक भीड़ बनकर रह गया है। इस भीड़ का एक भाग पक्ष में दिखता है और दूसरा विपक्ष में।

को प्रेरणास्रोत की तरह देखने वाली राजनीतिक व्यवस्था ने पिछले दो दशक में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था का उत्पीड़न करते हुए सुनियोजित तरीके से दो दलीय व्यवस्था स्थापित कर दी है। धन का मानक अन्य सभी सामाजिक मानकों पर अब सर्वोच्च है।

एलेक्टोरल बांड भी इसी व्यवस्था से उपजा एक प्रारूप है। अब चुनावी चंदे का कारपोरेट नाम एलेक्टोरल बांड है। राजनीतिक दल अपने लूटतंत्र को छुपाते हुए जनता के बीच अपनी साख बचाने के लिए किसी भी स्तर पर अपने कार्यकर्ता को पुर्जे की तरह बदल देते हैं। लोकतंत्र में तंत्र लोक के लिए बनाया जाता है। हर चुनाव के बाद एक तंत्र बनता है। वह तंत्र उसी का शोषण करता है, जो उसका निर्माण करता है। तंत्र को बनाने वाला लोक हर बार ठगा जाता है। जैसा लोक चाहता है वैसा तंत्र को कार्य करना चाहिए। क्या ऐसा हो रहा है? शायद नहीं।

तंत्र को नियंत्रित करने के साधन भी सीमित होते चले जा रहे हैं। तंत्र लगातार लोक की राह में रोड़ा बन रहा है, जो व्यवस्था अंग्रेजों ने अपने राज करने के लिए बनाई थी वह आज भी बरकरार है। तंत्र से जुड़े लोग कभी नहीं चाहते हैं कि इस तंत्र को बदलने की कोई आवाज लोक से उठे। लोक से उठी हर आवाज को यह तंत्र या तो दबा देगा या किसी भी माध्यम से दबवा देगा। यह तंत्र मालिक बनकर लोक को मजदूर बना रहा है। आज खेत लोक के हैं, किंतु उसकी कीमत तंत्र तय करता है। जमीन पर कार्य कार्यकर्ता करते हैं, पर चुनावी टिकट आलाकमान तय करता है।

तंत्र से जुड़े लोगों द्वारा आपसी मिली भगत से आज देश में, जो लूट मची है, ऐसी लूटपाट करने वाले अंग्रेजों से तो हमने 1947 में मुक्ति पा ली थी, पर पिछले दो दशक में अमेरिकी तर्ज पर ढल चुके इस तंत्र में बैठे काले अंग्रेजों और अपने खुद के जयचंदों का हम क्या करें? अब इस राजनीतिक तंत्र में जो व्यक्ति तंत्र का हिस्सा बनता है वह रातों-रात करोड़पति बन जाता है। इसके बाद धन से राजनीतिक पद पा जाता है, जो लोक से जुड़ा रहता है, उसके हिस्से में सिर्फ संघर्ष आता है। उसका कार्य होता है कि आलाकमान के कुकृत्यों को जनता के बीच सुकृत्य बनाकर प्रस्तुत करे।

देश में इस समय एक वैचारिक आंदोलन की आवश्यकता है। अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन एक दशक पहले हुआ। उस व्यवस्था से निकले अरविंद केजरीवाल ने लोगों के अंदर आंदोलन के प्रति विश्वास भी समाप्त कर दिया। सामान्य जनमानस अब इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया पर आनंदित हो रहा है। सब कुछ समझते हुए भी उसके पास विकल्पहीनता है। यह विकल्पहीनता भी उसी राजनीतिक तंत्र का एक प्रारूप है।

## सोशल फोरम

# राजनेताओं की भाषा

राजनीति इतनी विकृत हो गई है कि जो बुद्धिजीवी उसके संपर्क में आते हैं उनके भीतर वही वायरस प्रवेश कर जाता है। राजनीति उस कचरे की तरह हो गई है जिससे बदबू निकलने लगी है जिनको पसंद है वे इत्मीनान से गींजते रहे, मैं भले अकेले रहूं, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकता।

राजनेताओं और प्रवक्ताओं की गंदी जुबान और घटिया भाषा कोई आश्चर्य की बात नहीं, लेकिन यह देखकर मैं हैरान हूं कि 65-70 की उम्र तक पहुंच चुके लेखक, संपादक और पत्रकार भी अब ऐसी ही भाषा बोलने लगे हैं। हैरान-परेशान जब मैं शांत होकर ऐसे लोगों की पूंछ टटोलता हूं तो कुछ-कुछ समझ में आने लगता है। उछलकूद और दुर्मुख होने के पीछे इनकी जाति और जातिगत नेताओं की चाटुकारिता की बैट्री है। अगर वह इस या उस जाति के नहीं होते तो वे दो कौड़ी के कलमघिस्सू भी मुश्किल से बन पाते। ऐसे लोग हाथ में अलकतरा लिए हर पल फेसबुक पर भी मौजूद रहते हैं और तलाशते रहते हैं ऐसे लोगों को जो अल्पसंख्यक कमजोर जाति से हो और जिनका उनकी तरह का कोई राजनीतिक जुड़ाव न हो। अगर ऐसे लोग उनसे या उनकी जाति



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

> मेरा दावा है बहुत सारे रचनाकार और पत्रकार सिर्फ अपनी जाति की बदौलत ही वैशाख में हरी-हरी घास चर रहे हैं और जब तक जीवित हैं वे चरते हुए ही मिलेंगे।

के किसी नेता से मात्र असहमत होता हुआ दिखा तो तुरंत उसके मुंह पर अलकतरा पोत देते हैं। ऐसे लोगों को मैंने देखा है कि जहां उनको लगता है कि यहां टार्गेट किया तो अलकतरा के बदले एसिड भी आ सकता है। फिर तो वे रास्ता ही बदल लेते हैं या मिमियाने लगते हैं। लोकतंत्र के खतरे को लेकर रेंकने में ये अगली कतार में रहते हैं।

मेरा दावा है बहुत सारे रचनाकार और पत्रकार सिर्फ अपनी जाति की बदौलत ही वैशाख में हरी-हरी घास चर रहे हैं और जब तक जीवित हैं वे चरते हुए ही मिलेंगे। आप उनका कुछ नहीं कर सकते। ऐसे परजीवी बुद्धिजीवी बहुत हो गए हैं। तमाम प्रतिकूलताओं के विरुद्ध साहस से प्रतिरोधी आवाज देने के लिए माद्दा चाहिए। ऐसा जिसके पीछे न जाति की ताकत हो और न सत्ता की।

**–फेसबुक वॉल से**

# आईए हम भी सोच बदलें अपनी

टुन्न आदमी से बतिया कर देखिए। वो बेचारा पूरी कोशिश में होता है कि उसे शराबी न मान ले आप। वो आपसे तौल-तौल कर बाते करेगा जितना तमीजदार हो सकता है, उससे दस गुना होने की पूरी कोशिश करेगा। चलेगा तो एक-एक कदम संभालकर रखेगा। पीने वाले से ज्यादा सभ्य, सतर्क और तार्किक होना मुश्किल है। शराब का जिक्र काफी होता है। आपको पीने वाले की आंखों की तेज चमक चौंधिया देगी। वो इतना खुश हो जाएगा कि उसकी खुशी संभालना आपको भारी पड़ सकती है। वो शराब के सामने किसी को गिने ऐसा होता नहीं। यदि आप भी पीने वालों में से हो, पिलाने की हैसियत रखते हों तो वह फौरन से पेश्तर आपका यार हो जाएगा। गले से लगा लेगा आपको और आपके लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हो जाएगा।

ये फक्कड़, वीतरागी और खोए-खोए लोग हैं। बाकी किस्मों के इश्क की ही तरह ही शराब से इश्क उन्हें उदार और भलामानस बना देता है। ऐसे दसियों लोग आपको अपने आसपास, परिचितों में ही मिल जाएंगे, जो दो पैग लगाने के बाद जो भी करते हैं वो बेमिसाल होता है। छतरपुर पोस्टिंग के वक्त मेरा बच्चों के डॉक्टर से परिचय हुआ था। डॉक्टर साहब जब लगा चुके होते थे तब वो अपनी काबिलियत के चरम पर होते थे। छोटे-छोटे बच्चों लिए मां-बाप की भीड़ यही चाहती थी कि डॉक्टर साहब उनका बच्चा देखने के पहले एकाध पैग लगा चुके हो तो बेहतर है। मैं अपने निजी अनुभव से



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> हमारे यहां की रवायत है कि किसी की भी थोड़ी बहुत पूछ परख करना हो तो उसके मरने का इंतजार किया जाता है। शराबी आदमी को यह दुनिया मरने के बाद भी इज्जत के लिए तरसा देती है।

यह मानता हूं कि पीने वाले ज्यादा खुशमिजाज, व्यवहार कुशल, मिलनसार, भरोसेमंद और यारबाज होते हैं और यही गुण उसे जिंदगी की रेस जीतने में मदद करते हैं। आप न पीने वाले को देख लें। भाई इसी बात के नशे में रहेगा कि मैं नहीं पीता। नीरस जिंदगी जीता है वो। रात को आठ बजे तक अकेले-अकेले मुंह बनाते हुए अपना दाल-दलिया खा लेता है। चैनल पर न्यूज देखता है और दस बजते-बजते खर्राटों के हवाले हो जाता है। अब ऐसी जिंदगी किस काम की। इससे तो दो पैग लगाकर यारों की मंडली जुटाने वाले भले।

शराबी भगवान से डरता है और भगवान से ज्यादा बीबी-बच्चों से डरता है। बिना किसी के कहे ही माने बैठा होता है कि उसने गलती की है, ऐसे में देर रात तोहफों से लदा-फदा घर लौटता है। बंदा यारों के साथ मन हल्का करके लौटा होता है। इसलिए घर में सुख-शांति बरकत बनी रहती है। आप ठंडे दिमाग से गौर करें तो मेरी इस बात से राजी होंगे कि पीने वालों की तुलना में न पीने वाले ज्यादा तुनकमिजाज, झगड़ालू और बददिमाग होते हैं। दुनिया में जितनी भी गड़बड़ियां हुई हैं, उनमें से अधिकतर के पीछे न पीने वाले बंदों का ही हाथ है। अब हिटलर को ही ले लें। बंदे ने शराब को हाथ नहीं लगाया, पर कभी पर आदमियों का खून पीने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। जबकि पीने वाले ऐसे लीडरों की लंबी-कतार मिलेगी आपको जो सच्चे अर्थों में जनता से प्रेम करते थे।

हमारे यहां की रवायत है कि किसी की भी थोड़ी बहुत पूछ परख करना हो तो उसके मरने का इंतजार किया जाता है। शराबी आदमी को यह दुनिया मरने के बाद भी इज्जत के लिए तरसा देती है। पर भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। वो हाथों-हाथ लेता है पीने वालों को। आप ने जन्नत में शराब की नदियां बहने की बात सुनी ही होगी। इन नदियों की वजह से ही उसे जन्नत कहा गया है और ये नदियां ही उसे दोजख से अलग करती हैं। ये नदियां वहां इसलिए हैं, क्योंकि ऊपर वाला भी शराब से इश्क करने वालों का ख्याल रखता है। उन्हें बतौर वीआईपी ट्रीट करता है। यदि ऐसा न होता तो जन्नत में शराब की नदियां बहाने का कोई तुक नहीं था। आइए हम भी सोच बदलें अपनी। शराब से इश्क करने वालों से तमीज से पेश आएं। इज्जत करें उनकी। इसलिए करें, क्योंकि ऊपर वाला भी यही करता है।

# आम बने खास

दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रारंभ से ही नाटक करने में बेजोड़ रहे हैं। अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से राजनेता और फिर मुख्यमंत्री बनने के पश्चात वर्ती घटनाएं इसकी गवाह हैं। इन्होंने अपनी पार्टी का नाम 'आम आदमी' पार्टी' रखा। हालांकि केजरीवाल सहित इसके नेताओं के तौर-तरीके कभी आम आदमी जैसे नहीं रहे। उन्होंने सब कुछ वैसा ही किया जैसा अन्य पार्टियां करती हैं। हां! मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने तथा नाटक, पाखंड करने में औरों से कुछ आगे हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इनकी शुरुआती घोषणा थी कि वे जनता की सवारी से चलेंगे और सड़क पर बैठकर जन सुनवाई करेंगे, किंतु एक दिन सब मंत्री आटो-टेम्पों से चले, फोटो मीडिया में आईं और अगले ही दिन से सब चमचमाती कारों से चलने लगे। ऐसे ही सड़क से जन सुनवाई एक दिन भी पूरी नहीं कर सके थे। बीच में ही छत पर चढ़ गए थे। जिस कांग्रेस को भ्रष्ट बताया और उनकी मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को जेल भेजने की घोषणा करता रहे। शुरू में उन्हीं से गठबंधन करके सरकार चलाई। केजरीवाल की सत्ता और शक्ति की भूख बहुत प्रबल रही है और वे इस अधूरे प्रांत के मुख्यमंत्री/सरकार की शक्तियां बढ़ाने के लिए कई बार सुप्रीमकोर्ट गए। वे मुख्यमंत्री होकर सड़क पर धरने प्रदर्शन करते रहे और छोटी-छोटी बातों के लिए आए दिन सुप्रीमकोर्ट गए, जिस पर उन्हें अदालत ने फटकारा भी।

एक समय था, जब वे आए दिन प्रेस वार्ता करके किसी न किसी नामचीन नेता को भ्रष्ट घोषित करते थे। हालांकि इन आरोपितों में कुछ ने इन पर कोर्ट में आपराधिक मानहानि का मुकदमा भी किया जिसमें इन्होंने माफी मांगी। अब वे प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली शराब घोटाले में जेल भेजे गए हैं और पाखंड चालू है। इसके पहले, अब तक के इतिहास में जिन मुख्यमंत्रियों पर जेल जाने की तलवार लटकी, उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया। ये नायाब और पहले मुख्यमंत्री हैं, जो जेल जाने के बाद भी पद पर डटे हैं और सरकार चलाते रहने का दावा कर रहे हैं। इन्होंने दिल्ली की मंत्री आतिशी को एक आदेश भेजा है जिसमें कहा गया है कि "दिल्ली वासियों को पानी की दिक्कत न होने पाए"। आदेश कंप्यूटर पर टाइप है।

संप्रति ये अदालत से जांच एजेंसी द्वारा पूछताछ के लिए रिमांड पर लिए गए हैं और ईडी की हिरासत में हैं। जांच एजेंसी ने उन्हें न तो कंप्यूटर दिया है, न कागज। अदालत ने भी उन्हें ऐसी कोई अनुमति नहीं दी है, किंतु पाखंड चालू है कि इन्हें दिल्लीवासियों की बड़ी चिंता है। समझा जाता है कि इनकी पत्नी सुनीता इनसे मिलने गईं थीं। वे टाइप शुदा कागज, कलम ले गईं और इनके हस्ताक्षर करवा कर बाहर कागज़ ले गईं। अब यह विषय भी फरेब और जालसाजी का बनता है।

दरअसल जेल की अपनी नियमावली है। न्यायिक हिरासत में बिना अदालत की अनुमति से ये सरकार कैसे चला सकते हैं? पूछताछ के लिए रिमांड पर होने पर इन्हें विवेचना एजेंसी के अनुशासन के अधीन रहना होगा। कानून से ऊपर कोई नहीं है। मालूम हो कि इन्होंने अठारह विभाग तक उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आवंटित किए थे और अपने पास कोई विभाग नहीं रखा। ये जिम्मेदारी से बचते रहे, लेकिन अब काम की चिंता है। ये देश के अकेले मुख्यमंत्री हैं, जो अपने पास कोई काम नहीं रखते थे। छद्म लाजवाब है!



**सोलहवां रोजा**

शिया
सहरी : 04.28 बजे
इफ्तार : 06.30 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.36 बजे
इफ्तार : 06.23 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# खूब बरसा रंग, हर्षोल्लास से मना त्योहार

## डीजे की धुन पर युवाओं की टोली जमकर थिरकी, घर-घर पहुंचकर दी गई होली की बधाई, बने पकवान

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** रंगों का पर्व होली सोमवार को जिले भर में धूमधाम के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। शहर के चौराहों व तिराहों व गांवों में गाजे-बाजे व डीजे की धुन पर रंगों से सराबोर युवा जमकर थिरके। बच्चों व महिलाओं से लेकर बड़े-बुजुर्ग तक रंग से सराबोर नजर आए। दोपहर बाद रंग का सिलसिला थमा तो सभी सज-धजकर एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिले और होली की बधाइयां दीं।

जिले में सोमवार को होली के त्योहार को लोगों ने उल्लासपूर्वक मनाया। रविवार को रात शुभ मुहूर्त में होलिका दहन के साथ ही उत्साही युवाओं व बच्चों ने एक दूसरे पर रंग व गुलाल डालना शुरू कर दिया। शहर में जगह-जगह होली गीतों से गूंज रहे डीजे पर थिरक रहे युवा होली के उत्साह को दोगुना कर रहे थे। सोमवार की सुबह से छोटे-छोटे बच्चे पिचकारी आदि लेकर निकल पड़े और एक दूसरे पर जमकर रंग डाला और अबीर-गुलाल लगाया।

महंगाई की चिंता छोड़ गृहणियों ने भी होली में अपने जमकर हाथ खोले और घर-घर पकवानों की धूम रही। रंगों के साथ-साथ बच्चों ने पकवान का भी जमकर आनंद लिया। सुबह करीब 10 बजते-बजते रंगों का पर्व परवान चढ़ा और क्या बच्चे, क्या बड़े और बूढ़े सभी रंग-बिरंगे नजर आने लगे।



धम्मौर में परिवार के साथ होली खेलने के बाद किशोरी ने ली सेल्फी। अमृत विचार



चौक घंटाघर के पास कपड़ा फाड़ होली में थिरकते युवा। अमृत विचार

महिलाएं व युवतियां भी इसमें पीछे नहीं रहीं। सभी ने एक दूसरे पर जमकर रंग डाला। दोपहर बाद तक रंग डालने का सिलसिला चला। पुलिस की सतर्कता की वजह से पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में निपट गया। शाम करीब चार बजे लोग सज-धजकर सपरिवार निकले और ईष्ट-मित्रों के घर जाकर पकवान का लुत्फ उठाया। साथ ही एक दूसरे के अबीर लगाकर लोग गले मिले और होली की बधाई दी। होली की बधाइयों का सिलसिला देर रात तक चला। यह सिलसिला जिले में करीब सप्ताह भर चलेगा।

### कादीपुर में खूब चली रंगों की बौछार

कादीपुर में सोमवार को सुबह से ही कस्बे में रंगों की बौछार चली। नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल की अगुवाई में पुरानी बाजार के शिव मंदिर से होली की बारात निकाली गई। जो तहसील तिराहा, पटेल चौक होते हुए होलिका दहन स्थल पर पहुंची। जहां से पुरानी बाजार होते हुए कोतवाली परिसर पहुंची। कोतवाली में कस्बे वासियों एवं पुलिस कर्मियों ने जमकर होली खेली। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह एवं पुलिस कर्मियों के साथ कस्बे के निवासियों ने जमकर होली खेली और रंगों के साथ जमकर अबीर एवम गुलाल उड़ाए। मौके पर विनोद कुमार सोनी, रामू मोदनवाल बोल बम, सतीश मोदनवाल रंगोली, शिवमंगल सिंह, ललित कसौधन, उत्कर्ष मोदनवाल आदि रहे। वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नगर इकाई ने होली महोत्सव आयोजित किया। जिसमें नगर क्षेत्र के लोग सपरिवार शामिल हुए। समारोह में फूलों की होली खेली गई।

### तात निहारत रात गई हनुमान कहां अरझाने भोर नकचाने

▸▸ होली में बही फाग की रस धार

**बल्दीराय, सुलतानपुर :** अभी भी फाग गीतों की परंपरा गांव में जीवंत है। नौजवान और बुजुर्ग सभी लोग इकट्ठा होकर फाग गीतों का आनंद लेते हैं। हालांकि, आधुनिक परिवेश में नई पीढ़ी के युवा फाग गीतों की जगह डीजे पर डांस करना ज्यादा पसंद करते है। ग्राम सभा बड़नपुर प्रधान दीपक सिंह द्वारा पूरे सुजान में बड़े भव्य रूप में क्षेत्रीय ग्रामीणों के संग होली मिलन समारोह का आयोजन व फागुआ गीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। होली खेलै रघुवीरा अवध में, आज विरज में होली रे रसिया, माधव पंडन के सुलह काज गयो अंध सुमन दरबारा होता भिनसारा, तात निहारत रात गयी हनुमान कहां अरझाने भोर नकचाने फाग गीतों को सुनकर मौजूद लोगों ने खूब लुप्त उठाया। प्रधान दीपक सिह ने बताया कि ये परम्परा अब बीते दिनों की बात होती जा रही हैं। गांवों के सार्वजनिक स्थलों पर होली के पूर्व से ही होने वाली गीत गवनई और ढोल मंजीरे की थाप अब नहीं सुनाई देती। हालांकि, गांव के बड़े बुजुर्ग लोक कलाओं को जीवंत बनाए रखने की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं। बुजुर्गों की मानें तो गांवों में इन परंपराओं को लोग भली भांति निभाते थे। बसंत पंचमी से ही गांवों में फागुनी गीतों की बयार बहने लगती थी। फागुन के गीतों क्रमशः राग, मल्हार, फगुआ, झूमर, चौताल, तितला, चौता और बारहमासा आदि के माध्यम से भारतीय लोक संस्कृति की छाप बहुतायत देखने को मिलती है। इस मौके पर पंडित रामनरेश मिश्र, प्रदीप सिंह, मुरली सिंह, नन्हे उपाध्याय, राम सहाय उपाध्याय, बब्बू पान्डेय, जगदेव प्रसाद पाण्डेय, अमरनाथ मिश्रा, पवनसिह, ननकऊ तिवारी, रवीन्द्र पान्डेय आदि मौजूद रहे।



बल्दीराय में फाग गीत गाते क्षेत्र के बुजुर्गों की टोली।

# रंजिश के चलते धारदार हथियार से युवक की हत्या

▸▸ गंभीर रूप से घायल तीन लोगों का चल रहा इलाज

▸▸ सात नामजद व 10 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः** होली के त्योहार के दिन पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने धारदार हथियार से युवक पर तथा उसके परिवार पर हमला कर दिया। जिसमें घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया तथा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के भरखरी निवासी सोहन गिरी तथा राजेंद्र गिरी के बीच काफी पुराना विवाद चल रहा है। आरोप है कि सोमवार की रात पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही आधा दर्जन से ज्यादा लोग धारदार हथियार लेकर आ गए। सभी शराब के नशे में धुत थे और सभी लोगों ने अचानक सोहन गिरी के परिवार पर प्राण घातक हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल सोहन गिरी की मौके पर ही मौत हो गई तथा दयाशंकर गिरी, उनका पुत्र मोहन गिरी व कमला देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचवाया। जहां पर घायलों को प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पीएम के लिए सुलतानपुर भेज दिया।

### एसपी ने भी किया मौका मुआयना

सूचना मिलते ही एसपी सोमेन बर्मा तथा फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्र ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर राजेंद्र गिरी, धर्मेंद्र गिरी, मदन गिरी, दिनेश गिरी, राम प्रताप गिरी, संदीप गिरी, विजय गिरी सात नामजद समेत दस लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## एक नजर

### सेवानिवृत्त प्रवक्ता को ट्रक ने रौंदा, मौत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व विभाग संघ चालक मदन मोहन सिंह के पुत्र सेवानिवृत्त प्रवक्ता शैलेंद्र प्रताप सिंह को मंगलवार की शाम पयागीपुर चौराहे के निकट एक ट्रक ने रौंद दिया। हादसा तब हुआ जब वह चौराहे से घर की तरफ जा रहे थे। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित किया। उत्तरी के महाराणा प्रताप कालेज में शैलेंद्र प्रताप सिंह शिक्षक थे।

### अज्ञात कारणों से लगी आग से गृहस्थी राख

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार की सुबह कुड़वार थाना क्षेत्र हरखपुर गांवसभा के पूरे कालीचरण निवासी संतराम उर्फ बिल्लर मौर्य पुत्र मनीराम मौर्य का अज्ञात कारणों से छपरनुमा आशियाना जलकर राख गया। हल्ला गुहार पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाकर काबू पाया। पीड़ित ने बताया कि उसके घर का जरूरी सामान जलकर राख हो गया।

### किशोरी को भगाने का केस दर्ज

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने पड़ोस के गांव के ही एक व्यक्ति पर अपनी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। बल्दीराय पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

### बेकाबू होकर बाइक पलटी युवक घायल

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** चांदा कोतवाली क्षेत्र के गौरा गांव निवासी गुड्डू (40) पुत्र रामफेर अपने मित्र से मिलने जा रहे थे। तभी ईशीपुर गांव के समीप स्थित ओवरब्रिज के पास गुड्डू की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे मे गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद भी स्थिति असमान्य होने के चलते चिकित्सकों ने उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## जनहित याचिका पर सुनवाई 29 को

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** कादीपुर में दो थानों का क्षेत्राधिकार स्थानांतरण आदेश रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय में दाखिल जनहित याचिका में कोर्ट ने सुनवाई के लिए 29 मार्च की तारीख नियत की है। ज्यूडशरी ट्रांसफर को चुनौती देते हुए अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह ने इसे अर्जेंट मानकर सुनवाई की बात भी कही है, जिस पर हाईकोर्ट के न्यायामूर्ति अताऊ रहमान मसूदी और बृजराज सिंह की पीठ 29 मार्च को सुनवाई करेगी। उधर बार एसोसिएशन ने गुरुवार को पड़ोसी जिलों के बार एसोसिएशन का महासम्मेलन बुलाया है। इस दौरान वकीलों की हड़ताल जारी रहेगी।

# बेकाबू कार पेड़ से टकराई, एक की मौत व 4 गंभीर

● दोस्त के घर से होली मिलकर लौटते समय हुआ हादसा

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लंभुआ रेलवे स्टेशन के नजदीक गरयें मार्ग पर अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई व चार अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने घायलों की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर किया।

लंभुआ तहसील क्षेत्र के सैतापुर निवासी 30 वर्षीय बृजेश यादव पुत्र रामपाल यादव अपने साथी आशीष यादव, अनुराग यादव पुत्र हरिराम यादव, इंद्रजीत यादव पुत्र रामजस, इंद्रजीत यादव पुत्र रामकरण यादव निवासी सैतापुर सराय से होली मिलने अपने दोस्त के घर गजापुर गये थे। घर लौटते समय लम्भुआ रेलवे स्टेशन के निकट कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में बृजेश यादव की मृत्यु हो गई और आशीष यादव, अनुराग यादव पुत्र हरिराम यादव, इंद्रजीत यादव पुत्र रामजस, इंद्रजीत यादव पुत्र रामकरण यादव निवासी सैतापुर सराय गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गयी और बेसुध परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्र ने बताया कि मृतक को पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेजा गया है। शेष कार्यवाही के लिए जांच की जा रही है।



लंभुआ में सड़क दुर्घटना के बाद पहुंची पुलिस व ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

### सड़क दुर्घटना में घायल ने दर्ज कराया केस

**कादीपुर।** कोतवाली के पोखरदहा गांव के ओम प्रकाश सिंह (60) 14 मार्च को घर से दवा लेने के लिए कादीपुर आए थे। वह दवा लेकर के वापस लौट रहे थे। तभी चीनी मील चौराहे के पास अज्ञात वाहन से उनका एक्सीडेंट हो गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी कादीपुर लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालत ठीक ना होने के कारण जिला मेडिकल कॉलेज से उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ में मेदांता अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित के बेटे नीरज सिंह की 24 मार्च को दी गई तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात वाहन एवम अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## सार-संक्षेप

### पंखे से लटका मिला युवक का शव

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोमवार की रात थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में एक 40 वर्षीय युवक का शव पंखे से लटका पाया गया। सुबह होने पर परिजनों ने देखा तो सन्न रह गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंखे से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रतापपुर गांव निवासी सूरज और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कलह चल रही थी। सोमवार की रात भी विवाद हुआ। सुबह उसका शव लटका पाया गया। सूरज ने अपने पीछे एक बेटी विनीता 14 वर्ष, दो बेटे सचिन 10 और सौरभ 8 वर्ष को छोड़ गया है। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### संदिग्ध हालात में गोमती नदी में मिला युवक का शव

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बरुई गांव निवासी युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में नदी में पाया गया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना क्षेत्र के बरुई गांव निवासी बरखू निषाद (41) पुत्र हरिलाल होली के दिन शाम चार बजे घर से निकला था। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे नदी के किनारे बरखू का कपड़ा ग्रामीणों को दिखाई पड़ा। इसकी सूचना प्रधान द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना पर थानाध्यक्ष धीरज कुमार पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर गए। स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस ने मंगलवार दोपहर करीब बारह बजे बरुई गांव स्थित गोमती नदी में पुल के पास बरखू के शव को बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष ने बताया आशंका के आधार पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

### डाक बंगले से पानी की टंकी समेत हजारों की चोरी

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के सिंचाई विभाग के डाक बंगले से सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने पानी की टंकी समेत कई सामानों की चोरी कर ली। रामबरन नामक कर्मी द्वारा दी गयी सूचना में कहा गया है कि डाग बंगले से अज्ञात चोरों द्वारा एक पानी की टंकी, 20 एलईडी बल्ब, नौ पावर बोर्ड, टोंटी, तार सीसा व वायरिंग पाइप के चोरी करने की बात कही है। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### आपसी रंजिश में घर में घुसकर हमला, कई घायल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के दमोदरा दसमड़ा गांव में दो पक्षों में कहासुनी होते हुए मारपीट हो गई। मारपीट में शिव शंकर पाठक एवं उनके पिता राजेंद्र पाठक, मां गायत्री पाठक को गंभीर चोटे आई। डायल 112 की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए एंबुलेंस से कूरेभार सीएचसी ले जाया गया। जहां से मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज में प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने शिव शंकर व राजेंद्र पाठक को लखनऊ रेफर कर दिया। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित के पुत्र उमा शंकर ने मारपीट का आरोप जितेंद्र पाठक, उनके पुत्रों शुभम पाठक, ऋषि पाठक गांव के ही साथ काली मौर्य आदि पर लगाया है। चौकी प्रभारी द्वारिकागंज ने बताया है कि मामले की जांच की जा रही है।

### घर लौट रहे युवक को पीटा, केस दर्ज

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के महमूदपुर निवासी शिव प्रसाद यादव ने आरोप लगाया है कि उसका पुत्र मनोज शनिवार की रात राम चरित मानस का पाठ करके वापस आ रहा था। रास्ते में रमेश, दिनेश व गजाधर ने मिलकर मारा पीटा। बल्दीराय पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### इरुल को हराकर इनायतपुर ने जीता क्रिकेट मैच

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईगंज के गहिला गोसाई का पुरवा सरवन में रूल आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का मंगलवार को समारोह पूर्वक उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मैच में इनायतपुर ने इरुल को हराकर जीत दर्ज की।इनायतपुर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। अभिषेक सिंह की आतिशी पारी 26 रन के दम पर इरुल को छह ओवर में 61 रन का लक्ष्य मिला। बैटिंग करने उतरी इरुल टीम की शुरुआत निराशाजनक रही। इनायतपुर के अनीश ने घातक गेंदबाजी करते हुए छह विकेट झटक कर इरुल को बैकफुट पर धकेल दिया। इरुल की टीम 26 रन पर ऑल आउट हो गई। इनायतपुर ने 34 रनों से मैच जीत लिया। बेहतरीन खेल के लिए अनीश को मैन आफ द मैच चुना गया। इससे पहले सदस्य जिला पंचायत उदराज वर्मा पंकज ने फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। आयोजक मण्डल के सदस्यों में कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र, त्रिभुवन नरायन सिंह, वीर विक्रम सिंह, अभिषेक दुबे, सुमित दुबे, आशीष तिवारी, मोनू यादव, दूधनाथ दुबे, सन्तोष दुबे सहित खिलाड़ी मौजूद रहे।

# साइकिल से टकराकर बाइक सवार की मौत

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** होली खेलने जा रहा बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गया। साइकिल सवार से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

कूरेभार थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी सुनील कुमार (23) पुत्र राम अवतार दिन भर होली खेलने के बाद शाम को होली खेलने कही और जा रहा था। जैसे ही वह जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के देव स्थल बझना के समीप पहुंचा तभी आगे चल रहे स्थानीय साइकिल सवार को ठोकर मार सड़क पर गिर गया। वही साइकिल सवार सड़क किनारे गड्ढे में गिर पड़ा। आवाज पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायलों सड़क के किनारे लेटा पुलिस व एंबुलेंस को सूचित किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां मौजूद चिकित्सक ने सुनील कुमार को मृत घोषित कर साइकिल सवार का प्रथमिक उपचार शुरू कर दिया गया। मृतक सुनील दो भाइयों में छोटा था। जीविकोपार्जन के लिए वह सोनीपत में रहता था। युवक की मौत से पिता राम अवतार, मां सवारी देवी, भाई सुशील का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं परिजन पोस्टमॉर्टम कराने से इंकार करते हुए युवक के शव को घर लेकर चले आए थे।

## प्रावि मिया का पुरवा में हजारों की चोरी

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** शनिवार की रात अज्ञात लोगों ने कुड़वार क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मिया का पुरवा सरकौड़ा में किचेन का ताला तोड़कर राशन समेत अन्य सामान चोरी कर ली गई। रविवार को रसोईया द्वारा हेड मास्टर शहर बानो को सूचना दी गई। सूचना पर हेड मास्टर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि किचेन के दरवाजे का ताला तोड़कर चोरों द्वारा 50 किलो गेहूं, 15 किलो चावल, गैस सिलिंडर, भट्ठी, दो भगोना, बाल्टी, कूकर, तेल मसाला ,थाली आदि गायब कर दिया। एक सप्ताह पहले इसी गांव सरकौडा प्राथमिक विद्यालय में चोरी हुई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवती से गैंगरेप, वीडियो बना दी धमकी

संवाददाता, सुलतानपुर

**दबंगई**

▸▸ सगे भाइयों पर दर्ज हुआ गैंगरेप का मुकदमा

▸▸ कोतवाली देहात थाने के एक गांव की घटना

**अमृत विचारः** देहात कोतवाली के पश्चिमी छोर के एक गांव में रात में शौच को निकली एक युवती से सगे भाइयों ने खेत में ले जाकर सामूहिक दुराचार किया। युवती का अश्लील वीडियो बनाकर जानमाल की धमकी भी दे रहे हैं। पीड़िता की तहरीर पर थाने में पुलिस ने सगे भाइयों के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है।

कोतवाली देहात के एक गांव में रात को नित्य क्रिया को निकली किशोरी से गैर संप्रदाय के दो भाइयों द्वारा खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मंगलवार को युवती से सामूहिक दुराचार के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। तहरीर के मुताबिक स्थानीय थाने के पूर्वी छोर पर सीमावर्ती एक गांव की युवती 11 मार्च को रात करीब 10 बजे नित्य क्रिया को निकली। गांव के ही दो गैर संप्रदाय के युवक युवती को गांव के बाहर खेत मे ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किए और घटना की अश्लील वीडियो बना लिए तथा किसी से बताने पर जान माल की धमकी दी। डरी सहमी युवती घर पहुंच कुछ किसी से नहीं बताई। 13 मार्च को वह स्कूल जा रही थी तो दोनों युवक उसे रोककर अश्लील वीडियो दिखाए और किसी से बताने पर जान माल की धमकी दी। अश्लील वीडियो देख युवती के होश उड़ गये तथा वह सदमे में आ गयी। घर पहुंची तो उसकी तबियत बिगड़ी तो वह मां से घटना की बात बताई। युवती का पिता परदेश रहता है, जिसको मां ने घटना बताई तो वह तीन दिन बाद गांव लौटा। होली के दो दिन पहले पिता ने युवती को थाने लाकर नामजद घटना की तहरीर दी। पुलिस ने दोनों सगे भाई आरोपी जावेद अहमद और अरबाज अहमद पर सामूहिक दुराचार का मुकदमा युवती की तहरीर पर दर्ज किया है।

परागदेई महिला महाविद्यालय हलियापुर, सुलतानपुर
(सम्बद्ध डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)

में आवश्यकता है

स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में हिन्दी, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, चित्रकला, मनोविज्ञान एवं समाज कार्य प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01–01 पद ।
परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में चित्रकला एवं शिक्षा शास्त्र विषय में प्रवक्ता 02–02 पद।
योग्यता एवं वेतनमान – यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ स्वयं या महाविद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।

शम्भू शरण सिंह–प्रबन्धक

महात्मा गांधी स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जियापुर सैदखानपुर (कूरेभार) सुलतानपुर

स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है-

1– **कला संकाय स्नातक स्तर–** हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, उर्दू, शारीरिक शिक्षा, भूगोल, सैन्य विज्ञान, मध्यकालीन इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, विज्ञान, (प्रत्येक में दो–दो पद)। 2– **कला संकाय परास्नातक स्तर–** गृह विज्ञान, सैन्य विज्ञान, समाजशास्त्र, हिंदी, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी (प्रत्येक में दो–दो पद)। 3– **विज्ञान संकाय स्नातक स्तर–** भौतिकी, रसायन, गणित, जन्तु, विज्ञान व वनस्पति विज्ञान (प्रत्येक में दो–दो पद)। 4– **वाणिज्य संकाय स्नातक स्तर–** बीकॉम पाठ्यक्रम में 6 पद। वेतन व योग्यता यूजीसी तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की गाइडलाइन के अनुसार उत्तर प्रदेश शासन की स्ववित्तपोषित के शासनादेशों के अनुसार देय होगा। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिनों के अंदर चार रंगीन फोटो व समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों व पहचान पत्र आधार और पैन कार्ड की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के कार्यालय में संपर्क करें।

प्राचार्य – डॉ. एस.के. श्रीवास्तव
मो0 : 9532650458

प्रबधंक – अजय दूबे
मो0 : 9415051257

**लोकसभा चुनाव** | जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों को पढ़ाया आदर्श आचार संहिता का पाठ

# स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में पारदर्शी चुनाव कराने पर दिया गया जोर

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इसमें चुनाव प्रचार, रैली, जुलूस, सभा आदि आयोजित करने की अनुमति के संबंध में स्टैंडिंग कमेटी ने पारदर्शी तरीके से लोकसभा चुनाव कराने पर जोर दिया।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव शुक्ला ने बताया कि समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को डेमो दिखाकर सुविधा पोर्टल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। प्रपत्र भी उपलब्ध कराए गए, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को वाहन (चार पहिया/तीन पहिया/दो पहिया), रैली/जुलूस आयोजित करने, सभा आयोजित करने, अस्थाई पार्टी कार्यालय बनाने, नुक्कड़ सभा के लिए अनुमति तथा हेलीकाप्टर के उतारने के लिए अनुमति के सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग की ओर से दिए गए दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया।



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

जिलाधिकारी की ओर से सभी राजनैतिक दलों व प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में किसी भी कारणवश छुटा हो, तो 26 अप्रैल, 2024 से पहले (फार्म-6) आवेदन कर जुड़वा लें। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा वोट डालने के सभी को प्रेरित करें। उन्होंने समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा गया कि चुनाव कार्यक्रम को सकुशल कराने में लगे सभी अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल व स्वस्थ्य संचार के माध्यम से सभी जानकारियां साझा की जानी चाहिए। उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों को अवगत कराया कि अब नियमित बैठकें होती रहेगी, अब सब को महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराते रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न पार्टी पदाधिकारियों द्वारा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के सम्बन्ध में कई सवाल-जवाब भी किए गए। यहां पर उप जिलाधिकारी/नोडल अधिकारी सुविधा पोर्टल टीपी सिंह, भारतीय जनता पार्टी प्रतिनिधि सुजीत कुमार सिंह, अपना दल जिला अध्यक्ष अविनाश पटेल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रतिनिधि मो. कमर खान, समाजवादी पार्टी प्रतिनिधि बब्बन प्रसाद यादव, आम आदमी पार्टी प्रतिनिधि विजय कुमार, जिला महामंत्री (सपा) सलाउद्दीन अहमद, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि सुरेश कुमार गौतम आदि मौजूद रहे।

**16वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.37 बजे
इफ्तार : 06.25 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.35 बजे
इफ्तार : 06.14 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**पैग़ाम-ए-रमज़ान**

ग़ुस्से में कुछ भी बक जाना ठीक नहीं। बिन सोचे- समझे चिल्लाना ठीक नहीं।। ग़ुस्से पर क़ाबू पाना ही अच्छा है। बात- बात पर ग़ुस्सा आना ठीक नहीं।।
नियाज़ कपिलवस्तुवी, सिद्धार्थनगर

# नदी में डूबीं दो किशोरियां, तलाश जारी

## होली खेलने के बाद पड़ोस की महिलाओं के साथ नहाने गईं थी दोनों

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** बांसी कोतवाली क्षेत्र के भगतपुरा घाट राप्ती नदी में होली के बाद नहाने गई दो बालिकाएं डूब गईं। वहीं, साथ में नहाने गईं दो महिलाएं किसी तरीके से बाहर निकलीं और ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर पहुंची बांसी कोतवाली पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश में जुटी है। देर शाम तक दोनों का पता नहीं चल पाया है। वहीं, परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कोतवाली क्षेत्र के तेजगढ़ निवासी सुमन (15) पुत्री ईनल और नंदिनी (14) पुत्री बैनाम सोमवार को होली खेलने पड़ोस के ही तेजगढ़ गांव में रिश्तेदारी में गई थी। वहां होली खेलने के बाद गांव के ही निवासी अकालपति और सीमा पत्नी चुल्हई के साथ भगौतापुर गांव के पास से गुजरने वाली राप्ती नदी में नहाने गई थी। बताया जा रहा है की सुमन और नंदिनी नहाते समय गहरे पानी में जाकर डूबने लगी और सीमा भी डूब रही थी। यह देख अकालपति दौड़ी और ग्रामीणों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सीमा को किसी तरीके से बचा लिया। लेकिन सुमन और नंदिनी लापता हो गई।

घटना की जानकारी के बाद कोतवाल बंसी बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। गोताखोरों की मदद से वह तलाश में जुट गए हैं, लेकिन देर शाम तक डूबी हुई किशोरियों का कोई पता नहीं चला। मामले की जानकारी मिलने के बाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, सीओ सतीश चंद्र पांडेय, एसडीम सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। इस संबंध में कोतवाल बांसी बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि डूबी हुई दोनों किशोरियों की गोताखोरों की मदद से तलाश की जा रही है। देर शाम तक सफलता नहीं मिल पाई है।

### दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया युवक डूबा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के छगड़िहवा गांव के पास से गुजरने वाली बूढ़ी राप्ती नदी के घाट पर नहाते समय एक युवक डूब गया। उसके साथ आए तीन युवकों ने घाट के पास मौजूद ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची त्रिलोकपुर पुलिस गोताखोरों की मदद से तलाश में जुटी थी। दोपहर 3 बजे तक युवक का पता नहीं चला था। इटवा थाना क्षेत्र के कपिया नकटी गांव निवासी विकास उर्फ सत्यम दुबे (20), रिषभ द्विवेदी (18) व अमन दुबे (20) मंगलवार को त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के मुडिला बक्शी गांव में रिश्तेदारी में आए थे। दोपहर को तीनों लड़के मुडिला बक्शी निवासी सिवेश मिश्र (19) के साथ त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के छगड़िहवा गांव के पास से गुजरने वाली बूढ़ी राप्ती नदी के घाट पर आए थे। चारों लड़के नदी में नहाने के लिए कूदे और नहाते समय विकास उर्फ सत्यम दुबे पुत्र रामजी दुबे गहरे पानी में जाने के कारण डूब गया। सूचना मिलने पर त्रिलोकपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार टीम के साथ मौके पहुंचे और गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई। लेकिन दोपहर 3 बजे तक कोई पता नहीं चल सका। थानाध्यक्ष ने बताया कि गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे युवक की तलाश की जा रही है। युवक के डूबने से उसके परिवार में कोहराम मचा रहा।



**गोरखपुर में मंगलवार को मनाई गई होली**

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रंगों का पर्व होली जिले में मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर से लेकर गांव के लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। जगह-जगह महिलाओं और पुरुषों ने फाग गीत गाकर होली का आनंद लिया। बताते चलें कि होली के त्योहार जिले में दो दिन मनाया गया। कहीं-कहीं लोगों ने सोमवार को तो कहीं मंगलवार को होली का पर्व मनाया गया। पूर्वांचल के विभिन्न शहरों में सोमवार को होली मनाई गई तो वहीं गोरखपुर शहर में मंगलवार को होली धूमधाम के साथ मनाई गई। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा।

**एक नजर**

### भारत में अवैध तरीके से घुस रहे चीनी नागरिक गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भारत में अवैध तरीके से प्रवेश करते समय दो चीनी नागरिकों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। थानाध्यक्ष मोहाना ने बताया कि पुलिस और एसएसबी के जवान संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग कर रहे थे तभी बभनी तिराहे से दो चीनी नागरिक (एक महिला व एक पुरुष) को भारत में अवैध तरीके से प्रवेश करते समय गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।

### बाइक की भिड़न्त में चार घायल, तीन रेफर

**शोहरतगढ़।** थानाक्षेत्र शोहरतगढ़ के खुनुवां बाईपास पर दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेन्स से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ पहुंचाया गया। जहां से तीन को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। घायलों की पहचान शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गजहड़ा निवासी अब्दुल हन्नान (22) और दूसरी बाइक पर सवार अमन (25), सरिता (40) पत्नी अरविन्द व अंशिका (22) पुत्री अरविन्द के रूप में हुई।

# बुलेट ट्रेन कोरिडोर पर 14 स्थानों पर लगेंगे एनेमोमीटर

गोरखपुर

**अमृत विचार।** मुम्बई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कोरिडोर देश के पश्चिमी भाग में तटीय क्षेत्रों से होकर गुजरेगा, जहां कुछ क्षेत्रों में हवा की गति विशेष रूप से अधिक रहती है। इन तेज हवाओं का प्रभाव ट्रेन परिचालन पर पड़ सकता है। इस समस्या के निवारण के लिये 14 स्थानों पर (गुजरात में 09 एवं महराष्ट्र में 05) स्थित पुलों पर एनेमोमीटर लगाने के लिये चिन्हित किया गया है। नदी पर बने पुलों तथा अचानक और तेज हवा की संभावना वाले क्षेत्रों पर ये उपकरण (डिवाइस) विशेष रूप से हवा के गति की निगरानी करेंगे।

ये स्थान गुजरात के दमन गंगा नदी, पर नदी, नवसरीसुबर्ब, तापी नदी, नर्मदा नदी, भरोच-बड़ोदरा रेल खंड के मध्य में माही नदी, बरेजा, साबरमती नदी तथा महाराष्ट्र में देसाई खादी, उल्हास नदी, बंगला पाड़ा, वैतरना नदी एवं दहनुसुवर्व में चिन्हित किये गये है। एनेमोमीटर एक प्रकार की आपदा निवारण प्रणाली है, जिसे जीरो से 360 डिग्री तक जीरो से 252 किमी. प्रतिघंटा की सीमा के अन्दर वास्तविक समय में हवा की गति का डेटा प्रदान करने के लिये तैयार किया गया है। यदि हवा की गति 72 से 130 किमी. प्रतिघंटा होती है, तो तदनुसार ट्रेन की गति निर्धारित की जायेगी।



फोटो : एनेमोमीटर

### करंट लगने से हुई थी विवाहिता की मौत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** कब्र से शव निकालकर कराए गए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विवाहिता की मौत की वजह करंट लगना बताया गया है। ससुराल में बेटी की मौत के बाद पिता ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। डीएम के आदेश पर ढेबरुआ पुलिस ने क्षेत्र के पकड़िहवा में रविवार को कब्र से शव निकलवाया पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। कठेला थाना क्षेत्र के कठेला गर्वी गांव के टोला लबारडीह के रहने वाले अब्दुल हन्नान ने 16 मार्च को ढेबरुआ थाने में तहरीर दिया था। जिसमें कि उनकी पुत्री शाहीन (26) का छह वर्ष पहले ढ़ेबरुआ थाना क्षेत्र के पकड़िहवा निवासी जमाल अहमद के पुत्र मंजूर आलम से हुआ था। 15 मार्च को बेटी मौत संदिग्ध हालात में हो गई। ससुराल पक्ष के लोगों ने आनन-फानन में शव को दफना दिया।

# होली के उल्लास में आनंदित रहे लोग

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** क्षेत्र में रंगों का पर्व होली सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। बच्चों से लेकर बूढ़े और महिलाएं भी रंगोत्सव में आनंदित रहे। क्षेत्र के चोडार, रमवापुर नानकार, बभनी, भदांव, दत्तपुर आदि गांवों में ढोल-मजीरा के साथ डीजे के गीतों पर गांव के युवक आगे-आगे चल रहे थे, पीछे गांव के लोग गुलाल और रंगों की बौछार करते हुए फगुआ गीत गा रहे थे। दोपहर तक रंग खेलने के बाद शाम को नए कपड़े आदि पहनकर लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मेहमानों का चिप्स, पापड़, गुझिया और नमकीन के साथ स्वागत किया गया।

वहीं प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष पवन मिश्र एवं ब्लाक अध्यक्ष जफर आलम ने प्रधानों व ग्रामीणों संग सोमवार को गुलाल लगाकर होली की खुशियां मनायीं। इस दौरान जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि होली विश्व प्रसिद्ध त्योहार है और भारत में मनाया जाने वाला एक पारंपरिक हिंदू बसंत त्योहार है। ब्लाक अध्यक्ष जफर आलम ने कहा कि गिले-शिकवे भुलाकर सभी लोगों को मिल जुलकर होली का पर्व मनाना चाहिए। वहीं जिलाध्यक्ष पवन मिश्र एवं ब्लाक अध्यक्ष जफर आलम ने ग्रामीणों के साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामनायें दी।

इसके अलावा जिला भाजपा कर्यालय पर सोमवार को जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान के नेतृत्व में होली का पर्व मनाया गया। जिसमें सांसद जगदंबिका पाल, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित अन्य लोग शामिल रहे। यह जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी निशांत पांडे ने दी।



जिला भाजपा कार्यालय पर होली खेलते जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान व अन्य।

### परिषदीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 31 को

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा चल रही है। कक्षा पांचवीं तक के छात्र-छात्राओं की परीक्षा खत्म हो चुकी है। जबकि कक्षा आठ की परीक्षा 27 मार्च को संपन्न होगी। परीक्षा के साथ ही मूल्यांकन कार्य भी चल रहा है। मूल्यांकन करके 31 मार्च अंक पत्र वितरण कर दिया जाएगा। बेसिक शिक्षा के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा शुरू हुई थी। जिले में 1924 प्राथमिक एवं 743 पूर्व माध्यमिक विद्यालय सहित कुल 2667 विद्यालय के लगभग तीन लाख बच्चे पंजीकृत हैं। कक्षा पांचवीं तक की परीक्षा संपन्न हो गई है, जबकि कक्षा छह से आठ तक की परीक्षा 27 मार्च को संपन्न होगी। बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि परीक्षा के साथ ही मूल्यांकन भी चल रहा है। समय से परीक्षा परिणाम घोषित करके अंक पत्र का वितरण कर दिया जाएगा।

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील कुमार गौड़
चीफ टिकट निरीक्षक पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर

आपको और आपके पूरे परिवार को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रंगों का महापर्व आपके जीवन में अनंत सुख, समृद्धि व खुशियां लाए।
वरिष्ठ पत्रकार
सरताज आलम
युवा पत्रकार प्रेस क्लब शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।
9838191091 Sartaj Alam

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती उमा अग्रवाल
अध्यक्ष, आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़
रवि अग्रवाल
अध्यक्ष प्रतिनिधि न.पं. शोहरतगढ़

रंगो का त्योहर होली की आप सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनायें
डा. सुशान्त जायसवाल
रविन्द्र कुमार
पंकज पाण्डेय
सौजन्य से:- डा. सुनीता जायसवाल मेमोरियल हास्पिटल
छतहरी, शोहरतगढ़-सिद्धार्थनगर।

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
बृजेश सिंह
मुख्य चल टिकट निरीक्षक पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद शर्मा
ग्राम प्रधान ग्राम - कोइरीडीहा शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अर्जुन कसौंधन
मुरारी लाल ज्वैलर्स
भारत माता चौक शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
गिरीश के० पनिक्कर
मैनेजर सेंट थामस स्कूल
टीचर्स कालोनी गढ़कुल शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
डा० एस०के० भारती
एमबीबीएस (स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ) एवं जनरल फिजिशियन) सीएचसी शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
डा० शादाब अंसारी
जनरल एण्ड फिजिशियन
अंसारी क्लीनिक
शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
डा० पवन मिश्र
जिलाध्यक्ष
प्रधान संगठन ग्राम लुचुइयां
शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
जफर आलम
ब्लाक अध्यक्ष
वि०ख०-शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अजीज अहमद
प्रधान प्रतिनिधि ग्राम - पकड़ी शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
मो० आसिम उर्फ नैय्यर
प्रधान प्रतिनिधि ग्राम - महथा बाजार शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय चौधरी उर्फ रवि
प्रधान प्रतिनिधि ग्राम - मदरहना उर्फ़ दत्तपुर शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक पाण्डेय
प्रधान प्रतिनिधि ग्राम - धनगढ़िया जोगिया, सिद्धार्थनगर।

## एक नजर

### प्रतिबंधित चाकू समेत दो अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जनपद में अपराध और अपराधियों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने सोमवार को ग्राम नौरंगिया कटाई मोड़ और ग्राम कोनी के पास से अवैध चाकू समेत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना नाम दिनेश सिंह पुत्र स्व. रामरेखा सिंह और सत्यवान सिंह पुत्र ऋषिमुनि सिंह निवासी गण ग्राम गजपतपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीनगर बताया है। जामा तलाशी के दौरान दोनों अभियुक्तों के कब्जे से एक एक अदद प्रतिबन्धित चाकू बरामद हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह ने बताया कि उक्त गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर कोतवाली खलीलाबाद पर उनके खिलाफ धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर उन्हें न्यायालय रवाना किया गया है।

### मदरसा व दुकान में चोरी

**बलरामपुर, अमृत विचार।** थाना देहात कोतवाली के अंतर्गत ग्राम बेला निवासी अहमद रजा व मो .हुसैन ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि गांव के मदरसे के पास उनकी दुकान है। गत रविवार रात मदरसे मैं रखा 5 तिपाई व 11 बोरी गेहूं तथा 5 लीटर डीजल व अन्य सामान और हमारे दुकान का ताला तोड कर दो लैपटॉप 20हजार नगद तथा गांव के ही मोहम्मद हुसैन का घर के बाहर खड़ी साइकिल अज्ञात लोग उठा ले गए। मामला दो संप्रदाय के बीच का होने के चलते गांव में तनाव भी हो गया है। पुलिस मौके पर तैनात है। उपनिरीक्षक उपेंद्र यादव ने बताया कि जल्दी ही मामले का खुलासा कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सीतापुर।** थाना इलाके में सिधौली-बिसवां मार्ग पर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार चैडिया गांव के निकट लगे प्रट्रोल पंप के पास सेक्सरिया शुगर मिल में काम करने वाले अंकित मिश्रा की बाइक में किसी अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे अंकित की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार वाहन की तलाश में जुट गई है।

# भाईचारा बढ़ाता है होली का त्योहार: सांसद

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिले में तीन दिनों तक चले होली के त्योहार पर लोगों ने खूब मस्ती किया। इस दौरान भरपूर समय मिल जाने के चलते एक दूसरे से व्यक्तिगत मुलाकात कर होली की बधाई देते हुए सभी के सुख समृद्धि की कामना किया। बधाई देने वालों में नेताओं और जन प्रतिनिधियों में भी होड़ मची रही।

अपने बधाई संदेश में भाजपा सांसद प्रवीण निषाद ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे को मजबूती प्रदान करता है। यह त्योहार सामाजिक समरसता का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने काफी सोच विचार के बाद त्यौहारों का परम्परा बनाया था। होली का त्योहार लोकसभा क्षेत्र की जनता के जीवन में समृद्धि और खुशहाली लाए। सदर विधायक अंकुर राज तिवारी और धनघटा विधायक गणेश चौहान ने कहा कि विविध रंगों से सजा होली महापर्व अनेकता में एकता का संदेश देता है। देश में तमाम भाषाएं, तमाम संस्कृतियां और तमाम जीवन शैली है। सभी को एकता के सूत्र में पिरोकर सबकी भलाई और विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ने वाले देश का नाम भारतवर्ष है। उन्होंने जनपद वासियों को होली महापर्व की बधाई देते हुए सुख समृद्धि की कामना किया। नगरपालिका चेयरमैन जगत जायसवाल पूरे दिन अपने आवास पर बैठ कर लोगों से मिलते रहे। लोगों को अबीर गुलाल लगाकर और मिठाइयां खिलाकर सभी नागरिकों को होली की शुभकामनाएं दिया।


प्रवीण निषाद, सांसद।


अंकुर राज तिवारी, सदर विधायक।


गणेश चौहान, धनघटा विधायक।

▸▸ **अनेकता में एकता का प्रतीक है होली : विधायक**

# पुलिस लाइन में रीति-रिवाज से जली होलिका

**संवाददाता, संतकबीरनगर**

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने रविवार की देर रात रिजर्व पुलिस लाइन में परम्परागत तरीके से होलिका दहन किया। इस दौरान शुभ मुहूर्त और वैदिक रीति रिवाज के अनुसार उन्होंने पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों के साथ होलिका दहन किया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि होलिका की आग में हमें अपनी बुराइयों, आपसी वैमनस्य और कटुता को समर्पित करना चाहिए। होली का त्योहार हमें आपसी सद्भाव और भाईचारे की मजबूती का संदेश देता है। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों, उनके परिजनों और जनपद वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख समृद्धि और उज्जवल भविष्य की कामना किया।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर बृजेश सिंह, क्षेत्राधिकारी धनघटा केशवनाथ, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल, कोतवाली प्रभारी आर.के. सिंह, यातायात प्रभारी परमहंस यादव, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा समेत तमाम पुलिस कर्मी और उनके परिजन मौजूद रहे।


होलिका को आग लगाते पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता। अमृत विचार

# खुशियों की फुहार के बीच उत्साह से मना रंगों का त्योहार

## संतकबीरनगर जनपद मुख्यालय समेत विभिन्न गांवों में मंगलवार को मनाई गई होली, पारम्परिक गीतों पर झूमी ग्रामीण आबादी

**संवाददाता, संतकबीरनगर**

**अमृत विचार।** होली का त्योहार बड़े उत्साह के बीच सम्पन्न हो गया। जिले में रविवार की आधी रात को होलिका दहन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में तमाम गांवों में होली सोमवार को ही मनाई गई वहीं जनपद मुख्यालय समेत विभिन्न गांवों और कस्बों में मंगलवार को होली मनाई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में गायक मण्डलियों ने गांवों में घर घर भ्रमण कर मंगल गीत गाया।

इसके अलावा नौजवानों और बच्चों के ऊपर महिलाओं ने कीचड़ और मिट्टी के घोल डालकर उन्हें होली की मस्ती से सराबोर किया। शहरी क्षेत्रों के युवाओं ने कपड़ा फाड़ होली खेलकर अपने साथियों के खूब कपड़े फाड़े। सड़कों पर जमकर अबीर गुलाल उड़े। शाम को लोगों ने एक दूसरे के घर पहुंच कर शुभचिंतकों और रिस्तेदारो को होली की शुभकामनाएं दिया।

### होली के रंगों से सराबोर दिखा डीएम आवास

होली पर मंगलवार को जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने अपने आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, एडीएम जय प्रकाश, सीडीओ संत कुमार, एएसपी शशि शेखर सिंह, एसडीएम शैलेश दूबे, तहसीलदार जनार्दन प्रसाद समेत पुलिस और प्रशासन के सभी अधिकारियों ने जमकर होली खेली। होली के रंगों का ऐसा चढ़ा कि एक दूसरे को पहचान पाना भी कठिन हो गया था। अधिकारियों ने सभी सहकर्मियों और जनपद वासियों को होली महापर्व की बधाई देते हुए सभी के सुख समृद्धि की कामना किया।


डीएम आवास पर होली खेलते प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी।


होली के जश्न में सराबोर युवा। अमृत विचार


डीजे में होली गीतों पर थिरकते नगरवासी।


कीचड़ में बैठकर होली खेलते लोग। अमृत विचार

### डॉ. उदय ने वितरित किए वस्त्र और मिठाइयां

खलीलाबाद स्थित सूर्या समूह के प्रबन्ध निदेशक डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने गरीबों में वस्त्र और मिष्ठान वितरित कर गरीबों के साथ होली का त्योहार मनाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को रंग, पिचकारी, कपड़े, नौजवानों को कुर्ता पायजामा रंग और मिठाइयां, बुजुर्गों को धोती कुर्ता व मिष्ठान और महिलाओं को साड़ियां और मिष्ठान के साथ सभी को नकदी देकर त्योहार मनाने की सारी व्यवस्था कराया।

# नदी में डूबने से दो युवतियों की मौत


बलरामपुर के नंदौरी गांव में मृत युवतियों के रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** होली खेलने के बाद नदी में नहाने गई दो युवतियां डूब गई। नदी में बह रही तीसरी युवती को ग्रामीणों ने बचा लिया। काफी मशक्कत के बाद दोनों का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

घटना स्थानीय गैंड़ास बुजुर्ग थाना क्षेत्र अंतर्गत नंदौरी गांव में गत सोमवार अपराह्न 3:30 बजे की है। नंदौरी गांव से 50 मीटर दूरी पर राप्ती नदी बहती है। 20 वर्षीय मानसी पुत्री पंडोही, 23 वर्षीय सुषमा उर्फ छोटी पुत्री बबलू व 21 वर्षीय सत्यमोर पुत्री बजरंगी होली खेलने के बाद राप्ती नदी में नहाने गई थी। नहाते समय वे गहरे पानी में उतरकर डूबने लगी। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने सत्य मोर को नदी से बाहर निकाल लिया, लेकिन मानसी व सुषमा गहरे पानी में डूब गईं। सूचना पाकर उतरौला के एसडीएम अवधेश कुमार, सीओ प्रमोद कुमार यादव व अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। स्थानीय गोताखोरों ने देर तक तलाश किया। गैड़ास बुजुर्ग के प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि नदी में डूबी दोनों युवतियों में से एक को गत सोमवार की रात्रि लगभग 09बजे स्थानीय गोताखोर के प्रयास से तथा दूसरी को मंगलवार सुबह नदी से एनडीआरएफ टीम द्वारा निकाला गया है। दोनों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उधर दो युवतियों की मौत से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।

**हादसा**

▸▸ **तीसरी युवती को ग्रामीणों ने डूबने से बचाया**

# तेज रफ्तार वाहन ने किशोरी को रौंदा, मौत

**बलरामपुर।** तुलसीपुर थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे पर टोल प्लाजा के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन किशोरी को ठोकर मार दी। मौके पर ही किशोरी की मौत हो गई। किशोरी घर से जानवरों के लिए घास काटने खेतों की तरफ जा रही थी। आरोपी वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बड़गौं निवासी दुर्गा वर्मा (15 )मंगलवार सुबह करीब 11:00 बजे घर से जानवरों के लिए घास काटने खेतों की तरफ जा रही थी। नेशनल हाईवे पर बड़गौं मोड़ के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन में दुर्गा को ठोकर मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक थाना तुलसीपुर अशोक सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज से वाहन की तलाश की जा रही है।

# 84 कोसी परिक्रमा का महाआरती के साथ समापन

**सीतापुर, अमृत विचार।** 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि स्थली नैमिषारण्य से शुरू हुई चैरासी कोशीय परिक्रमा का समापन होलिका दहन के साथ महर्षि दधीचि की पावन तपोभूमि प र मिश्रिख तीर्थ पर हुआ। इस दौरान पवित्र दधीचि कुंड तीर्थ पर प्रत्येक वर्ष पंच कोसी परिक्रमा मेला के दौरान मेला प्रशासन द्वारा विशाल महाआरती और आतिशबाजी का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दधीचि कुंड तीर्थ पर सायं तीर्थ महाआरती के बाद विशाल आतिशबाजी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन के दौरान क्षेत्रीय सांसद अशोक कुमार रावत, मंत्री राकेश राठौर गुरू व विधायक रामकृष्ण भार्गव, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि बबलू सिंह,सन्तोष सिंह मौजूद रहे। कुंड पर आयोजित हुई आतिशबाजी कार्यक्रम में प्रशासन के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नैमिषारण्य के नूर मोहम्मद को सीओ राजेश कुमार यादव, उपजिलाधिकारी, पंकज कुमार सक्सेना, तहसीलदार सौरब यादव व नगरपालिका ईओ लालचन्द्र मौर्य ने प्रथम पुरुस्कार के रूप में 11 हजार रुपए की चेक प्रदान की।

रामकोट निवासी मोहम्मद रफीक को दुतीय पुरुस्कार में 5 हजार रुपए तथा माधौगंज हरदोई निवासी मोहम्मद साबिर अली को तृतीय पुरुस्कार के रूप में 3 हजार रुपए पुरुस्कार की चेक प्रदान की गई। इस अवसर पर परिक्रमा मेला समिति अध्यक्ष पहला आश्रम के महंत नारायण दास,बनगढ़ आश्रम के महंत संतोष दास खाकी,मेला समिति विमल बंजरगी आदि के साथ हजारों मेलार्थियों ने विशाल आतिशबाजी का आनंद लिया। इसके साथ ही परिक्रमा में लगे हजारों श्रद्धालु भी अपने-अपने घर की ओर रवाना हो गये।

▸▸ **दधीचि कुंड तीर्थ पर विजयी आतिशबाजों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित**

## सार-संक्षेप

### पंचायत सहायक की मौत के मामले में अज्ञात के खिलाफ केस

**बलरामपुर, अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में पंचायत सहायक पंकज कुमार की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई शुरू करेगी। गैसड़ी ब्लॉक के गोविंदपुर गांव में पंचायत सहायक के पद पर तैनात पंकज कुमार का शव 23 मार्च को गौरा - जैतापुर राजमार्ग के किनारे निर्माणाधीन भवन के पिलर के सहारे रस्सी से लटकता मिला था। परिजनों ने पंकज कुमार के हत्या की आशंका जताई थी। मंगलवार को कई ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायकों ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की। जिला पंचायत सदस्य दूधनाथ यादव की अगुवाई में जनकपुर गांव की पंचायत सहायक शिवानी गिरि, जमुनी कला की सोनाली, भदुई की सौम्या, इटई के बब्लू, लैबुड़वा भोजपुर के जग नरायन वर्मा, वीरपुर कला के मजहर खान मृतक के घर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक तेज नारायण गुप्त ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। टीम गठित कर मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा।

### सफाई व्यवस्था न होने से बढ़ा संक्रामक रोगों का खतरा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** नगर में साफ-सफाई अवस्था पूरी तरह चौपट चुकी है। नालियों की सफाई न होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। खाना पूर्ति के नाम पर कभी कभार मुख्य सड़कों के किनारे नालियों की सफाई करा दी जाती है। गलियों की नालियों की सफाई न होने से नगर वासियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मौसम बदलने के साथ ही संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। संक्रामक बीमारियों के बढ़ने में गंदगी अहम भूमिका निभाती है। नगर में साफ-सफाई का जिम्मा निभाने वाली नगर पालिका प्रशासन इस पर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। नगर में मुख्य नाले व नालियों की सफाई कभी कभार तो करा दी जाती है लेकिन वार्डो में गलियों के नालियों की सफाई नहीं कराई जाती है। सफाई ना होने से नालियां बज बजा रही है। दुर्गंध के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है। नगर वासी पिंटू, राजेश, दुर्गा व राजू आदि का कहना है कि नालियों की सफाई के लिए कई बार नगर पालिका के हेल्प लाइन नंबर पर कॉल किया गया, लेकिन आज तक नालियों की सफाई नहीं कराई गई। इस संबंध में ईओ नगर पालिका राजमणि ने बताया कि सभी सफाई नायकों को नालियों की सफाई कराने का निर्देश दिया गया है।

### माइनर फटने से किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न

**सीतापुर।** विग्राम गनेशपुर नेवादा पुल से रघुनाथपुर जाने वाले मोटर मार्ग पर लहरपुर माइनर नहर की दाहिनी पटरी फट जाने से किसानों की मसूर व सरसों, गेहूं की फसल में पानी भर गया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम नेवादा निवासी एक किसान ने अपने पॉपुलर के पेड़ों में पानी लगाने के लिए शनिवार रात नहर को थोड़ा काटा था। लेकिन पानी का बहाव अधिक होने से नहर काफी ज्यादा मात्रा में फट गई और उसकी लापरवाही से गांव के एक दर्जन से अधिक किसानों की सरसों, मसूर व गेहूं की फसल पानी में डूब गई है। जिससे किसानों की फसल पूरी तरह से बर्बाद गई है। गांव के किसान अतीक की तीन बीघा गेहूं, मोईन की ढाई बीघा गेहूं, मिस्त्री के डेढ़ बीघा गेहूं ,गोबरे के तीन बीघा गेहूं की फसल, लतीफ की दो बीघा, शमीम की लाही सात बीघा, बरकत की मसूरी दो बीघा, कल्लू ढाई बीघा गेहूं, समीउल्लाह की पांच बीघा लाही की कटी हुई फसल पानी में डूब गई . किसानों ने फसल के नुकसान का मुआवजा दिए जाने की मांग की है। इस संबंध में अवर अभियंता लहरपुर माइनर शिव प्रताप ने बताया कि नहर किसानों द्वारा काटी गई थी। जिसे उनके द्वारा दुरुस्त भी कर दिया गया है। क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग विभाग द्वारा शीघ्र दुरस्त करवा कर आवागमन बहाल कर दिया जाएगा।

### हाईवे पर बाइक और स्कूटी की भिड़ंत,एक युवक की मौत

**सीतापुर।** सुरैचां गांव के निकट हाइवे पर स्कूटी और मोटरसाइकिल में आमने-सामने की भिड़ंत बाइक सवार कमलेश (40) पुत्र बद्री प्रसाद निवासी मानपुर की मौत हो गई। उसकी पत्नी सुनीता गंभीर रूप से घायल हो गयी। हादसे में स्कूटी सवार राजकुमार पुत्र सुंदर छोटा पुत्र ताल्लुक व एक बच्चा राजवीर निवासी ग्राम महोली गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से घयलों को सीएचसी कसमंडा भेजा गया। जहां से सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बाइक और स्कूटी सवार कोई भी हेलमेट लगाए नहीं था।

**हर्षोल्लास** त्योहार में जुलूस में डीजे की धुन पर थिरके लोग

# बलरामपुर में जमकर उड़ा अबीर-गुलाल, मचा धमाल

**बलरामपुर, अमृत विचार**

जिले में होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ सकुशल संपन्न हो गया। लोगों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाया और एक दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी। हुरियारों ने जगह-जगह जमकर धमाल मचाया।

सोमवार को बलरामपुर नगर में होली महोत्सव समय द्वारा जुलूस निकाला गया। नगर के सिटी पैलेस तिराहे पर बलरामपुर स्टेट के महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह ने नगर वासियों को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। जुलूस अपने परंपरागत मार्गों से होता हुआ नगर में भ्रमण करता रहा। लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई दी। हुरियारों ने कई जगह पर जमकर धमाल मचाया। डीजे की धुनों पर लोग थिरकते नजर आए। पुलिस प्रशासन किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद दिखा। इसी तरह उतरौला नगर, रेहरा बाजार, सादुल्लाह नगर, महाराजगंज तराई, गैसड़ी, पचपेड़वा, मथुरा बाजार व हरैया सतघरवा आज जगहों पर भी होली का जुलूस निकाला गया। इसके पूर्व रविवार रात जिले में 1871 जगह पर वैदिक मंत्रोचार के बीच होलिका दहन किया गया। जिले में 65 जगह से होली का जुलूस निकाला गया।

## तुलसीपुर में निकला होली का जुलूस

देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर के महंत मिथलेश नाथ योगी द्वारा मंगलवार को नगर में होली का जुलूस निकाला गया। महंत खुद जुलूस की अगुआई करते रहे। मिल चुंगी नाका से प्रारंभ होकर होली का जुलूस पूरे नगर में भ्रमण करता रहा। लोगों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाया और एक दूसरे को होली की बधाई दी। परंपरागत मार्ग से होता हुआ होली का जुलूस देवीपाटन मंदिर पर समाप्त हुआ। जुलूस में प्रवीण सिंह विक्की, अरुण गुप्ता, राजकुमार गुप्ता व सुखदेव चौरसिया गुप्ता समेत तमाम नगर वासी मौजूद रहे।


होली जुलूस की अगुवाई करते देवीपाटन शक्तिपीठ के महंत मिथलेश नाथ योगी।

# शहादत पर याद किये गए गणेश शंकर विद्यार्थी

**सीतापुर।** आज देश के भीतर सांप्रदायिकता फन उठाए हुए खड़ी है,जिसने इंसानियत के सामने संकट पैदा कर दिया है। देश की मुश्तरका संस्कृति को बचाए रखने के लिए इस फन को कुचला जाना आवश्यक है। जब तक हिन्दू मुस्लिम के बीच सांप्रदायिकता के बीज विद्यमान रहेंगे तब तक दोनों समुदायों में एकजुटता नहीं पैदा होने वाली है। यह बातें नफरत एवं हिंसा के खिलाफ मानवीय एकता संगठन के बैनर तले आयोजित क्रांतिकारी गणेश शंकर विद्यार्थी की शहादत समारोह को संबोधित करते हुए वक्ता भगवती प्रसाद अग्निहोत्री ने कही। सिधौली स्थित शहीद स्मारक के समीप आयोजित कार्यक्रम में पूर्व बार अध्यक्ष अधिवक्ता रामपाल भार्गव, जयकरन सिंह यादव, एडवोकेट आरपी गौतम आदि ने गणेश शंकर विद्यार्थी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका अनुकरणीय व्यक्तित्व था।

## एक नजर

### जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में जीत पर अखिलेश ने दी बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली छात्रसंघ चुनाव में जीत पर छात्रों को बधाई दी है। मंगलवार को जारी एक बयान में सपा प्रमुख ने कहा कि पीडीए की एकजुटता ने सभी महत्वपूर्ण पदों पर जीत हासिल की। अखिलेश ने कहा, भाजपा समर्थित एबीवीपी को भारी अंतर से बुरी तरह से हराया है। दलित अध्यक्ष सहित सभी विजयी पदाधिकारियों और उन्हें चुनने वाले सजग, सतर्क मतदाता विद्यार्थियों को भी बहुत बधाई। जेएनयू की नकारात्मक छवि बनाने वालों को आगे भी यूं ही हराते रहने व देशहित में सकारात्मक राजनीति का झंडा फहराते रहने के लिए शुभकामनाएं।

### सपा के पूर्व जिला सचिव भाजपा में शमिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजने के साथ ही राजनीतिक दल अपना कुनबा बढ़ाने में जुट गए हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला सचिव लालमणि यादव और अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई। द्विवेदी ने दूसरे दलों से आए लोगों का स्वागत किया और केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया।

### भानपा ने लोकसभा में चार विस में दो प्रत्याशी घोषित किए

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर भारत नमन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम बहादुर गौतम ने भानपा से मोहनलालगंज से रज्जन लाल गौतम, लखनऊ से राकेश यादव बाबा, लालगंज से आजमगढ़ से पुंडरी गौतम व बस्ती में अनिरुद्ध कुमार पाण्डेय को प्रत्याशी बनाया है। साथ ही विधानसभा के उप चुनाव में लखनऊ पूर्व से ऋषभ सिंह व रामपुर से पवन कुमार को प्रत्याशी घोषित किया है।

# महाकुंभ के महाआयोजन को सफल बनाने में जुटे 14 विभाग

## महाकुंभ क्षेत्र के साथ-साथ क्षेत्र के बाहर भी बड़े पैमाने पर परियोजना की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** महाकुंभ को राज्य सरकार भव्य और दिव्य बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। इस महाआयोजन के लिए शासन के 14 विभागों को 384 विकास परियोजनाओं पर 7500 करोड़ बजट के सापेक्ष 250 परियोजनाओं के लिए 2228 करोड़ जारी हो चुके हैं।

महाकुंभ से इतर चल रहे 100 से ज्यादा कार्यों के लिए सरकार ने 3057 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की थी, जिसमें शुरू हो चुके 80 कार्यों के लिए 688 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि जारी हो चुकी है। कुंभ को लेकर कुल 14 विभागों के कार्य चल रहे हैं। इसमें पर्यटन विभाग की पांच परियोजनाएं भी हैं। इनमें तीन की शुरुआत हो चुकी है, जिसके लिए प्रस्तावित 28 करोड़ के बजट के एवज में 8.64 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। इसी तरह सिंचाई विभाग के सभी 8 कार्य के लिए प्रस्तावित 250 करोड़ में से करीब 90 करोड़ रुपये प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए जा चुके हैं।



▶▶ कुल 384 परियोजनाओं के लिए 7500 करोड़ रुपये की धनराशि हो चुकी स्वीकृत

प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत 42 प्रोजेक्ट्स के लिए 175 करोड़ रुपये, यूपी ब्रिज के 4 प्रोजेक्ट्स के लिए 255 करोड़, पीडब्ल्यूडी के 41 प्रोजेक्ट के लिए 320 करोड़ रुपये, हेल्थ एंड वेलफेयर डिपार्टमेंट के 17 प्रोजेक्ट्स के लिए 29 करोड़, वन विभाग के 4 प्रोजेक्ट्स के लिए 13.33 करोड़, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में 11 प्रोजेक्ट्स के लिए 31.20 करोड़, यूपीपीसीएल के 22 प्रोजेक्ट्स के लिए 196 करोड़, प्रयागराज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के 29 प्रोजेक्ट्स के लिए 103 करोड़, यूपी जल निगम के 15 प्रोजेक्ट्स के लिए 86 करोड़, यूपीएसआरटीसी के 7 प्रोजेक्ट्स के लिए करीब 8 करोड़ और प्रयागराज मेला अथॉरिटी के तहत 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 223.53 करोड़ जारी किए जा चुके हैं। वहीं, गंगा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से संबंधित 5 प्रोजेक्ट्स के लिए 107 करोड़ से ज्यादा का फंड स्वीकृत है। अभी डीपीआर की प्रक्रिया जारी है, जिसके बाद धनराशि जारी की जाएगी।

### महाकुंभ के अलावा भी व्यापक पैमाने पर चल रहा विकास कार्य

महाकुंभ के अतिरिक्त भी प्रयागराज को पर्यटन और यात्रियों की सुविधाओं के लिए संवारा जा रहा है। इसके अंतर्गत 7 विभागों के प्रोजेक्ट्स संचालित हैं। इसमंज टूरिज्स डिपार्टमेंट के कुल 29 प्रोजेक्ट्स के लिए 70 करोड़ से ज्यादा की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है और 23 करोड़ से ज्यादा की राशि जारी भी की जा चुकी है। इसी तरह प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी के 10 प्रोजेक्ट्स के लिए स्वीकृत 102 करोड़ में से 20 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। यूपी ब्रिज के अंतर्गत 12 प्रोजेक्ट्स के लिए 620 करोड़ जारी हो चुके हैं तो पीडब्ल्यूडी के 18 प्रोजेक्ट्स को 8 करोड़ और प्रयागराज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के 22 प्रोजेक्ट्स के लिए 17 करोड़ की राशि दी गई है। सिंचाई विभाग के 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 58 करोड़ और गंगा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के 3 प्रोजेक्ट्स को 496 करोड़ के फंड की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द राशि जारी किए जाने की संभावना है।

### लघु उद्यमियों को उत्पादन का 45 दिनों में भुगतान होना जरूरी

**अमृत विचार :** प्रदेश में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों द्वारा बेचे गये सामान का भुगतान 45 दिन में हो जाना चाहिये। इसके लिए एमएसएमई डव्लपमेन्ट एक्ट-2006 के तहत सभी 18 मंडलों में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में फैसिलिटेशन काउंसिल की स्थापना की गई है, इसमें इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के सदस्य समेत चार अन्य लोग शामिल हैं। संबन्धित जानकारी 27 मार्च को कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए मंगलवार को आईआईए के नीरज सिंघल ने बताया कि सभी फैसिलिटेशन काउंसिल में अध्यक्ष के अतिरिक्त 72 सदस्य हैं। इन सदस्यों के लिए बुधवार को आईआईए भवन में काउंसिल संबन्धित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा, इसमें काउंसिल सम्बन्धित नियमों और कानूनों की जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव एमएसएमई अमित मोहन प्रसाद द्वारा किया जाएगा, साथ ही आयुक्त राजेश कुमार भी होंगे। उच्च न्यायालय के सुरेश ढोले बतौर वक्ता मौजूद रहेंगे।

### सपा ने फरहत अली को बनाया बदायूं का नगर अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी में हिसामुद्दीन निवासी जौनपुर को राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव और फरहत अली निवासी बदायूं को सपा जिला बदायूं का नगर अध्यक्ष नामित किया गया है। यह जानकारी पार्टी की ओर से मंगलवार को साझा की गई है।



गोरखपुर में होली पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी, मंत्री डॉ. संजय निषाद, सांसद रवि किशन। अमृत विचार

# होलिका भस्म की पूजा कर योगी ने मनाई होली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षपीठाधीश्वर की भूमिका में गोरखपुर में मंगलवार को होलिका भस्म की पूजा कर होली की शुरुआत की। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गोवंश को भस्म, गुलाल लगाकर गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने भीम सरोवर के पास बतखों को भी दाना खिलाया। बाद में दोपहर बाद होली मिलन का सिलसिला शुरू हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के होलिकोत्सव की शुरुआत मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से हुई। मंदिर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास जाकर योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका भस्म (सम्मत की राख) की पूजा की और आरती उतारी। इस अनुष्ठान के बाद मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ समेत अन्य साधु संतों व श्रद्धालुओं ने इसी भस्म से गोरक्षपीठाधीश्वर का तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने भी उन्हें तिलक लगाकर होली की मंगलकामना की।

होलिका दहन स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुरु गोरखनाथ जी के मंदिर पहुंचे और श्रीनाथ जी को होलिका भस्म अर्पित किया। इसके बाद मंदिर के द्वार पर फाग गीतों का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री योगी ने भी कुछ देर वहां रुककर फाग का आनंद उठाया और सबको होली की बधाई व शुभकामनाएं दीं।

▶▶ गोरक्षपीठाधीश्वर और संतों ने एक-दूसरे को लगाया भस्म का तिलक

### गोवंश को लगाया तिलक गुड़ खिलाकर की गोसेवा

होली के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला पहुंचे और गोवंश को भस्म व गुलाल लगाकर उनके लिए भी मंगलकामना की। उन्होंने गोवंश को गुड़ और दूध रोटी खिलाकर उनकी सेवा की। गोशाला में मुख्यमंत्री योगी की आवाज सुनकर गोवंश उनके पास दौड़ते हुए चले आए। मुख्यमंत्री ने माथा व गर्दन सहलाकर सभी गोवंश को खूब दुलार भी किया। भीम सरोवर किनारे टहल रहे बतखों को दाना खिलाया।

# एटीएस में दाखिले के लिए 28 को होगी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्र-छात्राओं के दाखिले के लिए 28 मार्च को परीक्षा होगी। विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा को लेकर समाज कल्याण विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं और इसमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि 70 बच्चे सभी 94 आश्रम पद्धति विद्यालय में दाखिले के लिए परीक्षा देंगे।

▶▶ 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं हैं अध्यनरत

▶▶ इसी शैक्षणिक सत्र से जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय का होगा संचालन

इसके अलावा कक्षा छह, सात, आठ, नौ और ग्यारहवीं में रिक्त सीटों के लिए दाखिला परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय में भी कक्षा छह, सात और आठ में दाखिले के लिए परीक्षा होगी। बताया कि अप्रैल से जौनपुर और अयोध्या के नए विद्यालय का भी संचालन किया जाएगा।

# आचार संहिता के उल्लंघन पर सी-विजिल ऐप पर मतदाता करें शिकायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन पर मतदाता सी-विजिल ऐप के जरिए शिकायत करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से यह अपील की। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सी-विजिल ऐप के जरिए आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। मोबाइल से प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से सी-विजिल ऐप डाउनलोड कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत, लाइव फोटो या लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सी-विजिल ऐप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉगिन करके मतदाता अपनी शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकता है।

उन्होंने कहा कि सी-विजिल ऐप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर की कोई बाध्यता नहीं है, पर अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नम्बर देता है तो शिकायतकर्ता ऐप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकता है। शिकायत दर्ज होने पर सम्बन्धित रिटर्निंग ऑफिसर अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजकर कार्रवाई करेंगे।

▶▶ मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से की अपील

### सी-विजिल ऐप में दर्ज होने वालीं शिकायतें

आम तौर पर सी-विजिल ऐप में धनराशि वितरण, गिफ्ट- कूपन वितरण, शराब वितरण संबंधी शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक व उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी शिकायतें दर्ज होंगी।

# लिव-52 एवं सीस्टोन सिरप पर प्रतिबन्ध हटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लिव -52 समेत आयुर्वेद की ढाई दर्जन से ज्यादा औषधियों में उन सभी को प्रतिबन्ध मुक्त कर दिया गया है, जिनमें जांच के दौरान शास्त्रीय औषधि की उपलब्धता थी। उक्त क्रम में ही सीस्टोन सीरप व लिव-52 को बाजार में बिक्री के लिए अनुमति प्रदान कर दी गई है। यह जानकारी मंगलवार को आयुर्वेद निदेशक डॉ.पीसी सक्सेना ने दी।

उन्होंने बताया कि 12 मार्च को विभिन्न औषधि निर्माता कंपनियों की लिव-52, सीस्टोन सीरप आदि तमाम औषधियों के सैंपल एकत्र कर जांच की गई थी, जिनमें करीब 31 प्रकार की दवाएं अधोमानक मिलने पर प्रतिबन्धित कर दी गई थीं। जिसके लिए केन्द्रीय आयुष मंत्रालय को भी जानकारी प्रेषित की गई।

## वर्ग पहेली-21

**बाएं से दाएं**

5. 1. सीखना 2. समझना 3. समझाना; बतलाना।

6. अस्तबल, घुड़साल, अश्वशाला।

7. थप्पड़, चांटा, झापड़।

9. 1. किसी कार्य या बात में लगा हुआ 2. प्रसन्न 3. अनुरक्त 4. युक्त, सहित।

10. एक प्रकार का गान, एक ताल।

**ऊपर से नीचे**


1. दुकान।

2. 1. आत्मवाद 2. अध्यात्मवाद।

3. 1. अवरोध, रुकावट, बाधा 2. प्रतिकूलता, विपरीतता 3. आपसी अनबन या बिगाड़ 4. असंगति; विसंगति 5. लड़ाई, झगड़ा, संघर्ष।

4. 1. परिवार के लिए काम करने वाला व्यक्ति, गृहस्थ 2. संसार के प्रपंच में उलझा हुआ व्यक्ति, संसारी 3. व्यवहारकुशल व्यक्ति।

8. 1. तरह, समान, सदृश, तुल्य 2. ऐसा।



### वर्ग पहेली -20 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 कु | ब | ड़ा | ■ | 2 अ | ■ | 3 ह |
| रे | ■ | ■ | 4 अ | भि | जि | त |
| शी | ■ | ■ | ■ | धा | ■ | म |
| ■ | 5 अं | 6 शा | प | न | ■ | ति |
| 7 का | बु | क | ■ | ■ | 8 फु | ■ |
| ■ | जा | ■ | ■ | ■ | हा | ■ |
| ■ | ■ | 9 ज | हा | ज़ | रा | नी |

# 108 एम्बुलेंस से 12 हजार से अधिक घायल पहुंचे अस्पताल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** होली के दिन लापरवाही से गाड़ी चलाने की वजह से सड़क पर काफी दुर्घटनाएं हुईं, जिसकी वजह से अकेले होली के दिन कुल 12 हजार 331 लोगों को अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचाया गया। यह आंकड़ा केवल एंबुलेंस सेवा 108 का है, खुद व निजी साधन से भी तमाम मरीजों के अस्पताल पहुंचने का सिलसिला देखने को मिला।

ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि विभिन्न अस्पतालों में भर्ती होने वालों में हरदोई के 353, लखनऊ के 344, लखीमपुर खीरी के 325, सीतापुर 289, बाराबंकी के 278 लोग शामिल थे। उन्होंने बताया कि होली के दिन सोमवार को कुल 12331 मरीजों में 1350 मामले सड़क हादसों थे। इसके अलावा अन्य मामलों के 2282 घायल मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रदेश में निःशुल्क एंबुलेंस सेवा प्रदान करने के लिए सभी 75 जिलों में 2200 एम्बुलेंस संचालित हो रही हैं।




### होली के दिन टॉप पांच इमरजेंसी वाले जिले

हरदोई - 353

लखनऊ- 344

लखीमपुर खीरी- 325

सीतापुर- 289

बाराबंकी- 278

बाक्स<bha>--</bha>

प्रदेश में कुल इमरजेंसी

होली के दिन- 12331

### होली के दिन

ट्रॉमा वेहिकुलर - 1350

ट्रॉमा नान वेहिकुलर- 2282

# आज राजग प्रत्याशियों के नामांकन में जाएंगे भाजपा के वरिष्ठ नेता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा और राजग गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी बुधवार को नामांकन करेंगे। इस दौरान जिला मुख्यालयों पर आयोजित सभाओं को प्रदेश अध्यक्ष समेत दोनों उप मुख्यमंत्री, मंत्री आदि संबोधित करेंगे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और कैबिनेट मंत्री व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह बुधवार को पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से राज्य के पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद का नामांकन कराएंगे। जबकि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी बिजनौर से राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी चंदन चौहान व नगीना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार के नामांकन में उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल, कैराना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे।

## सुडोकू -100

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 4 | | 2 | | | | 3 |
| | 6 | | | | | 2 | | |
| 2 | | | | | 9 | | | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 8 |
| 4 | | 7 | | | | 1 | | |
| | | | 6 | 1 | | | 9 | |
| | | | 5 | | | 6 | | 9 |
| | | 9 | | | | | 8 | |
| 1 | | | | 9 | | 4 | | 5 |

### सुडोकू -99 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 2 | 7 |
| 6 | 8 | 2 | 4 | 7 | 3 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 1 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 17.06 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-चित्रा 16.16 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** आज घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से दबाव कम होगा।

**वृष** आज भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। पूजा-पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**मिथुन** आज घर के सदस्यों पर अपना गुस्सा न निकालें। प्रेमीजन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। पैरों में थकान के कारण थोड़े अनमने रहेंगे।

**कर्क** आज महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। व्यापार के दृष्टिकोण से ग्रह स्थिति पक्ष की नहीं है। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे।

**सिंह** आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। नए मित्र बन सकते हैं। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

**कन्या** आज परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए। नजदीकी रिश्तेदार आपसे धन उधार मांग सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए नाप-तौल कर बातें करें।

**तुला** आज भविष्य की योजनाओं को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। समाज में आपकी छवि निखरेगी। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। परिवार के लोगों की जरूरतों पर धन खर्च करें।

**वृश्चिक** आज लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी कोई वादा न करें वरना आपको लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा। आप थोड़ा सुस्त सा महसूस करेंगे।

**धनु** आज सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर लेंगे। पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी। अचल संपत्ति की खरीदारी का विचार बनाएंगे।

**मकर** आज विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। संतान का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। नया काम शुरु करने के लिए दिन शानदार रहेगा। आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। सभी काम आराम से व धीमी गति से करेंगे।

**कुंभ** आज छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। काल्पनिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अति भावुक होने से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में लोग आपको कमतर आंक सकते हैं। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा।

**मीन** आज प्रेमीजन के साथ झगड़ा हो सकता है। किसी भी तरह के मनमुटाव को शीघ्र ही सुलझा लें वरना यह बड़े तनाव का कारण बन सकता है। घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
सीता और गीता सुबह : 11.00
कर्तव्य रात : 07.00


&pictures
ए फ्लाइंग जट्ट सुबह : 11.18
चुप रात : 08.00

SONY PIX
जर्नी 2 सुबह : 10.49
वेनम रात : 09.00

ZEE CINEMA
आर्टिकल 15 सुबह : 09.40
जीरो शाम : 05.25

colors CINEPLEX
कल हो न हो सुबह : 11.21
फोर्स 2 रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 05.25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

रतनलाल- रमेश! तुम्हें देखता हूं तो मुझे सुरेश की याद आ जाती है।
रमेश- लेकिन मुझमें और सुरेश में शायद ही कोई बात कॉमन हो!
रतनलाल- क्यों नहीं!
पिछले दो साल से आप दोनों ने मुझसे पांच सौ रुपए कर्ज लिये थे। आज तक नहीं लौटाए।

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है, हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा- मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बातें मत किया करो।

# मुस्लिम बनाम दलित कार्ड से भाजपा का होगा बेड़ापार

## बसपा के एकला चलो से मिशन : 80 का मंत्र तलाशने में जुटी भाजपा, मुस्लिम वोटरों की एकजुटता के जवाब में दलित कार्ड पर फोकस



रणनीति

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार** : पिछले लोकसभा चुनाव तक बसपा से टिकट का मतलब सांसद बनने की गारंटी था, मगर इसबार अकेले मैदान में उतरने से माहौल नहीं बन पा रहा है। भाजपा इसी कमजोरी को हथियार बनाकर इसबार मिशन:80 में मुस्लिम बनाम दलित कार्ड खेलने की तैयारी में है।

भाजपा के साथ आरएसएस के दलित कॉडर भी मायावती और सपा नेताओं की अदावत को गांव-गांव समझाने में जुटे हैं। 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में मुस्लिम वोटों के एकतरफा ध्रुवीकरण की चुनौतियां से दलित कार्ड के सहारे किलेबंदी हो रही है। भाजपा से दलितों में कोई नाराजगी भी नहीं है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा दलित चिंतकों और नेताओं से जुड़े कार्यक्रम हो या त्योहार सिद्दत से जुड़ते हैं। लोकसभा चुनाव से ही पहले दलितों को जोड़ने के लिए हर बस्ती तक पहुंच चुकी है। पार्टी ने प्रदेश में दो दिन का विशेष दलित बस्ती संपर्क अभियान भी चलाया। संत गाडगे और रविदास जयंती समारोह में दलितों की भागेदारी देखने लायक थी। भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया बताते हैं कि पार्टी से दलितों का जुड़ाव इसबार मतदान में दिखेगा। विधानसभा क्षेत्रों में भीम सम्मेलन, जाटव बस्तियों में सम्मेलन, समाज के युवाओं से संवाद आदि कार्यक्रमों से भाजपा के हर बूथ पर दलित नेताओं की टीम मिली है।





**माया की सपा से अदावत का फायदा उठाने में आरएसएस भी सक्रिय**

### 14 हारी हुईं सीटों के साथ 7 जीतीं सीटों पर भी चुनौती बरकरार

भाजपा की वैसे तो 11 सीटें हैं, जहां पिछली बार लोकसभा चुनाव में हार-जीत का अंतर 25 हजार से कम था। इसमें सात जीतीं हुई सीटों पर इसबार भी चुनौतियां बरकरार है। इसमें जौनपुर जिले की मछलीशहर सीट पर भाजपा के बीपी सरोज ने मात्र 181 वोट से बसपा के ई. त्रिभुवन राम को हराया था। त्रिभुवन राम बसपा सरकार में पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता के साथ और कर्ता-धर्ता की हैसियत में थे। मेरठ सीट पर भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल ने बसपा के हाजी याकूब को मात्र 4729 वोट से हराया था। भाजपा इसबार टिकट बदलने की तैयारी में है, यहां से रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अरूण गोबिल और कवि कुमार विस्वास का भी नाम आ रहा है। मुजफ्फरनगर सीट पर भाजपा के संजीव बालियान ने रालोद के चौधरी अजीत सिंह को 6526 वोटों से हराया था। इसबार भाजपा के साथ आई रालोद ने दावेदारी नहीं की तो बालियान का टिकट पहली सूची में ही पक्का हो गया। कन्नौज सीट पर भाजपा के सुब्रत पाठक ने सपा की डिंपल यादव को 12353 वोटों से हराया था, इसबार सपा प्रत्याशी नहीं घोषित करके इंतजार कर रही है। चंदौली सीट पर केंद्रीय मंत्री डा महेंद्र पांडेय 13959 वोट से जीते थे, जबकि सुल्तानपुर सीट पर मेनका गांधी मात्र 14526 वोट से और बलिया सीट से वीरेंद्र सिंह मस्त मात्र 15519 वोट से जीते थे। महेंद्र को छोड़ सबकी सीट पर प्रत्याशी की घोषणा फंसी हुई है। इसी के साथ हारी हुई 14 सीटों पर भी भाजपा जीतने के लिए पूरा जोर लगा लगाने में जुटी है।

### उपेक्षित महसूस कर रही निषाद पार्टी

भाजपा के साथ हमेशा कदम ताल करने वाले निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद भी खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में तमाम सीटों पर जीत-हार में निर्णायक की भूमिका निषाद (मल्लाह बिरादरी) की रही है। नदी तटीय इलाकों में वोटरों का वर्चस्व है। फिर भी अभी तक एक भी सीट नहीं दी गई। जबकि भाजपा को कोसने वाले सुभासपा के प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने घोसी सीट हासिल कर ली है। आस-पास की कुछ अन्य सीटों के लिए दबाव बना रहे हैं। लेकिन निषाद पार्टी दबाव बनाने में भी पिछड़ती दिख रही है।

उधर, लोकसभा चुनाव में बसपा का चुनाव प्रबंधन और तैयारी अन्य दलों के मुकाबले कमजोर दिख रही है, जहां पिछले चुनावों तक दावेदारों की कतारें रहती थीं, वहीं इसबार टिकटार्थी ढूंढने पड़ रहे हैं। 25 सीटों पर घोषित हुए प्रत्याशियों में कुछ नाम ऐसे हैं, जिनका चुनाव से कभी सरोकार नहीं रहा। ज्यादातर नए और अनुभवहीन भी हैं। कुछ तो सिर्फ इस बात के लिए लड़ रहे हैं कि बसपा के कॉडर वोट मिलने से उनकी पहचान बन जाएगी, तो आगे विधानसभा चुनाव में कहीं भी टिकट की दावेदारी काम आएगी।

## चुनाव कमाल का...

- 2024 के लोकसभा चुनाव का बिगुल बच चुका है। इस चुनाव में यदि मतदान के दौरान आपको लगता है कि आपके योग्य कोई भी उम्मीदवार नहीं है। तो नोटा का बटन दबाकर आप अपना विरोध दर्ज करा सकते हैं। अभी तक जितने भी लोकसभा अथवा विधानसभा के चुनाव हुए उसमें नोटा की भागीदारी लगभग 2 से 3 फीसदी ही रही। शायद आपको मालूम न हो कि यदि मतगणना में नोटा को सबसे अधिक वोट मिलते हैं तो चुनाव रद्द भी हो सकता है। इसके बाद चुनाव आयोग दोबारा चुनाव कराएगा। जब तक देश में नोटा की व्यवस्था नहीं थी। तब तक चुनाव में अगर किसी को लगता था कि उसके मापदण्ड पर कोई भी उम्मीदवार योग्य नहीं है, तो वो लोग वोट नहीं डालने ही नहीं जाते थे और इस तरह से उनका वोट बेकार हो जाता था। वे लोग मतदान से वंचित रह जाते थे। ऐसे में साल 2009 में चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को नोटा का विकल्प देने संबंधी अपने निर्णय से अवगत कराया था। और वर्ष 2013 में न्यायालय ने मतदाताओं को नोटा का विकल्प देने का आदेश दिया। प्रकार ईवीएम में एक और विकल्प नोटा शामिल हुआ।

## भाजपा ने बहराइच से सांसद के बेटे को बनाया प्रत्याशी

**बहराइच, अमृत विचार।** भाजपा की ओर से बहराइच लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा करते हुए सांसद के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अन्य की टीम ने शनिवार देर शाम को सूची जारी की। जिसमें उन्होंने बहराइच सुरक्षित लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। बहराइच सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा ने निरंतर प्रत्याशी बदले। वर्ष 2014 में भाजपा ने सावित्री बाई फुले को टिकट दिया और उन्होंने जीत दर्ज कर लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद साध्वी सावित्री बाई फुले कांग्रेस में चली गई तो वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने अक्षय वर लाल गोंड को टिकट दिया। उन्होंने भी जीत दर्ज की। इस बार के चुनाव में भाजपा ने सांसद के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है।



डॉ. आनंद गोंड

# अमेठी तो खास, यहां के मुद्दे हैं आम

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार** : मैं अमेठी हूं, मेरे अतीत में प्रभु श्रीराम की यादें हैं, द्वापर से भी गहरा जुड़ाव है, नंदमहर धाम में भगवान श्रीकृष्ण और नंद बाबा ने प्रवास किया, पद्मावत जैसे काव्य की रचना करने वाले सूफी संत मलिक मोहम्मद जायसी मेरे आंगन में पले बढ़े, जायस में गुरु गोरखनाथ ने तप किया, कालिकन धाम, दुर्गन भवानी, समसेरियन भवानी, देवीपाटन, अहोरवा भवानी सहित कई अन्य सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासतों की अनमोल धरती मेरे पास है।

पहले मैं सुलतानपुर जिले की हिस्सा थी, मुझे 1967 में संसदीय सीट के रूप में पहचान मिली। इसके बाद से कुछ ऐसा हुआ कि हम पर सभी की नजर टिक गई। हो भी क्यों न, हमारी धरा से जीतने वाले सांसद ने प्रधानमंत्री तक का मुकाम जो हासिल किया। तमाम उतार चढ़ाव के बीच 2010 में मुझे जिले का रूप दिया गया। इसके बाद विकास की योजनाएं बनीं, कुछ पर काम हुआ तो कुछ अभी फाइलों में ही लटकी हुई हैं। कुछ मुद्दे चुनाव में खूब उछले, लोगों की जुबां पर आए, लेकिन बाद में खामोश हो गए। मेरा सबसे बड़ा दर्द अनियोजित विकास से जुड़ा है।

1980 के दशक में औद्योगिक घरानों ने अमेठी के ऊसर की तस्वीर बदलने के लिए कारखानों की स्थापना की। इसमें इंडोगल्फ, बीएचईएल, सम्राट साइकिल फैक्ट्री, ऊषा इलेक्ट्रीफायर, सीमेंट फैक्ट्री, सूर्या माल्टेक प्राइवेट लिमिटेड, वेस्पा स्कूटर सहित दो सौ से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुईं। 1991 के बाद से एक-एक करके ये बंद होती चली गईं। इनमें ऊषा, वेस्पा, सम्राट, मालविका स्टील की इमारतें खंडहर हो गईं।जगदीशपुर उतलेवा, कौहार, टिकरिया और त्रिशुंडी अभी चमक बिखेर रही हैं।

**वीआईपी सीट अमेठी**



राहुल गांधी



स्मृति ईरानी



युवा मुस्तकीम बघेल का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी है। इससे मरीज परेशान हो रहे हैं। उन्हें रायबरेली और बीएचएल जाना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करना ही होगा।



समाजसेवी जितेंद्र सिंह का कहना है कि परिवहन सेवा बहुत ही आवश्यक है। इसका विस्तार किया जाना चाहिए। गौरीगंज जिला मुख्यालय है। कम से कम बस स्टेशन होना चाहिए, जिससे आवागमन सुगम हो सके।



पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश कुमार सिंह का कहना है कि औद्योगिक इकाइयों के विकास को लेकर ठोस प्रयास की आवश्यकता है। पुराने उद्योगों को शुरू कराया जाय, जिससे लोगों को रोजगार मिल सके। उद्योग स्थापना से न सिर्फ रोजगार बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है।



राज बहादुर लोधी का कहना है कि पांच साल से पुल का निर्माण अधूरा है। समय का ख्याल रखना चाहिए। पुल का निर्माण अगर हो जाता तो 15 किलो मीटर का चक्कर नहीं लगाना पड़ता। निर्माण पूरा होने से सहूलियत मिल जाती।



प्रतिष्ठित व्यवसाई राम सिंह का कहना है कि अमेठी जिला मुख्यालय पर उच्च शिक्षा के लिहाज से एक भी सरकारी महाविद्यालय नहीं है। ऐसे में युवाओं की उच्च शिक्षा में समस्या आती है।

# इस बार मित्रसेन के बड़े बेटे ने ठोंकी ताल

**विरासत**

## मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर ब्लॉक प्रमुख तक रहे परिवार के सदस्य

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा, इंडिया गठबंधन और बसपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। लेकिन इसमें सेन परिवार के किसी को भी टिकट नहीं मिला। तब से सियासी हल्के में एक सवाल चर्चा में रहा। बगैर सेन परिवार के यह लोकसभा चुनाव होगा? कयास तरह-तरह के लगाए जा रहे थे। लेकिन अब तस्वीर साफ हो गई कि इस लोकसभा चुनाव में भी सेन परिवार की मौजूदगी बतौर प्रत्याशी रहेगी। स्व. मित्रसेन यादव के बड़े बेटे पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव ने चुनाव मैदान में आने कि लिए ताल ठोंक दी है। कहा कि हर स्थिति में चुनाव लड़ेंगे।

सियासत में कई परिवारों की वंशबेलि चलती रही है। परिवार भी उनमें से एक है। यह पांच बार के विधायक और तीन बार के सांसद स्व. मित्रसेन यादव का परिवार है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से अपना राजनीतिक कैरियर शुरू करने वाले मित्रसेन भाकपा के साथ ही सपा और बसपा से भी जनप्रतिधि चुने गए। श्री यादव का लंबा राजनीतिक इतिहास है। 20 सदीं में वह चार बार विधायक और दो बार सांसद रहे। 21 सदीं में भी एक बार विधायक और एक बार सांसद रहे। उनके छोटे पुत्र आनंद सेन यादव तीन बार विधायक और प्रदेश में मंत्री रहे। सन् 2019 का लोकसभा चुनाव और 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा लेकिन दोनों बार हार गए। आनंद सेन यादव का बेटा हैरिंग्टनगंज से ब्लाक प्रमुख है। इसके पहले स्व. मित्रसेन की दोनों पुत्र बधुएं प्रियंका सेन और इंदू सेन ब्लाक प्रमुख रह चुकी है।

कई दशक से शायद ही ऐसा कोई चुनाव रहा हो, जिसमें सेन परिवार का दखल न रहा हो। लोकसभा चुनाव घोषणा हुई। सेन परिवार के समर्थकों को उम्मीद थी कि किसी न किसी को टिकट मिलेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। राजनीतिक हल्के में सेन परिवार को लेकर चर्चा तेज रही। समर्थक अपनी राह खोजने लगे थे। लेकिन इस बीच स्व. मित्रसेन के बड़े बेटे अरविंद सेन ने फैजाबाद से लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। अब समर्थकों को सहेजने और प्रचार में लग गए हैं।

### सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी हैं अरविंद सेन

**अयोध्या।** आईपीएस अफसर रहे अरविंद सेन, स्व. मित्रसेन यादव के बड़े बेटे हैं। बातचीत में उन्होंने कहा कि वह भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। टिकट की घोषणा अभी नही हुई है। टिकट में कुछ इधर-उधर होने के सवाल पर उनका कहना है कि मैं चुनाव मैदान छोड़ूंगा नहीं।

कहते हैं कि बाबू जी (मित्रसेन यादव) की जीवन पर्यन्त पहचान कम्युनिष्ट ही रही है। देश काल, परिस्थिति के चलते उन्होंने कोई फैसला लिया हो, यह अलग बात है। अब उनकी पहचान और परिवार की प्रतिष्ठा को कुछ लोग ठेस पहुंचा रहे हैं। उसे मिटाने की कोशिश कर रह हैं। उनकी प्रतिष्ठा और सम्मान की सुरक्षा में कुछ भी करना पड़ेगा तो करेंगे। 33 साल की सेवा के बाद अपमानित होकर लौटा। (किसी मामले में उन्हें जेल जाना पड़ा था) तो यहां भी अपमान करने जैसी स्थिति मिली। इसके लिए संघर्ष करना है। परिणाम चाहे कुछ भी हो, उसकी सुरक्षा, संरक्षा करना है। अपने लोगों को पहचानना है। उनके सम्मान को बचाने के लिए प्रयास करेंगे। टिकट इधर-उधर होने के सवाल पर उनका दो टूक कहना था कि इसकी उम्मीद नहीं है लेकिन मैं अब चुनाव मैदान छोड़ूंगा नहीं। छोड़ने पर तमाम तरह के आरोप लगेंगे। अब भी आरोप लग रहे। मुकदमा वापस लेने के लिए आए। लेकिन हमारी थाती को जस तरह से डैमेज किया जा रहा है। उसके लिए संघर्ष करूंगा। मुद्दों की सियासत की चर्चा करते हैं। नई पीढ़ी को सियासत का नया मार्ग दिखाना चाहते हैं।



अरविंद सेन

# बहराइच लोकसभा सीट से सिर्फ दो महिला प्रत्याशियों को मिला टिकट, दर्ज की जीत

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचार** : महिलाओं को आगे बढ़ाने की दंभ भरने वाली पार्टियां भी लोकसभा चुनाव में महिलाओं को टिकट नहीं दे रहे हैं। अब तक के इतिहास पर नजर डाले तो वर्ष 1952 से हो रहे लोकसभा चुनाव में सिर्फ दो बार ही महिला प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा गया है। दोनों बार महिला प्रत्याशियों ने जीत का परचम लहराते हुए सदन में क्षेत्र की आवाज को बुलंद की। महिला सुरक्षा और भागीदारी को लेकर सभी पार्टियां अपना अपना दावा करती हैं। भाजपा की ओर से इस बार संसद में महिला सुरक्षा बिल भी पारित किया गया है। इसके बाद भी बहराइच लोकसभा सीट से महिला प्रत्याशियों की भागीदारी काफी कम मात्रा में रही। भाजपा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की ओर से सिर्फ पुरुष प्रत्याशियों को ही तवज्जो दिया गया है। ऐसे में सभी पार्टियों की ओर से महिलाओं को बढ़ावा देने और उनकी हिस्सेदारी पर बात करने वाले लोगों पर सवाल उठ रहा है। बहराइच लोकसभा सीट में विधान सभा बहराइच, महसी, नानपारा और मटेरा विधान सभा क्षेत्र की जनता मतदान करती है। लेकिन 71 साल के लोकसभा चुनावों में अब तक सिर्फ दो महिला प्रत्याशियों को ही चुनाव मैदान में उतारा गया है। जिसमें भाजपा से वर्ष 2014 में साध्वी सावित्री बाई फुले और सपा ने वर्ष 2004 में रूबाब सईदा को प्रत्याशी बनाया था। दोनों ने अपनी अपनी सीट पर जीत भी दर्ज की थी। सपा से जीत दर्ज करने वाली रूबाब सईदा का इसी वर्ष निधन भी हो चुका है। बहराइच लोक सभा सीट पर 15 वर्ष पूर्व कोई भी चुनाव लड़ सकता था। लेकिन 15 वर्ष पूर्व लोक सभा सीट को 25 वर्ष के लिए आरक्षित कर दिया गया था। जिसमें अब दो चुनाव के बाद पुन: आरक्षण हटाकर सामान्य बन सकती है।



सावित्री बाई फुले



रूबाब सईदा

**परिसीमन के बाद जीते प्रत्याशी**

| प्रत्याशी | पार्टी | वर्ष |
|---|---|---|
| कमल किशोर | कांग्रेस | 2009 |
| सावित्री बाई फुले | भाजपा | 2014 |
| अक्षयवर लाल गोंड | भाजपा | 2019 |

- **वर्ष 1952 से चल रहे चुनाव में भाजपा और सपा छोड़ किसी ने नहीं दिखाई रुचि**
- **सभी लोकसभा चुनाव में पुरुषों को दिया गया ज्यादा तवज्जो**

# भाजपा के समक्ष होगी बाराबंकी पर कब्जा बरकरार रखने की चुनौती

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार** : भारतीय जनता पार्टी ने 53 बाराबंकी लोकसभा सीट से आखिरकार प्रत्याशी की घोषणा कर सभी कयासों पर विराम लगा दिया है। पार्टी ने अनुभव को तरजीह देते हुए पूर्व विधायक और मौजूदा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने अपनी पांचवीं सूची में बाराबंकी से राजरानी रावत के नाम का ऐलान किया है। बाराबंकी से मौजूदा सांसद उपेंद्र सिंह रावत को टिकट मिलने के बाद उनका कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। विवाद बढ़ने पर बीजेपी आलाकमान के नकेल पर सांसद उपेंद्र रावत ने चुनाव न लड़ने का फैसला ऐलान किया था। जिसके बाद से डैमेज कंट्रोल करने के लिए बीजेपी नए चेहरे की तलाश में थी। सोमवार को होली के दिन राजरानी रावत के नाम के ऐलान के साथ तमाम अटकलों पर विराम लग गया है।

वहीं बीते शनिवार को सपा कांग्रेस के गठबंधन के बाद कांग्रेस के हिस्से में आई बाराबंकी सीट से तनुज पुनिया पर कांग्रेस ने भरोसा जताया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया अपने पिता की राजनीतिक विरासत संभालने के लिए चौथी बार चुनाव मैदान में होंगे। वरिष्ठ आईएएस रहे डॉ. पीएल पुनिया ने सेवानिवृति के बाद बाराबंकी को ही अपनी राजनीति का केंद्र और कर्मस्थली बनाया। वह यहां से लोकसभा के सांसद भी रहे। पीएल पुनिया ने जिले में कांग्रेस को मजबूत किया। इनके पुत्र तनुज रुड़की से आईआईटी रुड़की से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद विदेश भी पढ़ने गए। पीएल पुनिया उन्हें अपना उत्तराधिकारी बना रहे हैं। वह प्रियंका गांधी की यूथ टीम के सदस्य भी हैं। 2017 में तनुज पुनिया ने जैदपुर सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ कर अपना राजनीतिक सफर शुरु किया था लेकिन पहले चुनाव में मिली हार के बाद भी तनुज पुनिया सक्रिय रहे। इसीलिए कांग्रेस नेतृत्व 2022 फिर से ज़ैदपुर सीट से प्रत्याशी बनाया था लेकिन जीत नसीब नहीं हुई। वहीं 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने तनुज को लोकसभा का टिकट दिया। यह चौथा मौका है जब कांग्रेस ने पुनिया पर भरोसा जताते हुए उनके पुत्र तनुज को टिकट देकर एक बार फिर दांव लगाया गया है। प्रमुख दोनों दलों के प्रत्याशियों के नाम सामने आने के बाद अब देखना है जिले की जनता राजरानी रावत को सांसद बनने का ताज पहनाती है या तनुज के सिर पर हाथ रखकर जीत का आर्शीवाद देती है।

**19 लाख मतदाता करेंगे फैसला** : इन दोनों में किसके सिर पर जीत का सेहरा बंधेगा। यह तो 20 मई को होने वाले मतदान के बाद 4 जून की मतगणना के दिन मालूम होगा। 19 लाख 11 हजार 666 मतदाताओं द्वारा इन दोनों में किसे सबसे अधिक पंसद किया जाएगा यह समय बताएगा। इस बार जहां युवाओं के लिए तनुज एक अलग छाप छोड़ सकते हैं वहीं राजरानी रावत महिलाओं के वोट हासिल करने में सफलता मिल सकती है। 10 लाख 10 हजार 81 पुरुष तो 9 लाख एक हजार 518 महिलाओं के साथ 67 थर्ड जेंडर मतदाता वोट करेंगे।



राजरानी रावत



तनुज पुनिया

- **भाजपा से राजरानी और गठबंधन से कांग्रेसी नेता तनुज पुनिया की होगी टक्कर**
- **बाराबंकी लोकसभा सीट पर दोनों प्रमुख दलों ने घोषित किए प्रत्याशी**

### डीडीसी से शुरू हुआ था राजरानी रावत का राजनीतिक सफर

- राजरानी जहां करीब ढाई दशक से राजनीति में सक्रिय हैं।
- 1995 में निदूरा प्रथम से जिला पंचायत सदस्य (डीडीसी) चुनी गईं।
- 1996 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा, लेकिन सपा प्रत्याशी से हार गईं।
- 2000 में निदूरा तृतीय से दोबारा जिला पंचायत सदस्य चुनीं गईं।
- 2002 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की।
- 2007 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ीं और बसपा प्रत्याशी से शिकस्त मिली।
- 2014 में सपा प्रत्याशी के रूप लोकसभा चुनाव लड़ीं। भाजपा की प्रियंका सिंह रावत ने शिकस्त दी।
- अप्रैल 2019 में भाजपा में घर वापसी की।
- 2021 में निदूरा चतुर्थ से डीडीसी सदस्य चुनी गईं।
- मौजूदा समय में बाराबंकी जिला पंचायत अध्यक्ष हैं राजरानी रावत।

# जब भाजपा ने बिना लड़े गंवा दी थी सुलतानपुर सीट

## गोंडा के वरिष्ठ नेता सत्यदेव सिंह का पर्चा हो गया था खारिज

अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर

**अमृत विचार** : राम लहर में सुलतानपुर सीट पर भाजपा ने लगातार तीन बार जीत दर्ज की थी। चौथी बार भाजपा बिना लड़े ही सीट गंवा दी थी और वाक ओवर देते हुए सीट बसपा के खाते में डाल दी। जिसका खामियाजा भाजपा को दो और चुनाव में भुगतना पड़ा और उसे हार मिली।

1991 में अयोध्या के संत विश्वनाथ दास शास्त्री ने पहली बार रामलहर में सुलतानपुर संसदीय सीट पर जीत दर्ज भाजपा का खाता खोला। हालांकि1996 में पार्टी ने उनको मौका नहीं दिया। उनके स्थान पर विवादित ढांचा ध्वंस के समय फैजाबाद (अब अयोध्या) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रहे देवेंद्र बहादुर राय (डीबी राय) को प्रत्याशी बनाया था। डीबी राय ने 1996 और फिर 1998 में इस सीट पर पार्टी का कब्जा बरकरार रखा। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार के एक वोट से गिरने के बाद 1999 में एक बार फिर लोकसभा चुनाव हुआ। इसमें पार्टी ने फिर अपना प्रत्याशी बदल दिया। 1999 के चुनाव में गोंडा निवासी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्यदेव सिंह सुलतानपुर से उम्मीदवार थे। नामांकन के आखिरी दिन उन्होंने पर्चा दाखिल किया था। तत्कालीन जिलाधिकारी/निर्वाचन अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने उसे विलंब होने के आधार पर खारिज कर दिया था। इस मुद्दे पर काफी विवाद हुआ था।

उस समय कल्याण सिंह राज्य के मुख्यमंत्री थे, लेकिन पार्टी को उनसे कोई सहायता नहीं मिल सकी थी। तीन बार से जीती जा रही सीट पर पार्टी प्रत्याशी के बिना लड़े ही मैदान से बाहर हो जाने के कारण भाजपा नेता कार्यकर्ता काफी निराश हुए थे। बसपा ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाया। भाजपा की लोक सभा चुनाव में नमौजूदगी ने बसपा का काम आसान कर दिया। बसपा प्रत्याशी जयभद्र सिंह ने इस चुनाव में जीत हासिल कर सुलतानपुर लोकसभा सीट पर यहां बसपा का खाता खोला। इसके बाद बसपा का सिलसिला चल पड़ा। बसपा ने 2004 में ताहिर खान को उम्मीदवार बनाया था। पार्टी के भरोसे पर खरे उतरते हुए ताहिर ने जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी डा वीना पांडेय जमानत नहीं बचा सकी। 2009 के चुनाव में भाजपा ने सूर्यभान सिंह को प्रत्याशी बनाया तो कांग्रेस के डा संजय सिंह चुनाव जीत गए। हालांकि, मोदी लहर में 2014 में वरुण गांधी ने रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कर एक बार फिर सीट भाजपा के खाते में डाल दिया। 2019 के लोक सभा चुनाव में मेनका गांधी को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया। वे भी सुलतानपुर सीट पर जीत दर्ज की।इस बार भी मेनका गांधी ही चुनाव मैदान में हैं।



सत्यदेव सिंह





**सुलतानपुर सीट पर 1999 में हुए चुनाव के आंकड़े**

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| जय भद्र सिंह | बसपा | 1,73,558 |
| राम लखन वर्मा | सपा | 1,58,959 |
| पवन पांडे | निर्दलीय | 1,29,525 |
| दीपा कौल | कांग्रेस | 82,385 |



मेनका गांधी

## भाजपा व सपा का प्रत्याशी घोषित बसपा का इंतजार

**अमृत विचार, सुलतानपुर** : लंबी कवायद के बाद बहुप्रतीक्षित भारतीय जनता पार्टी ने सुलतानपुर लोकसभा सीट से सांसद मेनका संजय गांधी को फिर से प्रत्याशी बनाया है। उनके प्रत्याशी बनने पर काफी दिनों से उठा पटक चल रही थी। टिकट मिलने के बाद अब जिलेवासियों को उनके सुलतानपुर आने का इंतजार है। उनके जिले में आने की अभी तक कोई अधिकृत सूचना नहीं जारी हुई है। समाजवादी पार्टी ने बीते दिनों ही भीम निषाद को अपना प्रत्याशी बनाकर भेजा है। भीम निषाद अंबेडकरनगर के निवासी है और यहां के लिए नया चेहरा हैं। फिर भी वे जिले में अपना चुनाव प्रचार शुरू कर दिया हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी की ओर से अभी तक प्रत्याशी चयन पर मुहर नहीं लगी है। बसपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# मुंबई में रहते हैं सबसे ज्यादा अरबपति

## हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार भारतीयों ने चीन के बीजिंग को भी पीछे छोड़ा

मुंबई, एजेंसी



भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई ने अरबपतियों की संख्या के मामले में चीन के बीजिंग को भी पीछे छोड़ दिया है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक अरबपति मुंबई में रहते हैं। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, मुंबई में कुल 92 अरबपतियों के आवास हैं, जबकि बीजिंग में यह संख्या 91 है।

सूची के अनुसार, भारत में 271 अरबपति हैं, जबकि चीन में यह संख्या 814 है। वैश्विक अमीरों की यह सूची भारत में बढ़ती असमानता पर चिंता व्यक्त करने वाली एक रिपोर्ट के कुछ दिन बाद आई है। 'भारत में आय और धन असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाले एक पत्र के अनुसार, भारत में शीर्ष एक प्रतिशत आबादी के पास 2023 में 40 प्रतिशत संपत्ति थी, जबकि 2000 की शुरुआत में यह आंकड़ा 22.6 प्रतिशत था। हुरुन की रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी ने 115 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय के रूप में बरकरार हैं। अंबानी की संपत्ति में पिछले साल 33 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि एक शॉर्ट सेलर की रिपोर्ट के बाद हुए नुकसान की कुछ हद तक भरपाई करने में गौतम अडाणी सफल रहे हैं और पिछले साल उनकी कुल संपदा में 62 प्रतिशत का इजाफा हुआ।

वैश्विक स्तर पर, टेस्ला के मालिक एलन मस्क इस सूची में शीर्ष पर हैं। अंबानी 231 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में 10वें स्थान पर हैं। अडाणी 15वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि नए अरबपतियों के मामले में भारत से सूची में 94 नए नाम शामिल हुए, जबकि चीन से 55 नए नाम शामिल हुए।

### बीते साल 50 करोड़ रुपये या उससे अधिक कीमत के लक्जरी घरों की बिक्री 51 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** बीते कैलेंडर साल 2023 में मजबूत मांग के चलते 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री मूल्य के हिसाब से 51 प्रतिशत बढ़कर 4,319 करोड़ रुपये हो गई। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले कम से कम 45 मकान 2023 में 4,319 करोड़ रुपये में बेचे गए। कैलेंडर वर्ष 2022 में इस मूल्य वर्ग में 2,859 करोड़ रुपये मूल्य के कम से कम 29 मकान बिके थे। जेएलएल के अनुसार, इन लक्जरी मकानों में बंगला और अपार्टमेंट दोनों शामिल हैं। इसमें प्राथमिक बाजार और पुन बिक्री लेनदेन भी शामिल हैं। इसमें कोई उपहार और संयुक्त उद्यम लेनदेन शामिल नहीं हैं। जेएलएल इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री एवं अनुसंधान प्रमुख सामंतक दास ने कहा-2023 में बेचे गए 45 लक्जरी मकानों में से 14 मकान 100 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत के थे। इनमें से अधिकतर (79 प्रतिशत) मुंबई में बेचे गए।

### एलआईसी को 39.39 लाख रुपये का जीएसटी मांग नोटिस मिला

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) पर कर अधिकारियों ने 2017-18 के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कम भुगतान के लिए लगभग 39.39 लाख रुपये का मांग नोटिस भेजा है। बीमा कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को तीन जनवरी, 2024 को केंद्रीय जीएसटी, गांधीनगर के अतिरिक्त आयुक्त से ब्याज और जुर्माने के लिए एक संचार/मांग आदेश प्राप्त हुआ है। कंपनी ने कहा कि उसने 26 मार्च, 2024 को आयुक्त (अपील), अहमदाबाद के समक्ष वित्त वर्ष 2017-18 के लिए 19,64,584 रुपये के जीएसटी और जुर्माने तथा ब्याज के साथ 19,74,584 रुपये के नोटिस के खिलाफ अपील दायर की है।

## इरडा ने किया पॉलिसी सरेंडर से संबंधित नियमों में बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया

बीमा नियामक इरडा ने इंश्योरेंस सेक्टर की कंपनियों और ग्राहकों के लिए बड़ी खबर दी है। इरडा के नए नियमों के तहत पालिसी सरेंडर की अवधि से सरेंडर वैल्यू तय होगी। आसान शब्दों जितनी अधिक पालिसी सरेंडर की अवधि होगी उतनी अधिक सरेंडर वैल्यू मिलेगी। ये नए नियम 1 अप्रैल, 2024 से लागू होने वाले हैं। बीमा नियामक इरडा ने कई नियमों को नोटिफाई किया है। इसमें बीमा पॉलिसी वापस या सरेंडर करने से जुड़ा शुल्क भी शामिल है। इसमें बीमा कंपनियों को ऐसे चार्ज का खुलासा पहले ही करना होता है। पहले बीमा कंपनियां सरेंडर में केवल जमा ही लौटाती थीं, उसमें भी मनमाने नियम और अवधि लागू होती थी।

इरडा (बीमा उत्पाद) विनियमन, 2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया गया है। इसका उद्देश्य बीमा कंपनियों को उभरती बाजार मांग के अनुसार तेजी से कदम उठाने में सक्षम बनाना, कारोबार सुगमता को बेहतर करना और बीमा को बढ़ावा देना है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने कहा कि ये नियम उत्पाद डिजाइन और मूल्य निर्धारण में बेहतर कामकाज को बढ़ावा देते हैं। इसमें पॉलिसी वापसी पर गारंटीशुदा मूल्य और विशेष वापसी मूल्य से जुड़े नियमों को मजबूत करना शामिल है। नए नियम एक अप्रैल, 2024 से प्रभाव में आएंगे। यह निर्धारित करते हैं कि यदि पॉलिसी खरीद के तीन साल के भीतर लौटाई या वापस की जाती है, तो वापसी मूल्य समान या उससे भी कम रहने की संभावना है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 77,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 68,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 51,200-51,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 66,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 65,400 |
| चांदी पक्की | 742 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 66,300 |
| चांदी आभूषण | 74,800। |

## चालू वित्त वर्ष के पहले 11 माह में रूस को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात हुआ दोगुना

कोलकाता, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले 11 माह यानी फरवरी तक रूस को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात दोगुना होकर 1.22 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पिछले वित्त वर्ष में भारत से रूस को इंजीनियरिंग निर्यात 61 करोड़ 66.8 लाख डॉलर का रहा था। ईईपीसी ने बयान में कहा कि इस अवधि के दौरान अमेरिका को निर्यात सालाना आधार पर सात प्रतिशत घटकर 15.95 अरब डॉलर का रह गया है। चीन के मामले में, यह मामूली घटकर 2.38 अरब डॉलर रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 2.40 अरब डॉलर रहा था। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया को निर्यात सकारात्मक रहा। इन देशों के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है। फरवरी तक, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए निर्यात सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 5.22 अरब डॉलर का हो गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए निर्यात पांच प्रतिशत बढ़कर 1.30 अरब डॉलर का रहा।

### सरकार की नीतियों से चीनी कीमतों में स्थिरता

**नई दिल्ली।** चीनी क्षेत्र के लिए सरकार की नीतियों ने पिछले कुछ वर्षों में घरेलू बाजारों में चीनी की खुदरा कीमतों में स्थिरता और गन्ना किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सरकार की नीति सुसंगत बनी हुई है, देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए नीतियों को गतिशील और लचीला होना चाहिए क्योंकि गन्ने की फसल कृषि-जलवायु परिस्थितियों पर निर्भर करती है। कहा-यह ध्यान रखना उचित है कि भारत में चीनी की कीमतें स्थिर रही हैं, जबकि चीनी की वैश्विक कीमतों में अभूतपूर्व अस्थिरता देखी गई, जो वर्ष 2023 में 13 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है।

## एसएंडपी ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- एजेंसी ने 2024-25 के लिए 6.4% से बढ़ाकर 6.8% कर दिया



एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर मंगलवार को 6.8 प्रतिशत कर दिया। अमेरिका स्थित एजेंसी ने पिछले साल नवंबर में मजबूत घरेलू गति के बीच वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वृद्धि 6.4 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.6% की वृद्धि होने का अनुमान है। एसएंडपी ने एशिया प्रशांत के लिए अपने 'इकोनॉमिक आउटलुक' में कहा-एशियाई उभरती बाजार (ईएम) अर्थव्यवस्थाओं के लिए हम आम तौर पर मजबूत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, जिसमें भारत, इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम अग्रणी हैं। एजेंसी के अनुसार, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़े पैमाने पर घरेलू मांग-आधारित अर्थव्यवस्थाओं में घरेलू खर्च करने की क्षमता पर उच्च ब्याज दरों और मुद्रास्फीति के प्रभाव ने दूसरी छमाही में क्रमिक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को कम किया है। एसएंडपी ने कहा-हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 (मार्च 2025 को समाप्त) में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत हो जाएगी।

**चालू खाते का घाटा घटकर 10.5 अरब डॉलर पर:** देश का चालू खाता का घाटा (कैड) चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 10.5 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.2 प्रतिशत रहा है। आरबीआई के जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### लट्ठमार होली की उद्घोषणा करके फंसी महिला उप निरीक्षक

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर में होली के त्योहार पर पुलिस के वाहन से उद्घोषणा के जरिए आम लोगों को ''पुलिस की लट्ठमार होली'' की चेतावनी देना एक महिला उप निरीक्षक को महंगा पड़ सकता है। इस उद्घोषणा का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद उप निरीक्षक से जवाब-तलब किया गया है। वीडियो में महिला उप निरीक्षक कहती सुनाई पड़ रही हैं, जनता से निवेदन है कि आचार संहिता का ध्यान रखें। अपने-अपने घर चले जाएं। चार बजे (शाम) तक होली खेलने का समय निर्धारित किया गया था। अपने घर पर रहें, वरना पुलिस द्वारा लट्ठमार होली का आयोजन किया जाएगा।

### मुंबई की इमारत में लगी आग, 50 लोगों को सुरक्षित बचाया गया

**मुंबई।** मुंबई के उपनगरीय मुलुंड इलाके में छह मंजिला कॉर्पोरेट पार्क इमारत में मंगलवार की सुबह आग लग गई लेकिन समय रहते करीब 50 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला लिया गया और इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि आग पूर्वाह्न नौ बजकर करीब 25 मिनट पर छठी मंजिल पर लगी और इमारत में धुआं भरने की वजह से विभिन्न मंजिलों पर लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि सीढ़ियों की मदद से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# लाइसेंस रद करने में केंद्र से जवाब-तलब

## दिल्ली उच्च न्यायालय में सीपीआर ने एफसीआरए को लेकर दायर की है याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी




दिल्ली उच्च न्यायालय ने सार्वजनिक 'थिंक-टैंक' सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर) की उस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है जो उसने एफसीआरए लाइसेंस रद्द करने के खिलाफ दायर की है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने पिछले सप्ताह पारित एक आदेश में केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ संगठन की अपील पर नोटिस जारी किया और उसके वकील को दो सप्ताह में एक संक्षिप्त जवाब दाखिल करने का समय दिया। आदेश में कहा गया है कि सरकार के वकील ने अपील का "जोरदार विरोध" किया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 10 जनवरी को भारत के आर्थिक हितों को प्रभावित करने और विकास परियोजनाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों और कानूनी लड़ाई में सहायता के लिए विदेशी धन का कथित रूप से दुरुपयोग करने के लिए सीपीआर के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण को रद्द कर दिया। जब किसी संगठन का एफसीआरए पंजीकरण रद्द या निलंबित किया जाता है, तो उसे विदेश या विदेशी दानदाताओं से कोई भी धन प्राप्त करने से रोक दिया जाता है।

सार्वजनिक 'थिंक-टैंक' ने सरकार के कदम को "समझ से बाहर और अनुपातहीन" करार दिया है। सीपीआर का एफसीआरए लाइसेंस आखिरी बार 2016 में नवीनीकृत किया गया था और 2021 में नवीनीकरण होना था। सितंबर 2022 में आयकर विभाग द्वारा एक सर्वेक्षण किए जाने के बाद 'थिंक-टैंक' जांच के दायरे में आया। इसका एफसीआरए लाइसेंस फरवरी 2023 में 180 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था जिसे बाद में 180 दिन के लिए बढ़ा दिया गया था।

### न्यायालय का वनों की सुरक्षा के लिए केंद्र को निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है, जिसमें पूछा गया था कि क्या राष्ट्रीय राजधानी में वन क्षेत्र को जमीन कब्जाने वाले और भू-माफियाओं की अवैध गतिविधियों या अतिक्रमण से बचाने के लिए किसी तरह के सुरक्षा बल तैनात किए जा सकते हैं। अदालत का यह निर्देश उस याचिका पर आया जिसमें केंद्र सरकार को दिल्ली सरकार के वन एवं वन्यजीव विभाग में पर्याप्त संख्या में भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारियों को तैनात करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने जवाब में कहा कि वन अधिकारियों को जमीन कब्जाने वालों और माफियाओं से लगातार धमकी मिलती रहती है और वन क्षेत्रों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को तैनात करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। हालांकि, केंद्र की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि सीआईएसएफ नियम ऐसी तैनाती की अनुमति नहीं देते हैं।

### सेना प्रमुखों ने मनाया बांग्लादेश का 53वां स्वतंत्रता दिवस...



भारत के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बांग्लादेश के बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के बाहरी इलाके में बांग्लादेश के 53वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न के दौरान फल और मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। • एजेंसी

## भाजपा ने कांग्रेस नेताओं को हिमाचल गुजरात के उपचुनावों में बनाया उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को विभिन्न राज्यों के उपचुनावों के लिए अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। पार्टी ने हाल ही में अयोग्य ठहराए गए कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों को हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पिछले दिनों इन विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। कांग्रेस सहित अन्य दलों से हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायकों को पार्टी ने गुजरात में उम्मीदवार बनाया है। इनमें चार कांग्रेस के हैं। गुजरात में भाजपा ने अर्जुन मोधवाडिया, चतुरसिंह चावड़ा और अरविंद लाडानी को उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने सिक्किम विधानसभा की नौ सीटों के अलावा पश्चिम बंगाल की दो और कर्नाटक की एक सीट पर उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी।

## निःशुल्क दवाओं की न हो कोई कमी : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- मोहल्ला क्लीनिक को लेकर ईडी की हिरासत से दिया निर्देश

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी के मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में दवाओं और जांच की सुविधा की कमी को दूर करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से निर्देश जारी किए हैं।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। यह ईडी की हिरासत से केजरीवाल द्वारा जारी किया गया दूसरा निर्देश है। बाद में दिन में भारद्वाज ने कहा कि बुधवार को दिल्ली विधानसभा का सत्र आहूत किया गया है। भारद्वाज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कल दिल्ली विधानसभा का सत्र है। मुख्य सचिव को आदेश दिया है कि अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक में मुफ्त दवाइयों और मुफ्त जांच की स्थिति बताएं और यदि कोई कमी हो तो उसको ठीक करने का पूरी योजना लेकर आएं ताकि में विधानसभा को सूचित कर सकूं। मुख्यमंत्री के आदेश का विवरण साझा करते हुए भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में स्वास्थ्य सेवा हमेशा अरविंद केजरीवाल की प्राथमिकता रही है।

## गांधी परिवार के साथ संबंध होने के चलते वरुण को लिए टिकट नहीं दिया : अधीर

**बहरामपुर (प.बंगाल)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को दावा किया कि गांधी परिवार से संबंध होने के कारण भाजपा ने वरुण गांधी को लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं दिया। उन्होंने वरुण गांधी को कांग्रेस में शामिल होने का न्योता भी दिया। चौधरी ने वरुण को एक "दबंग नेता" बताया और कहा कि वह एक साफ छवि वाले पढ़े लिखे व्यक्ति हैं। निवर्तमान लोकसभा में कांग्रेस के नेता चौधरी ने कहा-वह एक दबंग नेता और बहुत शिक्षित व्यक्ति हैं। उनकी छवि साफ-सुथरी है। वरुण का गांधी परिवार से संबंध है। यही कारण है कि भाजपा ने उन्हें (लोकसभा चुनाव के लिए) टिकट देने से इनकार कर दिया। मुझे लगता है कि उन्हें (कांग्रेस में शामिल होने) आना चाहिए, हमें बहुत खुशी होगी।

## मोदी के खिलाफ अपशब्द बोल रहे विपक्षी इनको रोके निर्वाचन आयोग : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- आचार संहिता उल्लंघन पर समान दृष्टिकोण अपनाए आयोग

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ तमिलनाडु की मंत्री अनिता राधाकृष्णन समेत विपक्षी नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों और उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होने का मुद्दा उठाया। पार्टी ने निर्वाचन आयोग से चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के खिलाफ स्वयं ही कड़े कदम उठाने का अनुरोध किया। भाजपा ने आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में विभिन्न राज्यों में चुनाव अधिकारियों के 'अलग-अलग' रुख अपनाए जाने का जिक्र किया और दावा किया कि कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में नेताओं के खिलाफ ज्यादा कुछ नहीं किया गया है। इन सभी राज्यों में भाजपा की प्रतिद्वंद्वी पार्टियों की सरकार है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और महासचिव विनोद तावड़े सहित भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस 'विसंगति' को रेखांकित करने के लिए निर्वाचन आयोग से मुलाकात की। तावड़े ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी नेता लगातार मोदी के विरुद्ध अपशब्द कह रहे हैं और महिला शक्ति तथा भारतीय संस्कृति को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया अभी शुरू हुई है और आयोग को आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तमिलों के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी के लिए कर्नाटक से लोकसभा चुनाव लड़ रहीं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई लेकिन तमिलनाडु के एक मंत्री और द्रमुक नेता की आपत्तिजनक टिप्पणी की कोई निंदा नहीं की गई। इस संदर्भ में तावड़े ने शिवसेना नेता संजय राउत द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना मुगल बादशाह औरंगजेब से करने पर भी प्रकाश डाला, जिसे कई धार्मिक कट्टरपंथी मानते हैं।

### हेमंत सोरेन की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में 1 अप्रैल को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस याचिका पर एक अपैल को सुनवाई करने वाला है, जिसमें विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार करने के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी.विश्वनाथन की पीठ सोरेन की याचिका पर सुनवाई करेगी, जिन्हें धन शोधन के एक मामले में 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। सोरेन ने 23 फरवरी से शुरू और दो मार्च को संपन्न हुए विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने देने की झारखंड उच्च न्यायालय से अनुमति मांगी थी।

## कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती और भाजपा भटकाना

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रोजगार के मुद्दे को लेकर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उनकी पार्टी युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना चाहती है।


राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नरेन्द्र मोदी जी, क्या आपके पास रोजगार के लिये कोई योजना थी भी? यही सवाल आज हर युवा की जुबान पर है। गली-गली, गांव-गांव भाजपा वालों से पूछा जा रहा है- आखिर हर साल दो करोड़ नौकरी देने का झूठ क्यों बोला गया था?'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 'युवा न्याय' के तहत रोजगार क्रांति का संकल्प लिया है। कांग्रेस नेता के अनुसार- हमारी गारंटी है कि हम सरकार में आते ही 30 लाख सरकारी पदों को भरेंगे, हर शिक्षित युवा को 'पहली नौकरी पक्की' योजना के तहत 1 लाख रुपये सालाना की नौकरी देंगे और कानून बना कर पेपर लीक से मुक्ति दिलाएंगे। राहुल गांधी ने कहा, ''यह वक्त दो विचारधाराओं की नीतियों के फर्क को पहचानने का है। कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना। भ्रम का जाल तोड़ कर युवाओं को अपने ही हाथों अपनी तकदीर बदलनी होगी।

### अरुणाचल पर चीन के दावे का खंडन करे सरकार



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है और मोदी सरकार को चीन द्वारा इस राज्य पर दावा किए जाने का बहुत सख्ती से खंडन करना चाहिए। चीन ने सोमवार को एक बार फिर यह दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश ''हमेशा'' उसका क्षेत्र रहा है। हालांकि भारत ने बीजिंग के दावे को ''बेतुका'' और ''हास्यास्पद'' बताकर खारिज कर दिया। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा, ''कांग्रेस अरुणाचल प्रदेश पर चीन के किसी भी दावे की कड़ी निंदा और विरोध करती है। यह एक महीने में चौथी बार है, जब चीन ने पूरी तरह से हास्यास्पद और बेतुके दावे किए हैं।'' खरगे का कहना है कि स्थानों का नाम बदलकर और दूसरे देशों से संबंधित क्षेत्रों के नक्शे दोबारा बनाकर बेतुके दावे करने में चीन का रिकॉर्ड सर्वविदित है।

# शिवम के अर्धशतक से सीएसके 200 पार




**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शिवम दूबे (51 रन) के अर्धशतक से मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ छह विकेट पर 206 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। सीएसके के लिए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और रचिन रविंद्र ने 46-46 रन का योगदान तथा पहले विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी कर शानदार शुरूआत करायी। गुजरात टाइटन्स के लिए राशिद खान ने दो विकेट झटके जबकि साई किशोर, स्पेंसर जॉनसन और मोहित शर्मा को एक एक विकेट मिला। खबर लिखे जाने तक गुजरात ने 8.3 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 65 रन बना लिए थे। साई सुदर्शन 15 रन बनाकर क्रीज पर थे। वहीं गुजरात के कप्तान शुभमन गिल, रिद्धीमान साहा और विजय शंकर आउट होकर पवेलियन जा चुके थे।

चेपॉक स्टेडियम में सोमवार को गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 206 रन बनाए। रचिन रवींद्र (20 बॉल पर 46 रन) और शिवम दुबे (23 बॉल पर 51 रन) ने विस्फोटक पारियां खेलीं, जबकि कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 36 बॉल पर 46 रन का योगदान दिया। अजिंक्य रहाणे ने 12 गेंदों पर 12 रन, समीर रिज्वी ने 6 गेंदों पर 14 रन, रविंद्र जडेजा ने 3 गेंदों पर 7 रन और डेरिल मिशेल ने 20 गेंदों पर नाबाद 24 रनों की पारी खेली। गुजरात की तरफ से राशिद खान ने दो विकेट झटके। वहीं साई किशोर, स्पेंसर जॉनसन और मोहित शर्मा ने एक-एक विकेट लिए।

दूबे की पारी शानदार रही जिसमें उन्होंने साई किशोर पर दो गगनचुंबी छक्के जड़े और जॉनसन की गेंद पर भी छक्का जमाया। दूबे ने डेरिल मिचेल (20 गेंद में 24 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 5.5 ओवर में 57 रन की साझेदारी निभायी। जवाब में खेलते उतरी गुजरात टाइटंस को कप्तान शुभमन गिल, रिद्धीमान साहा और विजय शंकर के विकेट के रूप में तीन झटके लग चुके थे।

### अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +1.000 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | -0.779 |
| गुजरात टाइटंस | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.300 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.200 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.180 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.200 |
| मुंबई इंडियंस | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.300 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.455 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |

### चेन्नई सुपर किंग्स :

| | |
|---|---|
| ऋतुराज का साहा बो जॉनसन | 46 |
| रचिन स्ट साहा बो राशिद खान | 46 |
| रहाणे स्ट साहा बो साई किशोर | 12 |
| शिवम का शंकर बो राशिद खान | 51 |
| डेरिल मिचेल रन आउट | 24 |
| समीर रिज्वी का मिलर बो शर्मा | 14 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 07 |

**अतिरिक्त** : 06

**कुल** : 20 ओवर में छह विकेट 206 रन

**गेंदबाजी** : अजमतुल्लाह ओमरजई 3-0-30-0, उमेश यादव 2-0-27-0, राशिद खान 4-0-49-2, साई किशोर 3-0-28-1, स्पेंसर जॉनसन 4-0-35-1, मोहित शर्मा 4-0-36-1

# कोहली की पारी से पंजाब पस्त

**बेंगलुरू, एजेंसी**

- पंजाब किंग्स की ओर से कप्तान शिखर धवन ने सर्वाधिक 45 रनों का योगदान दिया
- आरसीबी के लिए मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने दो दो विकेट झटके
- आरसीबी के विराट कोहली को पारी की पहली ही गेंद पर मिला था जीवनदान

विराट कोहली के आक्रामक अर्धशतक की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने होली के दिन सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर जीत के रंग बिखेरते हुए पंजाब किंग्स को आईपीएल के रोमांचक मैच में सोमवार को चार विकेट से हरा दिया। जीत के लिये 177 रन का लक्ष्य आरसीबी ने चार गेंद बाकी रहते हासिल किया। कोहली ने 49 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 77 रन बनाये। आरसीबी को आखिरी 24 गेंद में 47 रन की जरूरत थी जब दिनेश कार्तिक ने दस गेंद में नाबाद 28 और 'इंपैक्ट प्लेयर' महिपाल लोमरोर ने आठ गेंद में नाबाद 17 रन बनाये। कार्तिक ने फिनिशर की भूमिका बखूबी निभाते हुए हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह को छक्के जड़कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।



विरोट कोहली

कोहली को अपनी पारी की पहली ही गेंद पर जीवनदान मिला और उसके बाद 33 के स्कोर पर भी वह बाल बाल बचे। दोनों बाद गेंदबाज सैम कुरेन थे। पहले ओवर में कैच छूटने के बाद उन्होंने कुरेन को तीन और चौके जड़कर 16 रन निकाले। उन्होंने कैगिसो रबाडा को चौका और लेग स्पिनर राहुल चाहर को भी छक्का लगाया। आरसीबी के दूसरे बल्लेबाजों को जहां रबाडा और स्पिनर हरप्रीत बरार ने परेशान किया, वहीं कोहली ने खुलकर शॉट लगाये। बरार ने चार ओवर में सिर्फ 13 रन देकर दो विकेट लिये। कोहली को हर्षल पटेल ने थर्डमैन पर बरार के हाथों लपकवाया। इससे पहले कप्तान शिखर धवन और जितेश शर्मा की उपयोगी पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने चिन्नास्वामी स्टेडियम की उछाल लेती पिच पर छह विकेट पर 176 रन बनाये। धवन ने 37 गेंद में 45 रन बनाये जबकि जितेश ने 20 गेंद में 27 रन की पारी खेली। प्रभसिमरन सिंह ने 17 गेंद में 25 रन बनाये। आरसीबी ने हरी भरी पिच पर टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था।

आरसीबी के लिये मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने दो दो विकेट लिये। पंजाब की शुरूआत खराब रही और जॉनी बेयरस्टो जल्दी आउट हो गए। पिछले साल विश्व कप से यहां चला आ रहा उनका खराब फॉर्म जारी रहा। सिराज की गेंद पर खराब शॉट खेलकर वह कवर्स में विराट कोहली को कैच दे बैठे। पहला विकेट 17 रन पर गंवाने के बाद धवन और प्रभसिमरन ने 38 गेंद में 55 रन जोड़े। धवन काफी सहज होकर खेलते नजर आये और ढीली गेंदों को नसीहत भी दी। उन्होंने बायें हाथ के स्पिनर मयंक डागर की गेंद पर लांग आन में छक्का जड़ा। प्रभसिमरन ने कैमरन ग्रीन को मिडविकेट पर फ्लिक शॉट खेलकर छक्का लगाया। खतरनाक होती इस साझेदारी को मैक्सवेल ने तोड़ा जब प्रभसिमरन उन्हें पूल शॉट खेलने आगे निकले और अनुज रावत ने विकेट के पीछे उनका कैच लपक लिया। रावत ने 12वें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन का भी कैच लपका और इस बार गेंदबाज अलजारी जोसेफ थे। अगली गेंद पर पंजाब को सबसे बड़ा झटका धवन के विकेट के रूप में मिला।

वह मैक्सवेल को ऊंचा शॉट खेलने के प्रयास में लांग आन पर कोहली को कैच दे बैठे। पंजाब का स्कोर इस समय 12.1 ओवर में चार विकेट पर 98 रन था। इसके बाद जितेश ने डागर को लगातार दो छक्के लगाये। उन्होंने सैम कुरेन के साथ पांचवें विकेट के लिये 34 गेंद में 52 रन जोड़कर टीम को 150 रन के पार पहुंचाया। शशांक सिंह ने जोसेफ के आखिरी ओवर में 20 रन निकाले।

### पंजाब 176/6
20 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धवन का कोहली बो मैक्सवेल | 45 | 37 | 5/1 |
| जॉनी बेयरस्टो का कोहली बो सिराज | 08 | 06 | 2/0 |
| प्रभसिमरन सिंह का रावत बो मैक्सवेल | 25 | 17 | 2/2 |
| लियाम लिविंगस्टोन का रावत बो जोसेफ | 17 | 13 | 1/1 |
| सैम कुरेन का रावत बो दयाल | 23 | 17 | 3/0 |
| जितेश शर्मा का रावत बो सिराज | 27 | 20 | 1/2 |
| शशांक सिंह नाबाद | 21 | 08 | 1/2 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी** : सिराज 4-0-26-2, ग्रीन 2-0-19-0, दयाल 4-0-23-1, जोसेफ 4-0-43-1, डागर 3-0-34-0, मैक्सवेल 3-0-29-2

### बेंगलोर 178/6
19.2 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली का बरार बो पटेल | 77 | 49 | 11/2 |
| फाफ डु प्लेसी का कुरेन बो रबाडा | 03 | 07 | 0/0 |
| कैमरन ग्रीन कर शर्मा बो रबाडा | 03 | 05 | 0/0 |
| रजत पाटीदार बो बरार | 18 | 18 | 1/1 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो बरार | 03 | 05 | 0/0 |
| अनुज रावत पगबाधा बो कुरेन | 11 | 14 | 1/0 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 28 | 10 | 3/2 |
| महिपाल लोमरोर नाबाद | 17 | 08 | 1/1 |

**गेंदबाजी** : कुरेन 3-0-30-0, अर्शदीप 3.2-0-40-0, रबाडा 4-0-23-2, बरार 4-0-13-2, पटेल 4-0-45-1, चाहर 1-0-16-0

## खेल डायरी

### बोपन्ना-एब्डेन मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोप्पाना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने यहां एक संघर्ष पूर्ण मुकाबले में ह्यूगो निस और जान ज़िलिंस्की को हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सोमवार की रात खेले गए एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में मोनेगास्क के निस और पोलैंड के ज़िलिंस्की को 7-5, 7-6 (3) से पराजित किया। यह मुकाबला एक घंटा 39 मिनट तक चला।

### साथियान विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर पहुंचे

**नयी दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान पिछले सप्ताह बेरूत में खेली गई प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के दम पर मंगलवार को जारी विश्व रैंकिंग में 43 पायदान की छलांग लगाकर 60वें स्थान पर पहुंच गए जबकि महिला वर्ग में खिताब जीतने वाली श्रीजा अकुला अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 40वीं रैंकिंग पर पहुंच गई है। साथियान हाल में रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए थे। बेरूत में खिताब जीतने पर उन्हें 125 अंक मिले।

### एसीसी ने महिला एशिया कप का कार्यक्रम किया जारी

**नयी दिल्ली।** एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने मंगलवार को महिला टी-20 एशिया कप का कार्यक्रम जारी कर दिया है। श्रीलंका के दांबुला में 19 जुलाई से शुरु टूर्नामेंट 28 जुलाई तक चलेगा। इस बार श्रीलंका की महिला टीम एशिया कप में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। महिला टी-20 एशिया कप में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बंगलादेश, संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, नेपाल और थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। कार्यक्रम के अनुसार 26 जुलाई को दोनों सेमीफाइनल खेले जायेंगे। वहीं फाइनल मुकाबला 28 जुलाई को होगा।

# लीग में पहली जीत की तलाश में एक दूसरे से भिड़ेंगे मुंबई और हैदराबाद

**हैदराबाद, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने शुरुआती मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा और बुधवार को जब यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य जीत दर्ज करके खाता खोलना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस की शुरुआत हमेशा की तरह अच्छी नहीं रही। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में जीत की स्थिति में होने के बावजूद आखिर में उसे हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में हालांकि जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी, डेवाल्ड ब्रेविस की प्रभावशाली पारी और शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा का उपयोगी योगदान उसके लिए सकारात्मक पहलू रहे।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी , नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड, सूर्यकुमार यादव।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रैविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसन, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिक क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी. नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मारकंडे, उपेन्द्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतीश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह, जाथवेध सुब्रमण्यन। **मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।**

मुंबई को एक समय 36 गेंद पर 48 रन की जरूरत थी और उसके सात विकेट बचे हुए थे लेकिन वह इसे हासिल नहीं कर पाया जो टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय होगा। पहली बार मुंबई की कप्तानी कर रहे हार्दिक पंड्या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन उनकी यह रणनीति नहीं चल पाई। उन्हें इस पर फिर से विचार करना होगा क्योंकि पिछले साल गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए उन्होंने ऊपरी क्रम में अच्छा प्रभाव छोड़ा था। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन केवल चार गेंद का सामना कर पाए थे और अब टीम को उनसे अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी।

## शाकिब अल हसन की दूसरे टेस्ट के लिए टीम में वापसी

**सिलहट (बांग्लादेश)।** ऑल राउंडर शाकिब अल हसन को आंख की समस्या के बाद फिट पाये जाने के बाद शनिवार को चटगांव में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम में शामिल किया गया। बांग्लादेश पहला टेस्ट चार दिन में 328 रन से हार गया था। शाकिब नवंबर में भारत में हुए विश्व कप के बाद से राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं। उन्होंने 82 रन बनाये और दो विकेट लिये थे, जिससे टीम ने श्रीलंका को हरा दिया था। लेकिन उनके बायें हाथ की तर्जनी उंगली चोटिल हो गयी थी और नजर संबंधित समस्या का भी पता चला था। वह फिट होने के बाद पिछले दो महीनों से बांग्लादेश में और ढाका प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं।


# भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला 22 नवंबर से

**मेलबर्न, एजेंसी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला 22 नवंबर को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया अमूमन अपने सत्र का पहला टेस्ट मैच एडिलेड ओवल में खेलता रहा है लेकिन भारत के खिलाफ वहां दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा जो 6 से 10 दिसंबर तक चलेगा। यह दिन रात्रि मैच होगा। तीसरा टेस्ट मैच 14 से 18 दिसंबर के बीच ब्रिस्बेन में खेला जाएगा जबकि मेलबर्न हमेशा की तरह 26 से 30 दिसंबर के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। सिडनी में नए साल पर 3 से 7 जनवरी के बीच पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अगली गर्मियों के लिए अपने क्रिकेट कार्यक्रम की घोषणा की। भारत के खिलाफ श्रृंखला इसका हिस्सा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा कि पर्थ को पहले टेस्ट की मेजबानी का अधिकार देने के पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक इसका दोनों देशों के दर्शकों के लिए अनुकूल प्रसारण क्षेत्र का होना है। उन्होंने कहा, ''हमारी राष्ट्रीय टीम की स्पष्ट सलाह है कि टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत उन स्थानों पर की जानी चाहिए जहां वे अधिक सहज हों तथा पर्थ और ब्रिस्बेन इस तरह के स्थान हैं।'' इससे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को घोषणा की थी कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली यह श्रृंखला पांच टेस्ट मैच की होगी।

## बॉलीवुड हलचल

# कृष 4 की तैयारी शुरू करने वाले हैं एक्टर ऋतिक रोशन



**मुंबई, एजेंसी।** ऋतिक रोशन की सुपरहीरो थ्रिलर फिल्म कृष 4 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस फ्रैंचाइजी की पिछली तीन फिल्में कोई मिल गया, कृष और कृष 3 सुपरहिट रही थीं, जिन्हें फिल्ममेकर राकेश रोशन ने डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया था। अब खबरों की मानें तो राकेश रोशन ने इस फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं, जो एडवांस स्टेज पर हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार ऋतिक रोशन अपने पिता राकेश रोशन के साथ मिलकर इस समर, कॉन्सेप्ट, स्क्रिप्ट और अन्य सेगमेंट का काम शुरू करेंगे। फिलहाल ऋतिक अपनी अपकमिंग सीक्वल फिल्म वॉर 2 की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। फिल्म की शूटिंग खत्म होते ही वो कृष 4 की तैयारी में जुटेंगे। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से आगे लिखा गया है कि ऋतिक और राकेश रोशन आइडिया और स्क्रिप्टिंग इसी साल पूरी करने की तैयारी में हैं। इसके बाद दोनों अगले साल इसकी शूटिंग शुरू करेंगे। फिलहाल फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म के लिए कई अलग-अलग स्क्रिप्ट्स और आइडिया तैयार किए गए हैं। बस अब उन्हें सही स्टोरी और आइडिया चुनना है। कृष फ्रैंचाइजी की शुरुआत साल 2003 की फिल्म कोई मिल गया से हुई थी, जिसमें प्रीति जिंटा, ऋतिक रोशन, रेखा ने अहम किरदार निभाया था। इसके 3 साल बाद फिल्म का स्पिन ऑफ सीक्वेंस कृष रिलीज किया गया था।



# ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय ने टाइगर को दी मजेदार सलाह

**मुंबई, एजेंसी।** टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी एक वक्त पर बॉलीवुड का पावर पैक्ड कपल माना जाता था। लेकिन दोनों का ब्रेकअप हो गया और वह अपनी-अपनी लाइफ में व्यस्त हो गए। इसके बाद दिशा को अक्सर एक शख्स के साथ देखा जाता था जो कथित तौर पर उनके बॉयफ्रेंड थे। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि टाइगर और दिशा दोबारा साथ आ गए हैं। इसका अंदाजा दोनों की होली मस्ती को देखकर लगाया जा रहा है। इसी बीच फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय कुमार ने टाइगर को ऐसी सलाह दी है, जिससे लोगों को एक और हिंट मिल गया है।26 मार्च को दोपहर में अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट था। जिसमें फिल्म की स्टार कास्ट और डायरेक्टर सब थे। अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और अलाया का अलग अंदाज देखने को मिला। इस इवेंट का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें अक्षय, टाइगर को हिंट देते नजर आ रहे हैं। अक्षय वीडियो में कहते दिख रहे हैं, "मैं टाइगर से ये कहना चाहूंगा कि हमेशा एक ही दिशा में रहा करो।" एक्टर की बात सुनकर सभी हंसने लगे। फिर अक्षय ने जाकर टाइगर को गले लगाया।

# शादी की बात पर मां ने घर से निकाल देने की दी थी धमकी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानी मानी डायरेक्टर और कोरियोग्राफर फराह खान एक फिल्मी परिवार में पली-बढ़ीं लेकिन उनका परिवार उस तरह का नहीं था, जहां उन्हें सब कुछ चांदी की थाली में परोसा जाता था। फराह ने कम उम्र में ही काम करना शुरू किया और जल्द ही, उन्हें एक कोरियोग्राफर के रूप में पहचान मिली। हाल ही में एक इंटरव्यू में फराह ने कहा कि उनका परिवार कई अन्य लोगों से अलग है क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि बिना अपने पैरों पर खड़े हुए मैं शादी करूं। फराह ने कहा कि वह काम को लेकर सीरियस थीं और 20 साल की उम्र में, शादी और बच्चे उनके ख्याल में भी नहीं था, लेकिन 22 साल की उम्र में एक बार उनके मन में शादी का ख्याल आया था जब उनके परिवार ने उन्हें ऐसा न करने की सलाह दी थी। फराह ने कहा "शादी मेरे दिमाग में बिल्कुल नहीं थी। मुझे लगता है कि 22 साल या उसके आसपास की उम्र में मैंने सोचा था कि मैं शादी कर लूंगी लेकिन मेरा परिवार अजीब है। वे एकत्र हुए और उन्होंने कहा कि अगर तुमने जीवन में कुछ भी किए बिना इतनी कम उम्र में शादी कर ली तो हम तुम्हें घर से बाहर निकाल देंगे। इसलिए वे सामान्य माता-पिता जो करते हैं उसके बिल्कुल विपरीत थे।" फराह ने कहा, "मेरी माँ ने कहा कि मैं तुम्हें घर से बाहर निकाल दूंगी। शादी से तुम्हें खुद को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना होगा।" फराह ने कहा कि शिरीष कुंदर से मिलने से पहले उन्होंने कभी शादी के बारे में सोचा भी नहीं था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# समाचार प्रकाशन के खिलाफ प्री-ट्रायल निषेधाज्ञा गलत, शीर्ष कोर्ट ने पलटा आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



● अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समूह ब्लूमबर्ग से जुड़ी अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

अभिव्यक्ति की आजादी के मामले में सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ ने अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समूह ब्लूमबर्ग से जुड़ी अवमानना याचिका पर फैसला सुनाया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने कहा, अदालतों को असाधारण मामलों को छोड़कर किसी समाचार लेख के प्रकाशन के खिलाफ एकपक्षीय निषेधाज्ञा नहीं देना चाहिए।

अदालत ने साफ किया कि लेखक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार और जनता के जानने के अधिकार पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इस टिप्पणी के साथ शीर्ष अदालत ने देश की मशहूर मीडिया समूह के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक समाचार लेख का प्रकाशन रोकने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को भी निरस्त कर दिया।

अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समूह ब्लूमबर्ग पर जी एंटरटेनमेंट के खिलाफ अपमानजनक लेख लिखने का आरोप है। निचली अदालत ने लेख को हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन शीर्ष अदालत ने कहा कि सामग्री के प्रकाशन के खिलाफ निषेधाज्ञा मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद ही दी जानी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा, किसी लेख के प्रकाशन के खिलाफ 'प्री-ट्रायल निषेधाज्ञा' जैसे आदेश से लेखक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जनता के जानने के अधिकार पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। कोर्ट में तीन जजों की पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे।

अदालत ने कहा कि निषेधाज्ञा, विशेष रूप से एकपक्षीय नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने साफ किया कि जिस सामग्री का प्रकाशन प्रतिबंधित करने की मांग की गई है, वह 'दुर्भावनापूर्ण' या 'स्पष्ट रूप से झूठी' है, यह साबित हुए बिना निषेधाज्ञा का आदेश नहीं दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि दूसरे शब्दों में मुकदमे का ट्रायल शुरू होने से पहले लापरवाही से अंतरिम निषेधाज्ञा जैसे आदेश 'सार्वजनिक बहस का गला घोंटने की तरह' हैं।

# मोदी ने की बेल्जियम के पीएम से फोन पर बात, मुद्दों पर चर्चा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बेल्जिम समकक्ष अलेक्जेंडर डी क्रू से फोन पर बात की है। इस दौरान दोनों शीर्ष नेताओं के बीच पश्चिम एशिया में शांति, सुरक्षा की बहाली और रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि फोन पर बातचीत के दौरान, पीएम मोदी ने पिछले सप्ताह ब्रुसेल्स में पहले परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के लिए डी क्रू को भी बधाई दी। फोन पर बातचीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट साझा किया। जिसमें उन्होंने लिखा, बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू से बात की।

# टेक दिग्गज गूगल ने 22 लाख यूट्यूब वीडियो किए डलिीट

*टेक दिग्गज गूगल का कहना है कि कंपनी ने अपनी नीतियों का उल्लंघन करने के लिए 22.5 लाख से अधिक यूट्यूब वीडियो को प्लेटफार्म से हटा दिया है। गूगल ने पिछले साल अक्टूबर से दिसंबर के बीच यह कार्रवाई की है। इससे पहले, कंपनी ने अप्रैल और जून के बीच नीतियों का उल्लंघन करने के लिए भारत में अपने प्लेटफॉर्म से 20 लाख से अधिक वीडियो को हटाए थे। गूगल ने बताया है कि उल्लंघन के आरोप में वीडियो हटाने की सूची में अमेरिका और रूस जैसे देशों को पछाड़ते हुए भारत शीर्ष पर रहा है।*

● गूगल ने कहा कि हमने पिछले एक साल में करीब 12 हजार करोड़ रुपये के स्कैम भी रोके हैं। कंपनी के अनुसार, गूगल पे पर हमने लोगों को उनकी पसंदीदा भाषा में संदिग्ध लेनदेन के बारे में तुरंत अलर्ट किया और धोखाधड़ी के प्रयासों को तुरंत रोक दिया। इसकी वजह से पिछले साल अकेले गूगल पे ने 12 हजार करोड़ रुपये के घोटाले रोके हैं।

## नीतियों का उल्लंघन करने पर हुई कार्रवाई



गूगल ने कहा कि इन वीडियो को नीतियों का उल्लंघन करने पर डिलीट किया गया है। गूगल के अनुसार, अक्टूबर और दिसंबर 2023 में दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के लिए भारत में उत्पन्न होने वाले लगभग 22 लाख वीडियो हटाए हैं। इससे पहले, कंपनी ने अप्रैल और जून 2023 के बीच नीतियों का उल्लंघन करने के लिए भारत में अपने प्लेटफॉर्म से 20 मिलियन से अधिक वीडियो को हटाया था। ग्लोबल स्तर पर, वीडियो-स्ट्रीमिंग दिग्गज ने इसी अवधि के दौरान नियम उल्लंघन के लिए 6.48 मिलियन से अधिक वीडियो को हटाया था।

## गूगल ने विश्वभर के देशों के 90 लाख वीडियो हटाए

यूट्यूब के आंकड़ों के अनुसार, 12 लाख से अधिक वीडियो हटाते हुए सिंगापुर इस सूची में दूसरे स्थान पर और अमेरिका लगभग आठ लाख वीडियो हटाते हुए तीसरे स्थान पर है। इंडोनेशिया लगभग सात लाख वीडियो हटाने के साथ चौथे स्थान पर है, जबकि रूस में पांच वीडियो हटाए गए हैं। वैश्विक स्तर पर 2023 की चौथी तिमाही के दौरान यूट्यूब ने अपने सामुदायिक मानदंडों का उल्लंघन करने के कारण 90 लाख से अधिक वीडियो हटा दिए। इनमें से 96 प्रतिशत से अधिक वीडियो के बारे में लोगों के बजाय मशीनों के जरिये जानकारी मिली। वीडियो को हानिकारक या खतरनाक सामग्री, बाल सुरक्षा, हिंसक या ग्राफिक सामग्री, नग्नता और यौन सामग्री, गलत सूचना और अन्य सामुदायिक मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए हटा दिया गया था।

## एक नजर

### म्यांमार में अभय ठाकुर नए राजदूत के रूप में संभालेंगे कमान

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ राजनयिक अभय ठाकुर को म्यांमार में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान में विदेश मंत्रालय में विशेष कार्याधिकारी के तौर पर कार्यरत हैं। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार बताया है कि, भारतीय विदेश सेवा (आईएफएफ) के 1992-बैच के अधिकारी ठाकुर ने भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान जी20 प्रक्रिया के सूस-शेरपा के रूप में कार्य किया था। विदेश मंत्रालय ने कहा, अभय ठाकुर को म्यांमार संघ गणराज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है, जो जो वर्तमान में मंत्रालय में विशेष कार्याधिकारी हैं।

### भारतीय मूल के प्रख्यात गणितज्ञ डॉ. टी एन सुब्रमण्यम का निधन

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के प्रख्यात गणितज्ञ डॉ. टी एन सुब्रमण्यम, जो अमेरिकी ऑटो दिग्गज जनरल मोटर्स के संस्थापक और निदेशक थे, 26 मार्च मंगलवार को 76 वर्ष की उम्र में उनका का निधन हो गया। सुब्रमण्यम 1979 में अमेरिका चले गए। भारत और अमेरिका में अकादमिक क्षेत्र में प्रसिद्ध थे। वह अपने पीछे गणित की दुनिया के लिए गणितीय मॉडल और सिद्धांतों की एक समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। उन्हें जनरल मोटर्स द्वारा जीएम कारों के लिए गणितीय मॉडल बनाने के लिए काम पर रखा गया था। बाद में, उन्होंने ऑटोमोटिव विनिर्माण कंपनी के लिए रूट वन कंपनी की स्थापना की, जो सभी जीएम कारों और जीपीएस सिस्टम के लिए ऑटो-फाइनेंसिंग संभालती है।

### लद्दाख के लोगों से किए वादे पूरे करें पीएम मोदी : सोनम वांगचुक

**लेह।** लद्दाख को राज्य का दर्जा दिए जाने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर अनशन पर बैठे शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लोगों से किए वादे पूरा करने की अपील की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए एक वीडियो में कमजोर दिख रहे वांगचुक ने लद्दाख के लोगों से राष्ट्र हित में इस बार बहुत सावधानीपूर्वक अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का आह्वान किया। उनके अनशन को मंगलवार को 21 दिर पूरे हो गए। वांगचुक लेह में छह मार्च से शून्य से नीचे तापमान में जलवायु अनशन कर रहे हैं।

### अमेरिका:ट्रैफिक रोकने पर पुलिस अधिकारी को मारी गोली, मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी। घायल पुलिस अधिकारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों को मृत घोषित कर दिया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि यह एक बेहद दर्दनाक घटना है। पुलिस ने बताया कि अधिकारियों ने जवाबी गोलीबारी की और गाड़ी में सवार एक व्यक्ति को घायल कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि घायल अधिकारी को क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया, जहां पुलिस अधिकारी की मौत हो गई।

# हर देश को राष्ट्रीय संप्रभुता बनाए रखने का अधिकार: एस जयशंकर

## द.चीन सागर में फिलीपींस से विवाद के बीच चीन को दो टूक- भारत करेगा फिलीपींस की मदद

मनीला, एजेंसी

दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ फिलीपींस के विवाद के बीच भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी है। जयशंकर ने कहा कि भारत अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने में फिलीपींस का समर्थन करता है।

जयशंकर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मनीला में फिलीपींस के विदेश मंत्री एनरिक मनालो के साथ उनकी बहुत अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि मैं अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता बनाए रखने के लिए फिलीपींस को भारत के समर्थन को मजबूती से दोहराता हूं।

उन्होंने इंडो-पैसिफिक, दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान), पश्चिम एशिया, यूक्रेन, गुट निरपेक्ष आंदोलन और संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने कहा कि हम अपना सहयोग बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

उन्होंने कहा मैं इस अवसर पर फिलीपींस की राष्ट्रीय संप्रभुता को बनाए रखने के लिए भारत के समर्थन को दोहराता हूं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे दुनिया बदल रही है। यह जरूरी है कि भारत और फिलीपींस उभरते मॉडल को आकार देने में अधिक निकटता से सहयोग करें। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रत्येक देश को अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हमने इस पर भी चर्चा की है। जयशंकर ने कहा कि हाल ही में भारत और फिलीपींस के बीच द्विपक्षीय संबंधों में बहुत उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।



फिलीपींस में मंगलवार को द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करते विदेश सचिव एनरिक मनालो और जयशंकर।

### जयशंकर-एनरिक मनालो के बीच हुई बातचीत

जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि फिलीपींस के विदेश मंत्री एनरिक मनालो के साथ गर्मजोशी भरी बातचीत हुई। जयशंकर ने कहा कि इस बैठक में राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा और समुद्री सहयोग, व्यापार और निवेश, बुनियादी ढांचा, विकास सहयोग, शिक्षा, डिजिटल, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और वाणिज्य क्षेत्र में संबंधों को आगे बढ़ाने पर व्यापक चर्चा हुई।

### फिलीपींस के समर्थन को लेकर भारत पर बौखलाया चीन

फिलीपींस के साथ चल रहे समुद्री सीमा विवाद को लेकर चीन ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने भारत से दक्षिण चीन सागर पर चीन के संप्रमुभता के दावों का सम्मान करने की अपील भी की है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि समुद्री विवाद संबंधित देशों के बीच का मुद्दा है और कोई भी तीसरा पक्ष इसमें हस्तक्षेप करने की स्थिति में नहीं है। हम संबंधित पक्ष से दक्षिण चीन सागर के मुद्दों के तथ्यों का सामना करने, चीन की संप्रभुता और समुद्री हितों और दक्षिण चीन सागर में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय देशों द्वारा किए गए प्रयासों का सम्मान करने का आग्रह करते हैं।

# अमेरिका ने जासूसी के लिए चीनी कंपनियों पर लगाये प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने चीनी सरकार पर एक व्यापक साइबर जासूसी अभियान चलाने का आरोप लगाया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि चीन की साइबर जासूसी से वैश्विक स्तर पर लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। इसने अमेरिकी अधिकारियों, राजनेताओं और कई अन्य लोगों को निशाना बनाया है। इस कारण चीनी कंपनी एडवांस्ड पर्सिस्टेंट थ्रेट 31 पर प्रतिबंध लगाए गए हैं।

यूएस सरकार पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) से जुड़े इस एपीटी 31 के खिलाफ कई कार्रवाई कर रही है। इसके जाल में अब तक अमेरिकी अधिकारियों, राजनेताओं सहित कई लोग फंस चुके हैं। साथ ही विभिन्न अमेरिकी आर्थिक और रक्षा संस्थाओं और अधिकारियों, विदेशी लोकतंत्र कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और सरकारी अधिकारियों को भी निशाना बना चुका है। अमेरिकी विदेश विभाग ने सात पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) हैकरों के खिलाफ आपराधिक आरोपों की घोषणा की है। कई संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। झाओ, नी और वुहान जियाओरुइज़ी साइंस एंड टेक्नोलॉजी कंपनी, लि. पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की।

# पश्चिमोत्तर पाक में आत्मघाती हमला, चीन के 6 लोगों की मौत

पेशावर, एजेंसी

चीन के बेहद करीबी माने जाने वाले देश पाकिस्तान में मंगलवार को आत्मघाती बम हमले में छह चीनी नागरिकों की मौत हो गई।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसा, घटना उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में आत्मघाती हमलावर के चीनी नागरिकों के काफिले पर अटैक कर दिया, जिसमें भयानक विस्फोट हो गया और छह की मौत हो गई। हमले में कितने लोग घायल हुए हैं फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है।

क्षेत्रीय पुलिस प्रमुख मोहम्मद अली ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे एक वाहन से चीनी इंजीनियरों के एक काफिले को टक्कर मारी। सभी चीनी इंजीनियर इस्लामाबाद से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दासू में अपने शिविर जा रहे थे। मोहम्मद अली ने कहा, हमले में छह चीनी नागरिक और उनके पाकिस्तानी ड्राइवर मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि दासू में प्रमुख बांध हैं और इस क्षेत्र में पहले भी इस तरह के हमले हो चुके हैं। साल 2021 में एक बस में हुए विस्फोट में नौ चीनी नागरिकों समेत 13 लोगों की मौत हो गई थी।

### दूसरे सबसे बड़े एयरबेस पर हमला, 4 आतंकी ढेर

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में आतंकियों ने सोमवार रात तुर्बत अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट और नौसेना एयरबेस पर हमले का प्रयास किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने नौसेना एयरबेस में हमले को नाकाम करते हुए चार आतंकियों को मार गिराया। वहीं, हमले में सिद्दीक एयरबेस को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि जब आतंकियों ने बलूचिस्तान के तुर्बत जिले में नौसैनिक सुविधा में घुसने की कोशिश की तो उन्हें तुरंत पहचान लिया गया और मार दिया गया। हालांकि, पाकिस्तानी सेना ने इस घटना पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है। शुरुआती रिपोर्ट में बताया गया था कि सोमवार की रात आतंकवादियों ने तुर्बत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीयूके) और पाकिस्तान के दूसरे सबसे नौसेना एयर स्टेशन पीएनएस सिद्दीक पर हमला कर दिया। दोनों सुविधाओं के पास भारी गोलीबारी और विस्फोट होने की सूचना थी।

## अभ्यास करते सैनिक...



**श्रीनगर :** बारामूला संभाग के गुलमर्ग सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनात भारतीय सेना स्की गश्ती दल, जम्मू-कश्मीर पुलिस बचाव दल ने उच्च बर्फ स्तर और खराब मौसम की स्थिति में हिमस्खलन बचाव कार्यों में अपनी असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इस प्रशिक्षण का केंद्र उच्च प्रशिक्षित के सहयोग से है, जो बर्फ के नीचे दबे व्यक्तियों का पता लगाने में माहिर हैं। भारतीय सेना हिमस्खलन बचाव दल के साथ मिलकर काम करते हुए, संभावित हिमस्खलन पीड़ितों की तेजी से पहचान करने और उनका पता लगाने के लिए खतरनाक बर्फ से ढके परिदृश्यों को नेविगेट करते हैं।

# अमेरिका के बाल्टीमोर में जहाज के टकराने से ढहा सबसे लंबा ब्रिज

**बाल्टीमोर, एजेंसी।** बाल्टीमोर का सबसे लंबा फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज मंगलवार सुबह एक बड़े मालवाहक जहाज से टकरा जाने के बाद पानी में ढह गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुल के ढहने से पहले उसमें आग लग गई और कई वाहन नीचे नदी में गिर गए।

जब पुल ढहा तो लगभग सात निर्माण श्रमिक और तीन से चार नागरिक वाहन उस समय ब्रिज पर मौजूद थे। बड़े पैमाने पर हताहत होने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद पुल को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से दोनों दिशाओं में जाने वाली सभी लेन बंद कर दी हैं। घटना स्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

बता दें कि मैरीलैंड के बाल्टीमोर में जो ब्रिज है उसकी लंबाई 1.6 मील (2.57 किमी) है। इसका नाम फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज है। फ्रांसिस स्कॉट की के नाम पर बने इस पुल को 1977 में खोला गया था।

# महिला सशक्तिकरण को लेकर वैश्विक मंच पर मजबूत भारत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

● रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र में रखा मजबूत पक्ष, यूएन ने की तारीफ



महिला सशक्तिकरण को लेकर भारत ने संयुक्त राष्ट्र में प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने इस सम्मेलन में हिस्सा लिया। न्यूयॉर्क स्थित भारतीयों के स्थाई मिशन द्वारा बताया गया कि न्यूयॉर्क में महिलाओं की स्थिति पर 68वें आयोग में भारत द्वारा मजबूत पक्ष रखा गया।

इस सम्मेलन में भारत की ओर रुचिरा कंबोज ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के साथ साथ लैंगिक समानता पर भी अपना मजबूत पक्ष रखा, जिसकी सभी ने खुलकर तारीफ भी की। न्यूयॉर्क स्थित भारतीयों के स्थायी मिशन द्वारा ट्वीट किया गया कि न्यूयॉर्क में महिलाओं की स्थिति पर 68वें आयोग में भारत ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। भारत द्वारा पैनल में अपने विचार रखे गए और सशक्त पहल की गई। इस वैश्विक मंच पर भारत ने लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण का नेतृत्व किया। आगे बताया गया है कि इस बार भारत द्वारा लैंगिग समानता और महिला सशक्तिकरण पर प्रस्तुति दी गई।

**चेतावनी** द्वीपों के लिए बढ़ रहा खतरा, नासा ने जारी की चिंताजनक रिपोर्ट

# अलनीनो ने तेजी से बढ़ाया समुद्र का जलस्तर

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** पिछला वर्ष अलनीनो के नाम रहा। इस दौरान मौसमी बदलाव काफी उतार चढ़ाव पर रहे और शीतकाल लगभग सूखे की भेंट चढ़ गया। इन सबसे परे समुद्र का जलस्तर बढ़ाने में अलनीनो ने बड़ी भूमिका निभाई। नासा ने वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट में चिंताजनक खुलासा किया है।

निःसंदेह वैश्विक ताप समुद्री तटों को निगलने में लगा हुआ है। ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। जिसका असर समुद्र के जलस्तर में पड़ना स्वाभाविक है। यह सूचना आम इंसान की नजर से भले ही साधारण हो, लेकिन वैज्ञानिकों को बड़ी चिंता में डालने वाली है। नासा के अनुसार समुद्र के स्तर में वृद्धि दुनिया भर के तटीय समुदायों को प्रभावित कर रही है, विशेष रूप से समुद्री द्वीपों लिए, जिनके समुद्र में समा जाने से कतई इंकार नही किया जा सकता। हाल में सक्रिय रहा अलनीनो वैश्विक समुद्र स्तर में तेजी से बढ़ोतरी कर गया। डेटासेट से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर वर्ष 2022-23 के जलस्तर का मापन किया गया। जिससे पता चला कि इस वर्ष 0.3 इंच समुद्र के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। पिछले आंकड़ों की तुलना में यह जलस्तर बहुत तेजी से बड़ा है। जिसकी वजह अलनीनो की सक्रियता रही। नासा के नेतृत्व में यह विश्लेषण समुद्र स्तर के डेटासेट पर आधारित है। जिसमें 30 से अधिक वर्षों के उपग्रह के आंकड़े शामिल किए गए।



समुद्र तट से सटे होनोलूलू द्वीप शहर की तस्वीर।

### 30 वर्ष में 9.4 सेमी बढ़ा समुद्र का जलस्तर

नासा के मुताबिक 1993 के बाद से 23 के बीच वैश्विक औसत समुद्र स्तर में 9.4 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। वृद्धि की दर हाल के वर्षों में अधिक रही है। 1993 में 0.07 इंच (0.18 सेंटीमीटर) आंकी की गई थी। जिसकी तुलना में अब लगभग दोगुनी से भी अधिक होकर हो चुकी है। वर्तमान दर 0.17 इंच (0.42 सेंटीमीटर) प्रति दर्ज की गई है। नासा की समुद्र स्तर परिवर्तन टीम और वाशिंगटन मे महासागर भौतिकी कार्यक्रम के सामुहिक शोध में यह खुलासा हुआ है।

# हमास ने युद्धविराम के नए प्रस्ताव को किया खारिज

**यरूशलम।** हमास ने इजराइल पर नए युद्धविराम प्रस्ताव की प्रमुख मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए खारिज कर दिया है। इस प्रस्ताव में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने को कहा गया था।

चरमपंथी समूह ने कहा कि उसने मध्यस्थों को सूचित किया है कि वह अपनी मूल स्थिति पर कायम है, जिसे मार्च की शुरुआत में बताया गया था। इसमें कहा गया है कि इजराइल ने 'व्यापक युद्धविराम, गाजा से (बंधकों की) वापसी, विस्थापित लोगों की वापसी और वास्तविक कैदियों की अदला-बदली' की उसकी मूल मांगों का जवाब नहीं दिया है। हमास के बयान से कुछ समय पहले ही संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में बंदी बनाए गए सभी लोगों की रिहाई और तत्काल युद्धविराम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस संबंध में इजराइल-अमेरिका के बीच गतिरोध पैदा हो गया।

# भारत का उद्देश्य शांति-सद्भावना को बढ़ाना

जिनेवा, एजेंसी

● जिनेवा में आईपीयू के सम्मेलन में बोले राज्यसभा के उपसभापति



जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 148वीं सभा में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने शिरकत की। हरिवंश ने सम्मेलन में कहा कि बढ़ती परस्पर निर्भरता और परस्पर जुड़ाव के युग में दुनिया को कई अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

संसदीय कूटनीति इन जटिल चुनौतियों का समाधान करते हुए राष्ट्रों के बीच सहयोग और शांति को बढ़ावा देने का एक अवसर प्रदान करती है। हरिवंश ने कहा कि भारत क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संसदीय भागीदारी को बढ़ावा देने में विश्वास करता है और अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करके क्षमता निर्माण में अन्य देशों की मदद करने के लिए भी तैयार है। गौरतलब है कि पहले सेशन के दौरान पाकिस्तान को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने भारत के खिलाफ लगातार की जा रही बेतुकी बयानबाजी को खारिज किया।

सम्मेलन के दूसरे भाग के दौरान में हरिवंश नारायण सिंह ने संसदीय कूटनीतिः अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए पुलों का निर्माण विषय पर सम्मेलन को संबोधित किया। हरिवंश ने दूर-दूर तक शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए प्राचीन भारतीय इतिहास का जिक्र भी किया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने उन्होंने जी20 और पी30 सम्मेलनों की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला, जो 'वसुधैव कुटुम्बकम' के प्राचीन दर्शन पर आधारित थे। उन्होंने भारत को 'लोकतंत्र की जननी' बताते हुए कहा कि भारत में प्राचीन काल से विचार-विमर्श और सलाहकार निकाय काम करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 220 ईसा पूर्व सम्राट अशोक ने शांति और अहिंसा का संदेश फैलाने के लिए भारत से दक्षिण-पूर्व एशिया में कई राजदूत भेजे। इसके अलावा, 48 ईस्वी में, अयोध्या की राजकुमारी राजनयिक संबंध स्थापित करने के लिए दक्षिण कोरिया गईं और वहां राजकुमार से शादी की। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' (एक पृथ्वी, एक परिवार) भारतीय सभ्यता का मूल है जो भारत की जी-20 अध्यक्षता का विषय भी था। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में इस बहस के आज के विषय यानी अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए पुलों का निर्माण को दर्शाता है।